माघ कृष्ण पक्ष पंचमी 11:36 उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2080
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली, बुधवार, 31 जनवरी 2024
वर्ष 5, अंक 74, पृष्ठ 14
मूल्य 6 रुपये
2 राज्य, 6 संस्करण

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार



www.amritvichar.com

अपनी ही आकाशगंगा को खा रहा यह ब्लैक होल 14 | मुसाफिरा से बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं स्मृति सिन्हा 13

## तेजस्वी से ईडी ने 8 घंटे की पूछताछ, 60 सवाल दागे

पटना, एजेंसी

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव के रेल मंत्री रहते नौकरी के बदले जमीन घोटाले में उनके पुत्र और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव से मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने करीब आठ घंटे तक पूछताछ की। ईडी के समन के बाद तेजस्वी पूर्वाह्न 11:30 बजे पटना स्थित ईडी कार्यालय पहुंचे। ईडी के 12 अफसरों की टीम ने पूछताछ शुरू की, जो लगभग आठ घंटे तक चली। उनसे करीब 60 सवाल किए गए।

तेजस्वी जब बाहर निकले तब पहले से वहां मौजूद उनके समर्थकों ने नारे लगाने शुरू कर दिए। तेजस्वी ने भी पूरे जोश के साथ हाथ हिलाया

जमीन के बदले नौकरी घोटाला



और विक्ट्री साइन दिखाया। इस दौरान ईडी कार्यालय के बाहर उनकी बड़ी बहन राज्यसभा सांसद मीसा भारती और बड़े भाई पूर्व मंत्री तेजप्रताप यादव के अलावा बड़ी संख्या में राजद के विधायक, पूर्व मंत्री और कार्यकर्ता उपस्थित थे। आरोप के अनुसार, लालू प्रसाद यादव ने वर्ष 2004 से 2009 तक केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग के शासनकाल के दौरान रेल मंत्री रहते हुए ग्रुप डी श्रेणी में उम्मीदवारों को दी गई नौकरियों के बदले में अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर भूखंडों का निबंधन कराया था।

### घोटाला मामले में सीबीआई दाखिल करेगी आरोपपत्र

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने मंगलवार को दिल्ली की एक अदालत को अवगत कराया कि वह राजद प्रमुख लालू प्रसाद और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ जमीन के बदले रेलवे में नौकरी घोटाले से जुड़े एक मामले में एक माह के भीतर पूरक आरोपपत्र दाखिल करेगी। केंद्रीय जांच एजेंसी ने विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने के समक्ष यह दलील दी। कहा गया कि अंतिम रिपोर्ट फरवरी के अंत तक दाखिल कर दी जाएगी।

### लापता होने के आरोपों के बीच रांची पहुंचे हेमंत सोरेन

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कई घंटों तक उनके पते ठिकाने को लेकर बने असमंजस के बीच रांची में अपने आधिकारिक आवास पहुंच गए। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा की गई तस्वीरों और वीडियो में बड़ी संख्या में विधायक और मंत्री एक बैठक में हिस्सा लेने से पहले सोरेन का अभिवादन करते नजर आए। मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना सोरेन भी मौजूद रहीं। सोरेन ने ईडी को ईमेल भेजकर सूचित किया था कि वह बुधवार को दोपहर एक बजे अपने आवास पर बयान देने के लिए तैयार हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईडी ने सोरेन के दिल्ली स्थित आवास से 36 लाख रुपये, एक एसयूवी और कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए हैं।

भाजपा नेता की हत्या मामले में केरल की कोर्ट का फैसला

## पीएफआई के 15 सदस्यों को मौत की सजा

अलप्पुझा (केरल), एजेंसी

केरल की एक अदालत ने दिसंबर 2021 में अलप्पुझा जिले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अन्य पिछड़ा वर्ग शाखा के नेता रंजीत श्रीनिवासन की हत्या के मामले में प्रतिबंधित इस्लामी संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़े 15 लोगों को मंगलवार को मौत की सजा सुनाई। अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, मावेलिक्कारा वीजी. श्रीदेवी ने दोषियों को सजा सुनाई। विशेष अभियोजक प्रताप जी. पडिक्कल के अनुसार, मामले में दोषी ठहराए गए कुल 15 व्यक्तियों में से 14 को मंगलवार को अदालत में पेश किया गया था। न्यायाधीश ने मौखिक रूप से कहा कि अस्पताल में भर्ती होने की वजह से एक दोषी को अदालत में पेश नहीं किया जा सका, जिसे पेशी के दौरान सजा सुनाई जाएगी। अदालत ने मामले में 20 जनवरी को 15 लोगों को दोषी ठहराया था।

भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सचिव श्रीनिवासन पर 19 दिसंबर, 2021 को उनके परिवार के सामने पीएफआई और सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया से जुड़े कार्यकर्ताओं ने हत्या कर दी थी।

### सभी प्रशिक्षित हत्यारे थे : अभियोजन पक्ष

अभियोजन पक्ष ने दोषियों के लिए अधिकतम सजा का अनुरोध करते हुए कहा था कि पीएफआई के ये सदस्य एक प्रशिक्षित हत्यारा दस्ते से जुड़े थे और जिस क्रूर तथा वीभत्स तरीके से पीड़ित को उसकी मां, बच्चे और पत्नी के सामने मारा गया वह इसे दुर्लभ से दुर्लभतम की श्रेणी के अपराध के दायरे में लाता है।

### श्रीनिवासन को आज न्याय मिला : भाजपा

अदालत के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के. सुरेंद्रन ने कहा कि श्रीनिवासन को न्याय मिला है। उन्होंने कहा कि आखिरकार सत्य की जीत हुई- महान शहीद रंजीत श्रीनिवासन को आज न्याय मिला... हम फैसले से खुश हैं और इसका तहे दिल से स्वागत करते हैं।

### फैसले से श्रीनिवासन का परिवार संतुष्ट

फैसले पर श्रीनिवासन के परिवार ने कहा कि वे इससे संतुष्ट हैं। श्रीनिवासन की पत्नी ने कहा कि यह एक असाधारण दुर्लभ मामला था और हमारा नुकसान बहुत बड़ा है। हम घटना की गहन और ईमानदार जांच करने के लिए अभियोजन और जांच अधिकारियों के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हैं।

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
₹ 5/-
प्रतिदिन

7 DAYS OPEN
MONTE CARLO
Sale Start
20% to 50%
वास्तविक छूट
वैवाहिक साड़ियाँ, सिल्क साड़ियाँ, लहंगा चुन्नी, डिजाईनर लेडीज सूट, पशमीना शाल, रेडीमेड गारमेन्ट्स, वूलन्स, लेडीज कोट, जैकिट एण्ड ट्रैक सूट, फुटवियर, जेन्ट्स एण्ड किड्स
SELECTION POINT
The Complete Family Store
दाम इतने कम कि कभी शॉपिंग खत्म ही न हो!
45, Civil Lines, Bly. Ph. 8266800220
D.D. Puram, Bly. Ph. 7088300050

## सपा ने घोषित किए 16 प्रत्याशी डिंपल समेत परिवार के 3 सदस्य

### लोकसभा चुनाव : धर्मेंद्र बदायूं से तो अक्षय यादव फिरोजाबाद से लड़ेंगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। इस सूची में पार्टी ने मंगलवार को 16 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव को मैनपुरी से चुनावी मैदान में उतारा गया है। संभल से शफीकुर्रहमान बर्क को टिकट दिया गया है। राजधानी लखनऊ से रविदास मेहरोत्रा को प्रत्याशी बनाया गया है। वहीं उम्मीदवारों की इस सूची में डिंपल यादव समेत तीन उम्मीदवार अखिलेश यादव के परिवार से ही है। इनमें चचेरे भाईयों धर्मेंद्र यादव और अक्षय यादव का नाम भी शामिल है।

समाजवादी पार्टी ने संभल से शफीकुर्रहमान बर्क, फिरोजाबाद से अक्षय यादव, मैनपुरी से डिंपल यादव, एटा से देवेश शाक्य, बदायूं से धर्मेंद्र यादव, खीरी से उत्कर्ष वर्मा, धौरहरा से आनन्द भदौरिया, उन्नाव से अनु टंडन, लखनऊ से रविदास मेहरोत्रा, फर्रुखाबाद से डॉ. नवल किशोर शाक्य, अकबरपुर से राजाराम पाल, बांदा से शिवशंकर सिंह पटेल, फैजाबाद से अवधेश प्रसाद, बस्ती से रामप्रसाद चौधरी, गोरखपुर से काजल निषाद, अम्बेडकर नगर से लालजी वर्मा को टिकट दिया है।

लालजी वर्मा बीते विधानसभा चुनाव से ठीक पहले बसपा छोड़कर वे सपा में शामिल हुए थे। पार्टी ने उन्हें कटेहरी विधानसभा सीट से टिकट दिया था। वे चुनाव जीतकर विधायक भी बने। विधायक रहते अब सपा ने उन्हें लोकसभा का प्रत्याशी अधिकृत तौर पर घोषित किया है। बसपा सरकारों में कैबिनेट मंत्री रह चुके लालजी टांडा सीट से भी विधायक रह चुके हैं।



पत्नी डिंपल यादव के साथ सपा प्रमुख अखिलेश यादव। (फाइल फोटो)

- उन्नाव से अनु टंडन, लखनऊ से रविदास मेहरोत्रा होंगे मैदान में
- अंबेडकरनगर लोकसभा सीट से पूर्व मंत्री लालजी वर्मा को टिकट

### सपा ने मारी बाजी

लोस चुनाव के मद्देनजर प्रत्याशियों की सूची जारी के मामले में सपा ने बाजी मार ली है। घोषित प्रत्याशियों को अपना प्रचार शुरू करने में ज्यादा वक्त मिल जाएगा। पार्टी ने अपने आधिकारिक हैंडल पर सूची जारी करते हुए यह भी लिखा कि सपा ने कांग्रेस और रालोद गठबंधन के साथ लोकसभा चुनाव के मैदान में उतरने का फैसला किया है। उप्र. की 80 में से 60 सीटों पर सपा ने लड़ने का फैसला लिया है। सात सीटें रालोद को दी गई है, 11 सीटें सपा ने कांग्रेस को दी है। हालांकि, 11 सीट की बात पर कांग्रेस की तरफ से स्पष्ट सहमति नहीं दी गई है।

## कमरे में अंगीठी सुलगाकर सो रहे 3 श्रमिकों की मौत

**नैनीताल।** सरोवर नगरी में अंगीठी के धुएं से दम घुटने की वजह से दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने हल्द्वानी में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मृतकों में दो शाहजहांपुर और एक बदायूं का रहने वाला था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

- मृतकों में दो शाहजहांपुर और एक बदायूं का रहने वाला

पुलिस के अनुसार राजकुमार (21) व अवनेश (24) निवासी बदायूं व निजामगंज तिलहर शाहजहांपुर निवासी मुनेंद्र (21) पुत्र पप्पू श्रीवास्तव, मल्लीताल में हाईकोर्ट के समीप एक इमारत में वाटर प्रूफिंग का काम कर रहे थे। तीनों हाईकोर्ट के पास में ही कमरा किराए पर लेकर रहते थे। तीनों ने रविवार की रात को भीषण सर्दी होने की वजह से अंगीठी जलाई और खिड़की-दरवाजा बंद कर सो गए। अंगीठी के धुएं से दम घुटने से तीनों की हालत बिगड़ गई। सोमवार को जब परिजनों ने मजदूरों को फोन किया तो फोन नहीं उठा। इस पर परिजनों ने ठेकेदार को फोन किया।

## सीआरपीएफ के 3 कमांडो नक्सली मुठभेड़ में शहीद



- छत्तीसगढ़ के सुकमा-बीजापुर सीमा पर तलाशी अभियान के दौरान हुई मुठभेड़, 17 अन्य घायल

रायपुर, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में मंगलवार को माओवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान सीआरपीएफ के तीन कमांडो शहीद हो गए और 17 अन्य घायल हो गए। पुलिस महानिदेशक (बस्तर रेंज) सुंदरराज पी. ने बताया कि यह घटना बीजापुर और सुकमा जिले की सीमा पर स्थित टेकलगुडेम गांव के समीप उस वक्त हुई, जब सुरक्षाकर्मियों का एक संयुक्त दल तलाश अभियान चला रहा था। यह वही जगह है, जहां 2021 में 23 जवानों की जान गई थी।

कोबरा कमांडो की 201वीं बटालियन और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 150वीं बटालियन का एक दल इलाके में अग्रिम अभियान शिविर (एफओबी) स्थापित करने के लिए काम कर रहा था, तभी अपराह्न करीब 1 बजे मुठभेड़ शुरू हुई। एफओबी एक दूरस्थ शिविर है, जिसका उद्देश्य मुख्य नक्सली क्षेत्रों में सक्रिय सुरक्षा बलों को अभियानगत सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

सीआरपीएफ की 'कमांडो बटालियन फॉर रिजॉल्यूट एक्शन' (कोबरा) जंगल में युद्ध अभियान चलाने वाली इकाई है। सूत्रों ने बताया कि कमांडो ने जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि घायल जवानों को हेलीकॉप्टर से जगदलपुर मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। इनमें से चार जवानों की हालत गंभीर है, जिन्हें रायपुर रेफर किया गया है।

### एक नजर

### पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह की पत्नी की हादसे में मौत

**जयपुर।** राजस्थान में अलवर जिले के नौगांव थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम सड़क हादसे में बाड़मेर के पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह जसोल और उनका बेटा घायल हो गया, जबकि उनकी पत्नी की मौत हो गई। मानवेंद्र सिंह पूर्व केंद्रीय मंत्री जसवंत सिंह के बेटे हैं। थानाधिकारी नेकीराम ने बताया कि दिल्ली से जयपुर आ रहे सिंह की (एसयूवी) कार नौगांव के पास एक पुल की दीवार से टकरा गई, जिससे उसमें सवार सभी लोग घायल हो गए। उन्हें अलवर के सोलंकी अस्पताल ले जाया गया, जहां मानवेंद्र सिंह की पत्नी चित्रा सिंह को मृत घोषित कर दिया गया।

### रामदेव की मोम प्रतिमा का दिल्ली में अनावरण

**नई दिल्ली।** योग गुरु रामदेव की आदमकद मोम की प्रतिमा का मंगलवार को दिल्ली में मैडम तुसाद न्यूयॉर्क में अनावरण किया गया। इस अवसर पर स्वामी रामदेव स्वयं भी उपस्थित रहे और उन्होंने कुछ आसन भी किए। मर्लिन एंटरटेनमेंट्स ने एक बयान में कहा कि प्रशंसकों के लिए मोम की प्रतिमा उपलब्ध होगी।

## 84 आईपीएस अफसरों का तबादला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : उप्र शासन ने मंगलवार को 84 आईपीएस अफसरों का तबादला कर दिया। इसमें एक ही जिले में तीन साल से जमे और हाल ही प्रोन्नत अफसरों को नई तैनाती दी गई है। कुछ अफसरों को उनके तैनाती स्थल पर ही प्रमोशन दिया गया है। इस तबादले में कानपुर, प्रयागराज और वाराणसी कमिश्नरेट में तैनात कई अफसर बदले गए हैं। यह तबादला लोकसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है।

गृह सचिव डॉक्टर संजीव गुप्त और प्रयागराज के पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा को तैनाती स्थल पर ही एडीजी के पद पर प्रमोशन दिया गया है। डीआईजी कानून व्यवस्था एल रवि कुमार को आईजी कानून-व्यवस्था बनाया गया हैं। लखनऊ कमिश्नरेट में तैनात जेपीसी आकाश कुलहरि को उनकी तैनाती स्थल पर आईजी बनाया गया है। कानपुर कमिश्नरेट में जेपीसी आनंद प्रकाश तिवारी को हटाकर आईजी भवन कल्याण बनाया गया है। अलीगढ़ रेंज के डीआईजी शलभ माथुर को वहीं आईजी रेंज बना दिया गया है।

### बदलाव : अब संजय पीलीभीत और जोगिंद्र रामपुर के डीएम

**लखनऊ।** रामपुर और पीलीभीत में जिलाधिकारी पद के तबादले में फेरबदल किया गया है। अब संजय कुमार सिंह रामपुर की जगह पीलीभीत के डीएम होंगे, जबकि बरेली विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष जोगिंद्र सिंह रामपुर के डीएम होंगे। विशेष सचिव गृह राजेश राय कौशांबी और विशेष सचिव नमामि गंगे प्रवीण मिश्र को मऊ का डीएम बनाया गया है। राज्य संपत्ति अधिकारी डॉ विजय कुमार सिंह को फर्रूखाबाद का डीएम व मऊ में डीएम रहे अरुण कुमार को विशेष सचिव नमामि गंगे बनाया गया है। अमरोहा की ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रतिभा सिंह आगरा की सीडीओ बनाई गई हैं।

## सड़क हादसे में छात्र-छात्रा समेत चार लोगों की मौत

### रोडवेज बस-डीसीएम से भिड़ी स्कूल वैन

संवाददाता, उझानी/कछला (बदायूं)

- भीषण हादसे में स्कूल वैन में सवार छह अन्य छात्र भी घायल
- वैन के चालक के ओवरटेक करने की वजह से हुआ हादसा

**अमृत विचार** : रोडवेज बस को ओवरटेक करने के चक्कर में बच्चों को लेकर स्कूल जा रही वैन सामने से आ रही डीसीएम से टकराकर अनियंत्रित हो गई। हादसे में रोडवेज बस ने पीछे से अनियंत्रित वैन को टक्कर मार दी। भीषण हादसे में छात्र-छात्रा समेत वैन चालक और उसके डेढ़ साल के बेटे की मौत हो गई। जबकि छह अन्य छात्र-छात्राएं घायल हो गए।

उझानी क्षेत्र के गांव जनईया निवासी उमेश (28) पुत्र यशपाल के पास ईको वैन थी। वह गांव फूलपुर के बच्चों को उझानी क्षेत्र के गांव बुटला बोर्ड स्थित कैप्टन गजराज सिंह इंटर कॉलेज में लाने-ले जाने का काम करता था। मंगलवार सुबह वह घर से वैन लेकर निकला तो डेढ़ साल का बेटा दुष्यंत भी साथ जाने के लिए जिद करने लगा। उमेश ने वैनर में बैठा लिया। वह फूलपुर पहुंचा। तेजपाल की बेटी मेहर (9), कृतिका (7), बेटा आलेख (6), सुरेंद्र मौर्य की बेटी राधा (11) व स्वाति (17), विक्रम की बेटी सरिता (6) व शीतल, छत्रपाल के बेटे निशांत (6) को कॉलेज लेकर जा रहा था। रास्ते में कोहरा था। सुबह करीब 9.30 बजे बरेली-मथुरा राजमार्ग पर करुआ पुल के पास फूलपुर मोड़ पर अलीगढ़ डिपो की बस को उसने ओवरटेक किया तभी सामने से आई डीसीएम से वैन टकराकर अनियंत्रित हो गई। उसी वक्त पीछे से रोडवेज बस ने वैन को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वैन चालक उमेश, उसके बेटे दुष्यंत और छात्र आलेख की मौत हो गई। घायल छात्र-छात्राओं को राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। स्वाति की हालत गंभीर होने पर सैफई के राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

देर रात स्वाति ने भी दम तोड़ दिया। डीएम मनोज कुमार, एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने प्राचार्य डॉ. एनसी प्रजापति से बच्चों की हालत के बारे में जानकारी की। उमेश के पिता यशपाल की तहरीर पर डीसीएम चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि डीसीएम, रोडवेज बस और वैन की भिड़ंत हुई थी। चालक, उसके बेटे और छात्र-छात्रा की मौत हुई। अन्य की हालत ठीक बताई गई है। फरार डीसीएम चालक की तलाश की जा रही है।



दुर्घटनास्थल पर क्षतिग्रस्त वैन।

## कर्ज उतारने को डॉक्टर ने किया बच्चे का अपहरण

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- पुलिस ने बच्चे को बरामद कर आरोपी व उसकी पत्नी को गिरफ्तार किया


**अमृत विचार** : ढाई लाख रुपये के कर्ज में डूबे झोलाछाप डॉक्टर ने पत्नी के साथ पांच दिन पहले बिलराम स्थित ईंट भट्ठे से मजदूर के बेटे का अपहरण कर लिया और उसे बेचने के लिए ग्राहक ढूंढे.लेकिन कोई खरीदार नहीं मिला तो बच्चे को ईंट भट्ठे के पास छोड़ गए। पुलिस ने आरोपी और उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने मंगलवार को प्रेस वार्ता में बताया कि 25 जनवरी की शाम करीब 6 बजे ढोलना थाना क्षेत्र के बिलराम से ईंट भट्ठे के मजदूर बसंत के चार वर्षीय बेटे विक्रम का अपहरण हो गया। बसंत ने ढोलना थाने में एफआईआर दर्ज कराई। बच्चे के अपहरण की साजिश अलीगढ़ के थाना अकराबाद क्षेत्र के कीरतपुर निवासी झोलाछाप डॉक्टर अमित कुमार ने पत्नी अंजलि के साथ रची थी। अमित पर ढाई लाख रुपये कर्ज है। उसका इरादा बच्चे को बेचकर अपना कर्ज चुकाने का था। काफी कोशिश के बाद उसे खरीदार नहीं मिला। दो दिन पहले उसने बच्चे को अलीगढ़ के कीरतपुर के समीप ईंट भट्ठे के पास छोड़ दिया। जहां से 28 जनवरी को पुलिस ने बच्चे को बरामद कर लिया था।

## प्रोन्नति को टीईटी अनिवार्य करने पर फैसला ले सरकार

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार** : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सहायक अध्यापकों की प्रोन्नति के संबंध में महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए, राज्य सरकार से कहा है कि वह प्रोन्नति से पूर्व एनसीटीई (राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद) द्वारा जारी 11 सितंबर 2023 की अधिसूचना पर निर्णय ले। उक्त अधिसूचना के तहत एनसीटीई ने जूनियर बेसिक व नर्सरी स्कूलों के प्रधानाध्यापक-प्रधानाध्यापिका तथा सीनियर बेसिक स्कूलों के सहायक व प्रधान अध्यापक-अध्यापिका के पदों पर प्रोन्नति के लिए टीईटी को अनिवार्य किया है। यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति बीआर सिंह की खंडपीठ ने हिमांशु राना व अन्य की याचिका पर पारित किया।



याचिका में उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा (अध्यापक) सेवा नियमावली, 1981 के नियम 18 की वैधता को चुनौती दी गई है। याचियों की ओर से अधिवक्ता अमरेन्द्र नाथ त्रिपाठी ने दलील दी कि वर्ष 2010 में टीईटी लागू होने के बाद ही नियुक्ति व प्रोन्नति के लिए टीईटी अनिवार्य कर दिया गया था, इसके लागू होने से पूर्व नियुक्ति पाए अध्यापकों के लिए यह व्यवस्था दी गई थी कि वे अपने पदों पर कार्यरत रहेंगे परंतु प्रोन्नति पाने के लिए उन्हें भी टीईटी पास करना होगा। कहा गया कि 11 सितम्बर 2023 को अधिसूचना जारी करते हुए, एनसीटीई ने पुनः इस बात को स्पष्ट किया है कि प्रोन्नति के लिए टीईटी अनिवार्य शर्त है, बावजूद इसके नियम 18 के तहत टीईटी न पास करने वाले अध्यापकों को प्रोन्नति दी जा रही है।

- सहायक अध्यापकों को लेकर हाईकोर्ट ने दिया आदेश
- एनसीटीई ने प्रोन्नति के लिए टीईटी को किया है अनिवार्य
- सभी प्रतिवादियों को 3 सप्ताह में जवाबी हलफनामा देने का आदेश

न्यायालय ने मामले की सुनवाई करते हुए, मामले में विचार की आवश्यकता जताई व केंद्र तथा राज्य सरकार समेत सभी प्रतिवादियों को तीन सप्ताह में जवाबी हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया। साथ ही एनसीटीई के 11 सितम्बर 2023 के अधिसूचना के तहत निर्णय लेने के उपरांत ही प्रोन्नति करने का आदेश दिया है। हालांकि न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह आदेश अर्ह अध्यापकों के प्रोन्नति में बाधा न माना जाए तथा इस सम्बंध में की गई कार्यवाई वर्तमान याचिका के परिणाम के अधीन होंगी।

## भाजपा के मनोज ने जीता चंडीगढ़ महापौर का चुनाव

चंडीगढ़, एजेंसी

- आप ने धांधली का आरोप लगाते हुए हाईकोर्ट का रुख किया

भाजपा ने मंगलवार को चंडीगढ़ महापौर चुनाव में जीत हासिल की और तीन शीर्ष पदों पर कब्जा बरकरार रखा। इसे आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस के लिए झटके के तौर पर देखा जा रहा है। इस बीच आप ने धांधली का आरोप लगाते हुए पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट का रुख किया और चुनाव परिणामों को रद करने तथा हाईकोर्ट के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में नए सिरे से चुनाव कराने का अनुरोध किया।

महापौर पद के लिए परिणाम घोषित होते ही विपक्षी गठबंधन इंडिया के दो दलों के पार्षदों ने नगर निगम सदन में हंगामा किया और वरिष्ठ उप महापौर और उप महापौर के चुनाव का बहिष्कार किया। भाजपा के उम्मीदवार मनोज सोनकर ने कांग्रेस समर्थित आप के कुलदीप कुमार को हराकर जीत हासिल की। सोनकर को 16 और कुमार को 12 मत मिले। आठ मतों को अवैध घोषित कर दिया गया। भाजपा के कुलजीत संधू और राजिंदर शर्मा क्रमशः वरिष्ठ उप महापौर और उप महापौर के लिए निर्वाचित हुए। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया कि चंडीगढ़ महापौर चुनाव में भाजपा गुंडागर्दी में संलिप्त रही और आज का दिन लोकतंत्र के लिए काला दिन है।

## एक नजर

### पंडित अजय शर्मा बने ब्राह्मण महासभा संपूर्ण भारत के जिलाध्यक्ष



कुंवरगांव। गांव बरातेगदार के मूल रूप से निवासी पंडित अजय शर्मा को ब्राह्मण महासभा का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। जिला अध्यक्ष नामित होने पर उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। पंडित अजय शर्मा पूर्व में ब्रह्मदेव समाज के जिला महामंत्री भी रह चुके हैं। ब्राह्मण महासभा संपूर्ण भारत का जिला अध्यक्ष मनोनीत होने पर पंडित अजय शर्मा ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। ब्रह्मदेव समाज के जिला अध्यक्ष पंडित गौतम शर्मा, शिवाकांत शर्मा, गौतम मिश्रा, सौरभ भारद्वाज, डॉक्टर आशुतोष शर्मा, विपिन शर्मा, इत्यादि लोगों ने उन्हें फोन कर बधाई दी।

### शराब की दुकान हटाने को शिकायत की

बदायूं। जनपद के ग्राम ककोड़ा मे कब्रिस्तान के निकट देसी शराब की दुकान खोले जाने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। जिसको लेकर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट मो. शिराज आलम ने शिकायती पत्र अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अशफाक सैफी को सौंपकर शराब की दुकान हटाने की मांग की है। जिस पर उन्हें आश्वासन मिला है।

# 15 मार्च से होगी गेहूं की खरीद 300 किसानों का पंजीकरण

## किसानों का गेहूं खरीदने के लिए जिले में 70 केंद्रों को किया प्रस्तावित

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

▸▸ गेहूं का समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है निर्धारित

**अमृत विचार:** जिले सहित प्रदेश भर में इस बार 15 मार्च से गेहूं खरीद शुरू हो जाएगी। किसानों द्वारा अभी से पंजीकरण शुरू कर दिया गया है। अब तक तीन सौ से अधिक किसानों द्वारा पंजीकरण कराया गया है। वहीं गेहूं खरीद के लिए 70 क्रय केंद्र स्थापित करने के लिए कार्य शुरू हो गया है। अभी इतने ही और क्रय केंद्र बनाए जाने हैं। इस बार 2275 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य पर खरीद की जानी है।

जिले में धान खरीद एक माह पूर्व ही बंद कर दी गई। शासन की ओर घोषित तिथि के तहत मंगलवार तीस जनवरी को धान खरीद आधिकारिक रूप से बंद हो गई। वहीं, दूसरी ओर शासन के निर्देश पर किसानों की सुविधा के लिए गेहूं खरीद केंद्रों का निर्धारण अभी से शुरू कर दिया गया है। जिला खाद्य विपणन विभाग ने जिले में अब तक 70 क्रय केंद्रों को स्थापित करने के लिए प्रस्ताव

> गेहूं खरीद के लिए अभी फिलहाल 70 क्रय केंद्र स्थापित करने के लिए फाइल डीएम के पास भेजी गई है। इतने ही केंद्र और बनाए जाने हैं। गेहूं बेचने वाले किसानों ने रजिस्ट्रेशन कराना आरंभ कर दिया है। किसान इच्छुक हैं, वह अविलंब पंजीकरण करा लें।
>
> – **अतुल कुमार वशिष्ठ**, जिला खाद्य विपणन अधिकारी।

डीएम के समक्ष भेजा है। इतने ही क्रय केंद्र अभी और खोले जाने हैं। यानी कि कुल मिलाकर 140 क्रय केंद्र खोले जाएंगे। जिसकी प्रक्रिया जारी है। इसके अलावा गेहूं खरीद की प्रक्रिया जल्द शुरू होने पर किसानों का पंजीकरण आरंभ कर दिया है। इसमें अब तक करीब 300 किसानों द्वारा पंजीकरण कराया गया है। इस बार गेहूं की खरीद 15 मार्च से 15 जून तक की जाएगी। पिछले साल की अपेक्षा 150 रुपये की वृद्धि करते हुए गेहूं का समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। गेहूं बेचने वाले किसानों का पंजीकरण शुरू कर दिया गया है। गेहूं बेचने से पूर्व किसान किसी भी जन सुविधा केंद्र, साइबर कैफे, मोबाइल फोन और मोबाइल एप के माध्यम से खाद्य विभाग के पोर्टल पर किसान ऑनलाइन पंजीकरण व नवीनीकरण करा सकते हैं। जिन किसानों ने धान खरीद के दौरान पंजीकरण कराया है। उन्हें गेहूं बेचने के लिए दोबारा से पंजीकरण कराने की आवश्यकता नहीं है। उन्हें सिर्फ नवीनीकरण कराना होगा। गेहूं बेचने के लिए ओटीपी आधारित पंजीकरण की व्यवस्था है। किसान पंजीकरण के लिए मोबाइल नंबर अंकित कराएं और एसएमएस द्वारा भेजे गए ओटीपी को भरकर पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण करें। बिक्री के समय खरीद केंद्रों पर किसान स्वयं उपस्थित न होने पर पंजीकरण प्रपत्र में परिवार के नामित सदस्य का विवरण और आधार नंबर फीड कराना अनिवार्य है।

### एमओआईसी दहगवां का डीएम ने रोका वेतन

**बदायूं, अमृत विचार:** जिलाधिकारी मनोज कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। डीएम ने समीक्षा में पाया कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर उपकरण संचालित नहीं है। इस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। कहा कि जिन आंगनबाड़ी केंद्रों पर उपकरण संचालित नहीं हैं। उन केंद्रों के जिम्मेदारों का वेतन रोका जाए। कहा कि टीकाकरण सत्र समय से आयोजित किया जाए। कोई भी बच्चा व गर्भवती महिला का टीकाकरण न छूटे।

संस्थागत प्रसव में आसफपुर, जगत, सैदपुर की स्थिति खराब होने पर डीएम ने निर्देश दिए कि संस्थागत प्रसव में सुधार लाया जाए। मंत्रा ऐप पर कार्यों को समय से अपडेट एवं प्रतिदिन रिव्यू भी किया जाए। एमओआईसी दहगवां के उपस्थित न होने पर डीएम ने वेतन रोकने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अब्दुल सलाम खान सहित अन्य चिकित्सक एवं अधिकारी मौजूद रहे।

# कार्ड धारकों को गेहूं में कटौती कर मिलेगा बाजरा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

▸▸ सभी राशन डिपो पर पांच फरवरी से होगा वितरण

▸▸ जिले में 5.45 लाख से अधिक है कार्ड धारक

**अमृत विचार:** जिले में राशन कार्ड धारकों के लिए इस माह से गेहूं, चावल के साथ बाजरे का भी वितरण किया जाएगा। खाद्यान्न वितरण पांच से शुरू होगा। अंत्योदय कार्डधारकों को अभी तक 21 किलोग्राम चावल और 14 किलोग्राम गेहूं वितरित किया जाता था। फरवरी माह में 21 किलोग्राम चावल, नौ किलोग्राम गेहूं और पांच किलो बाजरा वितरित किया जाएगा।

जिले में पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों की संख्या पांच लाख के आसपास है। वहीं] अंत्योदय कार्ड धारक 45 लाख से अधिक हैं। इन सभी कार्डधारकों को इस माह से गेहूं और चावल के साथ ही बाजरा भी वितरित किया जाएगा।

जिसका उठान हो चुका है। लगभग सभी कोटे की दुकानों पर खाद्यान्न उपलब्ध करा दिया गया है। निर्धारित तिथि पांच फरवरी से वितरण शुरू हो सकता है। इसके लिए शासन स्तर से घोषणा होनी शेष है। शासन की ओर से तिथि घोषित होने पर ही वितरण शुरू होता है। इस बार गेहूं में कटौती करते हुए बाजरा का वितरण किया जाएगा। जिसमें अंत्योदय कार्ड धारकों को 21 किलोग्राम चावल, नौ किलोग्राम गेहूं और पांच किलो बाजरा वितरित किया जाएगा। वहीं पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को एक यूनिट पर दो किलोग्राम गेहूं और तीन किलो चावल वितरित किया जाता था, लेकिन इस बार उन्हें एक यूनिट पर एक किलोग्राम गेहूं, एक किलोग्राम बाजरा और तीन किलोग्राम चावल का वितरण किया जाएगा।

> शासन के आदेश पर फरवरी माह से बाजरा का वितरण अनिवार्य कर दिया गया है। गेहूं में कटौती करके बाजरा का वितरण किया जाएगा। वैसे वितरण हर माह की पांच तारीख को होता है। इसके लिए शासन की ओर से तिथि निर्धारित की जाती है। अभी तिथि निर्धारित नहीं हुई है। आदेश आते ही वितरण शुरू करा दिया जाएगा।
>
> – **रमन मिश्रा**, डीएसओ।

### यूपी बोर्ड : केंद्र व्यवस्थापकों को मिला प्रशिक्षण

**बदायूं, अमृत विचार:** यूपी बोर्ड की परीक्षाएं शुरू होने में बीस दिन का समय शेष बचा है। प्रश्न पत्र और उत्तर पुस्तिकाएं आने वाली हैं। बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में 99 कॉलेजों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इन सभी के केंद्र व्यवस्थापकों को प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें डीआईओएस की मौजूदगी में मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षित किया गया।

मंगलवार को शहर के श्री कृष्णा इंटर कॉलेज में प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। जहां डीआईओएस द्वारा नामित मास्टर ट्रेनरों द्वारा केंद्र व्यवस्थापकों के लिए प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर और डीआईओएस डॉ प्रवेश कुमार ने केंद्र व्यवस्थापकों को प्रश्न पत्र और उत्तर पुस्तिकाओं का रख रखाव कैसे किया जाएगा। इसकी जानकारी दी गई। बोर्ड द्वारा प्रश्न पत्रों को डबल लॉक में रखा जाएगा। इसके लिए सभी कॉलेजों में स्ट्रांग रूम बनाया जाएगा। विदित रहे कि 22 फरवरी से हाई स्कूल इंटरमीडिएट की परीक्षाएं शुरु होने वाली हैं। इसके लिए 99 कॉलेज केंद्र बनाए गए हैं। इन सभी में केंद्र व्यवस्थापक के साथ ही एक अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक रखा जाएगा। तथा सभी कॉलेजों में स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए जाएंगे।

# घने कोहरे के बाद खिली धूप, मिली राहत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

▸▸ सुबह 10 बजे के बाद खिली धूप का लोगों ने उठाया आनंद

▸▸ शाम को बढ़ी गलन से लोग हुए परेशान, सड़कें दिखी सूनी

**अमृत विचार:** पिछले एक माह से पड़ रही कड़ाके की ठंड से लोगों को धूप निकलने से कुछ राहत मिल रही है। सुबह घना कोहरा छाने के बाद खिली के बाद लोगों ने राहत महसूस की। सोमवार को दिन भर मौसम साफ रहने के बाद रात के समय घना कोहरा छा गया, जो मंगलवार की सुबह तक रहा। इसके बाद करीब दस से धूप खिल गई। जिसका लोगों ने जमकर लुत्फ उठाया। पार्क, सार्वजनिक स्थल व घरों की छत में लोगों ने धूप का आनंद लिया।

खराब मौसम की वजह से गलन अधिक बढ़ी हुई थी। जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया था। लोग बिना काम के घरों से बाहर नहीं निकल रहे थे। अलाव आदि सहारा बना था। सोमवार से मौसम में परिवर्तन देखने को मिला है। सुबह घना कोहरा छाने के बाद दोपहर में धूप खिल रही है। जिससे लोगों को गलन भरी सर्दी से कुछ राहत मिली है। मंगलवार से दस बजे के बाद आसमान साफ हो गया और धूप के दर्शन हुए। शाम को गलन बढ़ने से लोग जल्द ही घरों के लिए चले गये। इधर, कृषि विभाग की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार अगले तीन-चार दिनों में बारिश हो सकती है। जिसकी वजह से न्यूनतम तापमान में गिरावट होगी। इससे ठंड बढ़ेगी। जिले का अधिकतम तापमान 24 व न्यूनतम नौ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



सुबह के समय छाया घना कोहरा। ● अमृत विचार

#### अलाव की समुचित व्यवस्था नहीं

नगर परिषद प्रशासन द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर मंगलवार को भी अलाव की व्यवस्था नहीं की जा सकी। इक्का-दुक्का स्थानों को छोड़ दिया जाए तो प्रशासन के अलाव कहीं नजर नहीं आ रहे हैं। रोडवेज बस स्टेशन पर पालिका प्रशासन ने अलाव की व्यवस्था जरूर की है लेकिन घंटे-दो-घंटे जलने के बाद यह ठंडा पड़ जाता है।

#### खिले किसानों के चेहरे

मौसम की प्रतिकूलता से फसलों की सुरक्षा को ले कर चिंतित किसानों के चेहरे धूप निकलने से खिल गए हैं। मौसम के कुछ ठीक होने पर किसानों ने खेत की ओर रुख किया। फसलों की देखभाल शुरू की है। जिला कृषि अधिकारी डीके सिंह ने बताया कड़ाके की ठंड के बाद धूप फसलों की बढ़त में मददगार साबित होगी।

# बच्चों को खिलाई जाएगी पेट के कीड़े मारने की दवा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

▸▸ राष्ट्रीय कृमि दिवस पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दिया प्रशिक्षण

**अमृत विचार :** मंगलवार को राष्ट्रीय कृमि दिवस मनाया गया। राष्ट्रीय कृमि दिवस पर जिले भर की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षण दिया गया जिससे वह गांव गांव में पहुंच कर छोटे बच्चों को पेट में कीड़े वाली दवा खिला सकें।

ब्लॉक सलारपुर में सीडीपीओ कार्यालय पर आयोजित प्रशिक्षण शिविर में मुख्य सेविका राधा यादव ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर जो बच्चे आते हैं, उनका वजन किया जाए और उन्हें पेट में कीड़े वाली गोली खिलाई जाए। पेट में कीड़े न हो। इसके लिए एलबेंडाजॉल गोली बच्चों की दी जाती है। इस गोली को बच्चों को खिलाया जाता है जिससे छोटे बच्चों की पाचन क्रिया ठीक रहे।

सीडीपीओ देवेन्द्र सिंह ने कहा कि शासन स्तर से हर रोज मॉनिटरिंग करने की बात कही गयी है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को एक फरवरी से अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं और ब्लॉक क्षेत्र में आने वाले प्रत्येक परिवार के पास जाना है।



आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षण देते सीडीपीओ देवेन्द्र सिंह।

# नोडल अफसर अलाभित बच्चों का निजी स्कूलों में निःशुल्क दाखिला कराएंगे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

▸▸ बच्चों का प्रवेश दिलाने को खंड शिक्षा अधिकारी बनेंगे नोडल अधिकारी

▸▸ जनपद में निःशुल्क शिक्षा के लिए 20 जनवरी से शुरू हो रहे हैं आवेदन

**अमृत विचार:** अलाभित शिक्षा के तहत चयनित होने वाले बच्चों का निजी स्कूलों में प्रवेश कराने के लिए नोडल अधिकारी सहायता करेंगे। इसके लिए शासन की ओर से सभी ब्लॉकों के खंड शिक्षा अधिकारियों को नोडल बनाते हुए नामित किया गया है। इसके लिए तैयारी तेज कर दी गई है। निर्धारित समय में इसका लाभ अधिक से अधिक बच्चों को मिल सकेगा।

निःशुल्क शिक्षा के तहत बीस जनवरी से आवेदन लिए जा रहे हैं। अब तक करीब 11 सौ से अधिक निर्धन और असहाय बच्चों के द्वारा आवेदन किया गया है। चार चरण में दाखिले की प्रक्रिया सात जुलाई तक चलेगी। इसके लिए शासन से निर्देश मिलने के बाद प्रशासनिक अमला तैयारियों में जुट गया है।

शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत निजी स्कूलों में 25 फीसदी सीटों पर निर्धन और असहाय परिवार के बच्चों का प्रवेश शिक्षा विभाग द्वारा किया जाता है। इसके लिए उनसे आवेदन मांगे जाते हैं। बच्चों का चयन लॉटरी सिस्टम से किया जाता है। बच्चों का चयन होने के बाद स्कूल संचालक उनका प्रवेश लेने से मना कर देते हैं। बच्चों का दाखिला न लेना पड़े। इसके लिए उनके द्वारा कई तरह के बहाने बनाए जाते हैं।

जिसके चलते बच्चों के माता पिता को परेशानी उठानी पड़ती है। ऐसी स्थिति में उनके द्वारा शिक्षा विभाग में शिकायतें करनी शुरू कर दी जाती है। ऐसी स्थिति को देखते हुए शासन ने इस इस बार निजी स्कूलों में निःशुल्क शिक्षा के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश दिलाने के लिए नोडल अफसर तैनात किए जाने के आदेश बीएसए को दिए हैं। शासन के आदेशानुसार खंड शिक्षा अधिकारियों को नोडल अफसर बनाया गया है। यह नोडल अफसर अपने-अपने ब्लॉक में अधिक से अधिक बच्चों का आवेदन फार्म भरवाने में मदद करेंगे। साथ ही इनके द्वारा सीटों के मुकाबले दाखिले कम हुए तो इनसे जवाब-तलब भी किया जाएगा। प्रथम चरण में बीस जनवरी से आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ है। अभी तक विभाग के पास 11 सौ बच्चों के द्वारा आवेदन किया गया जा चुका है।

> इस बार निजी स्कूलों में बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दिलाने के लिए बीईओ को नोडल बनाया गया है। उनके द्वारा ही बच्चों का प्रवेश कराया जाएगा। जिस स्कूल द्वारा बच्चों का प्रवेश लेने से कोताही बरती जाएगी। उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
>
> –**स्वाती भारती**, बीएसए।





# क्षय रोग उन्मूलन अभियान को गठित की टीम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

▸▸ एक फरवरी से चलेगा अभियान, हर ब्लॉक पर होगी मॉनीटरिंग

**अमृत विचार :** जनपद में क्षय रोग उन्मूलन के लिए एक फरवरी से अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के लिए विभाग ने टीम गठित कर ली है।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. विनेश कुमार ने बताया कि क्षय रोग के बारे में जानकारी देने के लिए एक ओर तो जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। वहीं, दूसरी ओर क्षय रोगियों की पहचान कर उनका उपचार किया जाएगा। एक फरवरी से शुरू हो रहे क्षयरोग उन्मूलन अभियान के लिए चार टीमें गठित की गयी हैं। यह टीमें इलाकों पर जागरुकता रैली निकालेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में टीम भ्रमण करें और लोगों को क्षयरोग के बारे में विस्तार से जानकारी देगी। लोगों को इस बात का संदेश दिया जाएगा कि क्षय रोग लाइलाज नहीं है। इसका उपचार किया जाता है जिससे क्षय रोग ठीक हो जाता है। इसके लिए लोगों में जागरुकता लानी होगी।

रैली में स्कूली बच्चों के साथ ही गांव के प्रधान और अन्य लोग भी हिस्सा लेंगे। क्षय रोग उन्मूलन अभियान में लगी टीमों की रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी और फिर उस पर शासन स्तर से दिशा निर्देश दिए जाएंगे। क्षयरोग के लक्षण मिलने पर रोगी को मुफ्त दवा और उन्हें कुछ धनराशि भी दी जाती है। क्षय रोगियों को गोद लेकर उसका उपचार कराया जा रहा है। गोद लेने वाले लोग उनका पूरा खर्च वहन कर रहे हैं।

### कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम का किया आरंभ

**बदायूं/ बिल्सी।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत स्पर्श कुष्ठ जागरुकता पखवाड़ा के क्रम में 30 जनवरी को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर जिले को कुष्ठ मुक्त बनाने के लिए जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ पंकज शर्मा ने जिला अधिकारी का संदेश पढ़ा तथा कुष्ठ रोगियों से भेदभाव न करने की शपथ दिलाई। जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉक्टर सुधीर कुमार गुप्ता ने कुष्ठ रोगियों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए सभी को प्रेरित किया। जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉक्टर सुधीर कुमार गुप्ता, डा. मोहम्मद तहसीन प्रभारी सीएमओ डॉ. अब्दुल सलाम खान आदि रहे। इधर, बिल्सी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जनता को जागरूक करने को लेकर शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर डा. नीरेश कुमार, डा. ब्रजेश कुमार, भुवनेश कुमार, मनोज शर्मा, सुनील आदि रहे।

# परिषदीय स्कूलों का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी मनोज कुमार ने विकासखंड सालारपुर के प्राथमिक विद्यालय बरातेगदार, उच्च प्राथमिक विद्यालय आरिफपुर नवादा व उच्च स्तर संविलियन विद्यालय सिलहरी का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उनके द्वारा व्यवस्थाओं जायजा लिया। शिक्षकों की उपस्थिति देखने के साथ ही बच्चों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए।

स्कूलों के निरीक्षण के दौरान डीएम ने बच्चों के बौद्धिक ज्ञान को परखा। उनके द्वारा बच्चों से सवाल जवाब किए गए तथा पुस्तक को पढ़वा कर देखा गया। इस दौरान डीएम ने अध्यापक उपस्थिति रजिस्टर चेक किया। सभी शिक्षक मौजूद मिले। इसके अलावा उन्होंने एमडीएम संबंधी जानकारी शिक्षकों से ली। डीएम ने शिक्षकों को बच्चों की उपस्थिति कम होने पर बढ़ाने के निर्देश दिए।



अध्यापक रजिस्टर चेक करते डीएम मनोज कुमार।

### निर्वाचन सामग्रियों की तय दरों को लेकर हुई बैठक

**बदायूं, अमृत विचार:** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत निर्वाचन में लेखा के रखरखाव के लिए मदों की दरों के निर्धारण के संबंध में बैठक हुई। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार पटेल ने अधिकारियों के साथ आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में अभ्यर्थियों द्वारा दैनिक आधार पर निर्वाचन व्यय लेखा से संबंधित निर्वाचन सामग्रियों की दरों को लेकर विचार विमर्श किया। उनके द्वारा अधिकारियों के साथ वाहन किराया, पेट्रोल, डीजल एवं सीएनजी, लाउडस्पीकर, होर्डिंग, बैनर, पोस्टर, गेट निर्माण, कटआउट, होटल/ गेस्ट हाउस, टेंट के सामान आदि की दरों पर भी चर्चा की गई।

**बैठक** गन्ना विभाग के साथ बैठक कर लिया गया निर्णय

# नई प्रजाति का बीज देगी यदु शुगर मिल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

▸▸ चीनी मिल फील्ड स्टाफ के साथ की गयी समीक्षा बैठक

**अमृत विचार :** बसंत कालीन गन्ना बुवाई व विकास कार्यों की लक्ष्यानुसर पूर्ति के लिए संयुक्त बैठक आयोजित हुई। इसमें यदु शुगर मिल की ओर से कहा गया कि जो किसान गन्ना लगाना चाहते हैं उन्हे गन्ने की नई प्रजाति का बीज उपलब्ध कराया जाएगा।

ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अशोक कुमार द्वारा यदु शुगर मिल्स बिसौली के परिसर में सोमवार को बसंत कालीन गन्ना बुवाई व विकास कार्यो की लक्ष्यानुसर पूर्ति हेतु संयुक्त बैठक की गई। इसमें मुख्य रूप से बसंत कालीन गन्ना बुवाई के लिए गन्ना बीज की मांग एवं उपलब्धता एवं बुआई की तैयारी के संबंध में समस्त गन्ना पर्यवेक्षक वार व चीनी मिल फील्ड स्टाफ से समीक्षा की गई। साथ ही फार्म मशीनरी बैंक से कृषि यंत्रों को किराये पर संचालन, जिला योजना में डीबीटी कीटनाशक वितरण, गन्ना प्रतियोगिता कटाई कार्य, गन्ना फसल कटाई प्रयोग, ड्रिप इरिगेशन में पंजीकरण एवं वास्तविक पूर्ति, ग्रामवार कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम, कोशा 0238 प्रजाति का विस्थापन, पौधशाला प्रदर्शन का सत्यापन एवं रजिस्टर अनुरक्षण, गन्ना बीज के लिए अन्य प्लांट का चयन सत्यापन, महिला समूहों से सीडलिंग तैयार करना आदि की पर विस्तार से चर्चा की गयी तथा सभी को निर्देशित किया गया कि अपनी अपनी सर्किल में रहकर लक्ष्यानुसार बुवाई एवं विभागीय विकास कार्यों को समय से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। चीनी मिल के जी एम द्वारा बसंत कालीन गन्ना बुवाई की तैयारियों व मिल द्वारा बुवाई के लिए दी जा रही सुविधाओं के बारे में बताया गया। कहा कि जो किसान गन्ने की फसल लगाना चाहते हैं उन्हें गन्ने की नई प्रजाति का बीज मुहैया कराया जाएगा। बैठक में चीनी मिल बिसौली के महाप्रबंधक (गन्ना) अनिल सिंह, उप महाप्रबंधक( विकास) गुरवचन सिंह आदि रहे।

### वृद्धाश्रम पर बुजुर्गों में वितरित किए कंबल

**बिल्सी, अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के गांव बांस बरोलिया स्थित वृद्धाश्रम पर क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण कर रही कंपनी की ओर से आश्रम में रह रहे सभी बुजुर्गों को ठंड से बचने के लिए कंबलों का वितरण किया गया। आश्रम के संचालक वेदव्यास शर्मा ने बताया कि कंपनी की ओर से मंगलवार को एचजी फाउंडेशन की सीएसआर एक्टिविटीज के तहत यहां सभी वृद्धों को कंबलों का वितरण मुख्य प्रबंधक (सीजीएम) यू से सैया, एचआर संदीप शर्मा, जनसंपर्क विभाग से दिलीप सिंह, दुली चंद, जितेंद्र चौधरी, ललित शर्मा और विजय कुमार ने किया। इस मौके पर रामकिशोर शर्मा, डा.शिव गौड़, पन्नालाल, उदयवीर माथुर, अजय माहेश्वरी, बटी माथुर आदि रहे।

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# तेरहवीं की दावत से बच गई कई बच्चों की जान, हादसे से गांव में मातम

## गांव फूलपुर के एक परिवार में तेरहवीं की दावत होने की वजह से कुछ परिजनों ने नहीं भेजे अपने बच्चे, मृतकों की संख्या बढ़कर हुई चार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : थाना उसावां क्षेत्र में 30 अक्टूबर 2023 को स्कूल वैन और स्कूल बस की भिड़ंत में वैन चालक और उनके बेटे समेत पांच की मौत हो गई थी। जिसके बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर परिवहन विभाग ने स्कूली वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया। कार्रवाई भी की लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया। जिसके चलते सामान्य वाहनों से बच्चों को स्कूल ले जाया जा रहा था। मंगलवार को भी अनदेखी की कलई खुल गई। गनीमत रही कि गांव के एक परिवार में तेरहवीं की दावत थी। जिसकी वजह से उमेश की ईको कार से जाने वाले पांच बच्चे कॉलेज नहीं गए थे। जिसकी वजह से कइयों की जान बच गई।

गांव जुनईया निवासी उमेश ने तकरीबन एक साल पहले ईको कार ली थी। वह मेहनती थे। सुबह खेत पर जाते थे। फिर स्कूली बच्चों को गांव बुटला बोर्ड स्थित कैप्टन गजराज सिंह इंटर कॉलेज छोड़कर वापस आते थे। फिर घर आकर अपनी परचून की छोटी सी दुकान चलाते थे। छुट्टी का समय होने पर दोबारा कॉलेज जाकर बच्चों को ले जाते थे। मंगलवार सुबह वह बच्चों को लेने के लिए गांव फूलपुर पहुंचे। एक परिवार में तेरहवीं की दावत थी। जिसके चलते सुरेश के दो बच्चे, रामसेवक की नातिन आदि पांच बच्चों के परिवारों ने उन्हें भेजने से मना कर दिया था। जिसके चलते उमेश बाकी 8 बच्चों को लेकर कॉलेज जा रहे थे। रास्ते में हादसा हो गया। मेहर, कृतिका, राधा, स्वाती, सरिता, शीतल, निशांत घायल हो गए। शाम को स्वाती की भी मौत इलाज के दौरान हो गई। इस तरह हादसे में जान गंवाने वालों की संख्या चार हो गई, जिसमें वैन चालक और तीन बच्चे शामिल थे। पुलिस ने तीनों अन्य वाहनों को कछला पुलिस चौकी पर खड़ा कराया है। जिले में बतौर स्कूली वाहन पंजीकृत 500 वाहनों में से कई वाहन मानकों को पूरा नहीं करते।


घायल राधा।


घायल कृतिका।


घायल सरिता।


घायल निशांत।


घायल महक।

- वैन चालक और दो बच्चो की मौत के बाद एक और बच्ची ने इलाज के दौरान तोड़ा दम
- अभियान के बाद भी ग्रामीण क्षेत्र में बच्चों को ढो रहे अपंजीकृत वाहन, नहीं की जाती कार्रवाई

### अवकाश के बाद पहले दिन जा रहे थे स्कूल

ज्यादा सर्दी पड़ने की वजह से प्रशासन ने स्कूल-कॉलेजों का अवकाश घोषित किया था। जिसकी वजह से बच्चे स्कूल नहीं जा रहे थे। सोमवार को स्कूल खुले लेकिन सर्दी ज्यादा थी तो बच्चे स्कूल नहीं गए। शीतकालीन अवकाश के बाद पहले दिन वह मंगलवार को बच्चों को स्कूल लेकर जा रहे थे कि हादसा हो गया।

### बच्चे की जिद के आगे फेल हो गए थे उमेश

सुबह सोकर उठने पर उमेश का डेढ़ साल का बेटा दुष्यंत उनकी ओर भागता था। उनकी गोद में खेलता था। उमेश भी उसे बहुत प्यार करते थे। वह ज्यादातर उसने अपने साथ ही रखते थे। मंगलवार सुबह उमेश ने कार स्टार्ट की तो दुष्यंत उनके साथ जाने की जिद करने लगा। उमेश न कहा कि वह थोड़ी देर में आ जाएंगे लेकिन दुष्यंत बुरी तरह से रोने लगा। उसकी जिद के आगे उमेश फेल हो गए और उसे साथ ले गए।

**बच्चों को देखने को वार्ड में झांकते रहे परिजन:** हादसे के बाद घायल बच्चों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया। उनके परिजन और ग्रामीण वहां पहुंचे गए। अपने बच्चे को देखने के लिए वार्ड में जाने लगे लेकिन सही और सुरक्षित इलाज के लिए स्टाफ ने उन्हें वार्ड के बाहर कर दिया। परिजन और ग्रामीण गैलरी में शीशे से भीतर झांकते रहे।

**बिल्सी विधायक, डीएम और एसएसपी ने बंधाया ढांढस :** हादसे की सूचना पर डीएम मनोज कुमार, एसएसपी आलोक प्रियदर्शी राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचे। प्राचार्य के साथ वार्डों में गए। बारी-बारी से सभी सभी बच्चों की हालत जानी। चिकित्सक ने स्वाती की हालत गंभीर बताई तो उसे तत्काल रेफर करने का निर्देश दिया। परिजनों को ढांढस बंधाया। कुछ देर के बाद बिल्सी विधायक हरीश शाक्य पहुंचे। परिजनों को सांत्वना दी।

जिसके बाद पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव के प्रतिनिधि अवधेश यादव ने राजकीय मेडिकल कॉलेज आकर परिजनों से बात की।


बच्चों की मौत पर विलाप करतीं परिजन। ● अमृत विचार


प्राचार्य से बच्चों की हालत की जानकारी करते डीएम मनोज कुमार व एसएसपी आलोक प्रियदर्शी। ● अमृत विचार


घायल बच्चे का हाल जानते बिल्सी विधायक हरीश शाक्य।

### हादसे में दो लोगों ने खो दिया अपना इकलौता बेटा


दुष्यंत का फाइल फोटो।


आलेख का फाइल फोटो।


मृतक उमेश।

हादसे में दो लोगों ने इकलौते बेटे खो दिए। फूलपुर निवासी तेजपाल की बड़ी बेटी मेहर, कृतिका के बाद छोटा बेटा आलेख था। ईको चालक चालक उमेश की बड़ी बेटी कोपल के बाद छोटा बेटा दुष्यंत था। हादसे में दोनों के इकलौते बेटों की जान चली गई। हादसे में चालक उमेश और बच्ची स्वाति की भी इलाज के दौरान मौत हो गई।

### तीनों वाहनों के कागज मिले पूरे

हादसा ईको कार नंबर यूपी 24 एम 0021, अलीगढ़ रोडवेज बस और डीसीएम यूपी 85 सीटी 7237 में हुआ। हादसे के बाद तीनों वाहनों के कागज चेक किए थे। इसमें तीनों वाहनों पेपर पूरे मिले। ईको कार कस्बा बिल्सी के मोहल्ला आठ निवासी सामिद पुत्र गनी मोहम्मद और डीसीएम मथुरा निवासी जगवीर सिंह के नाम पर है। बताया जा रहा है कि उमेश ने सामिद को रुपये देकर ईको कार ली थी लेकिन अपने नाम नहीं कराई थी।


परिजनों से बात करते उझानी के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार। ● अमृत विचार

### पांच सीटर थी ईको कार, बैठे थे आठ बच्चे

उमेश को किसी ने बताया था कि एक बच्चे को स्कूल तक ले जाने के लिए 300 रुपये से 400 रुपये मिलेंगे। जिसके चलते उन्होंने सेकेंड हैंड ईको कार खरीदी थी। यह कार पांच सीटर में परिवहन विभाग से पंजीकृत है लेकिन कार में आठ बच्चों को बैठाकर ले जाया जा रहा था जबकि अन्य बच्चे तेरहवीं की वजह से नहीं गए थे।

## एक नजर

### टनकपुर-मथुरा जंक्शन के लिए विशेष गाड़ी की अवधि बढ़ी

**बदायूं।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए पूर्व से 31 जनवरी तक प्रत्येक सोमवार, मंगलवार, गुरुवार, शुक्रवार एवं शनिवार को चलाई जा रही 05062/05061 टनकपुर-मथुरा जंक्शन-टनकपुर विशेष गाड़ी का अवधि विस्तार 30 अप्रैल तक किया गया है। यह गाड़ी अपने पूर्व निर्धारित मार्ग, ठहराव, समय एवं रेक संरचना के अनुसार चलाई जाएगी। विस्तारित अवधि में 05062 टनकपुर-मथुरा जंक्शन विशेष गाड़ी मथुरा कैंट स्टेशन पर शार्ट टर्मिनेट होगी एवं 05061 मथुरा जंक्शन-टनकपुर विशेष गाड़ी मथुरा कैंट से चलाई जाएगी। यह गाड़ी मथुरा कैंट से मथुरा जं. के मध्य निरस्त रहेगी। पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर मंडल द्वारा यह जानकारी दी गयी है।

### रोडवेज बस में बदले सूटकेस, चालक ने पुलिस को सौंपा

**बदायूं।** दिल्ली कौशांबी डिपो की बदायूं चलने वाली रोडवेज बस एसी संख्या यूपी 17 एटी 5526 बदायूं जा रही थी। रोडवेज बस में कई यात्री सवार थे। उनमें से उझानी उतरने वाले यात्री का सूटकेस अन्य यात्री से बदल गया। पुलिस के मुताबिक कस्बा उझानी में उतरे यात्री के साथ ब्लैक कलर का सूटकेस चला गया और उसका सूटकेस जो ग्रे कलर का था। वह बस में ही रह गया। सूटकेस को बस के चालक और परिचालक ने बदायूं रोडवेज चौकी पुलिस को सौंप दिया। रोडवेज चौकी इंचार्ज ने बताया जिस किसी यात्री का यह सूटकेस गलती से बदल गया है वह यहां आकर प्राप्त कर सकता है। सूटकेस चौकी में सुरक्षित रखा हुआ है।

### दंपति के बीच विधिक सचिव ने कराया समझौता

**बदायूं।** अपर जिला सत्र न्यायाधीश सारिका गोयल एक टूटते हुए परिवार के बीच सुलह समझौता कराते हुए उन्हें एक साथ रहने के लिए राजी कर दिया।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के समक्ष अधिवक्ता सुधीर कुमार कश्यप द्वारा प्रियंका बनाम राकेश वाद को रखा गया। विधिक सचिव और अधिवक्ता के द्वारा उन दोंनों के मध्य मतभेदों को अथक प्रयासों से सुलह कराने में सफलता प्राप्त की। विधिक सचिव ने कहा कि परिवार समाज की प्रथम कड़ी है, यदि यह मजबूत रहेगी तो समाज को एक नई दिशा मिलेगी।

# किशोरी को भगाने व दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- कोर्ट ने सुनाया फैसला, 60 हजार डाला जुर्माना
- इसमें से पीड़िता को दी जाएगी आधी धनराशि

अमृत विचार : किशोरी को फुसलाकर भगाने, 17 दिन तक अलग-अलग जगह रखकर दुष्कर्म करने के दोषी को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट के न्यायाधीश दीपक यादव ने 20 साल की सजा समेत 60 हजार रुपये जुर्माना डाला है। जुर्माना की धनराशि पीड़िता को देने का आदेश दिया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी मुकदमा की ओर से कोतवाली उझानी पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि 13 अप्रैल 2022 को सुबह साढ़े 11 बजे सरताज पुत्र नन्हे उनकी 17 साल की बहन को फुसलाकर ले गया था। उन्होंने 19 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोपी 17 दिनों तक अलग-अलग जगह पर रखकर किशोरी के साथ दुष्कर्म करता रहा। रुपये खत्म होने पर वह इंतजाम करने के लिए उसके बहन को लेकर सहसवान आया था। तब पुलिस ने उसे पकड़ लिया, जिसमें वह गर्भवती हो गई। कोर्ट में कस्बा उझानी के बहादुरगंज निवासी सरताज पर मुकदमा चलाया गया।

अभियोजन पक्ष के विशेष लोक अभियोजक अमोल जौहरी और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलील सुनने के बाद आरोपी को दोषी पाते हुए कोर्ट ने सजा सुनाई है।

# महिला की मौत, हत्या का आरोप

**बिल्सी, अमृत विचार :** गांव बांस बरौलिया निवासी पृथ्वीराज ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी मोनिका (23) की शादी लगभग दो साल पहले गांव फतेह नगला निवासी रनवीर सिंह के साथ की थी। शादी के बाद से ही पति-पत्नी के बीच विवाद होता रहता था। मंगलवार को उन्हें किसी ने फोन करके बताया कि मोनिका की मौत हो गई है। उसका शव घर में चारपाई पर पड़ा है। उन्होंने पुलिस को फोन करके सूचना दी। सीओ सुशील कुमार सिंह गांव पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से बात की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। सीओ ने बताया कि महिला के पिता ने मौत का कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम कराने को तहरीर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रैक्टर में घुसी बाइक, दो युवकों की गई जान

संवाददाता, म्याऊं

**अमृत विचार :** ट्रैक्टर-ट्राली को ओवरटेक करने वाली मैजिक से थोड़ा टकराकर एक बाइक अनियंत्रित हो गई और ट्रैक्टर में जा घुसी। बाइक चालक ट्रैक्टर के पहिया के नीचे आ गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई जबकि दूसरे युवक की मौत शाम को इलाज के दौरान एक अस्पताल में हो गई। फिलहाल तीसरे घायल का इलाज चल रहा है। पुलिस ने रामवरन के शव का पोस्टमार्टम कराया। इस हादसे से परिजनों में चीत्कार मच गई है।

थाना हजरतपुर क्षेत्र के गांव टकसेना निवासी रामवरन (26) पुत्र जोरावर की साली का रिश्ता तय होने था। जिसके चलते उन्होंने नए कपड़े खरीदने का प्लान बनाया। कपड़े खरीदने के लिए वह मंगलवार सुबह अपने भतीजे ह्रदेश पुत्र श्रीपाल और मुकेश पुत्र महेश के साथ बाइक से कस्बा म्याऊं जा रहे थे। सुबह लगभग नौ बजे थाना उसावां क्षेत्र में गांव साड़ी और हरौड़ा से होकर गुजर रहे थे। म्याऊं की ओर से ईंट लदी ट्रैक्टर-ट्राली आ रही थी। जिसके पीछे से एक मैजिक ओवरटेक करता हुआ आया। रामवरन की बाइक मैजिक के संपर्क में आकर अनियंत्रित हो गई और ट्रैक्टर में जा घुसी। ट्रैक्टर के पहिया के नीचे आने से बाइक चला रहे रामवरन की मौके ही मौत हो गई जबकि ह्रदेश और मुकेश घायल हो गए। ट्रैक्टर और मैजिक चालक मौके से भाग गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने मुकेश को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि शाम तक इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। पुलिस ने रामवरन के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।


हादसे के बाद मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार


मृतक मुकेश।


मृतक रामवरन।


- साली के लिए रिश्ता देखने के लिए नए कपड़े खरीदने जा रहे थे रामवरन, एक घायल भर्ती

# मालगाड़ी के डिब्बे से उठी चिंगारी, दुर्घटना टली

संवाददाता, ओरछी

**अमृत विचार :** मंगलवार सुबह चंदौसी से आंवला जा रही डीजल गाड़ी के एक डिब्बे में चिंगारी उठने लगी जिससे रेलवे अधिकारियों में खलबली मच गयी। रेलवे अधिकारियों ने अगले स्टेशन पर ट्रेन को रोक लिया और चिंगारी को किसी तरह बुझा कर एक डिब्बे को अलग किया जिससे एक बड़ी रेल दुर्घटना होने से बच गयी। इस घटना के बाद करीब ढाई घंटे बाद मालगाड़ी को आगे के लिए रवाना किया गया।

मंगलवार को सुबह करीब नौ बजे चंदौसी रेलवे स्टेशन की ओर से बरेली को जाने वाली एक मालगाड़ी लोको पायलट लेकर चला। चंदौसी से निकलते ही कुछ दूर आगे सिसरका रेलवे स्टेशन पड़ता है। सिसरका रेलवे स्टेशन से जैसे ही मालगाड़ी आगे को निकली तो डीजल के एक डिब्बे से चिंगारी उठती दिखी। चिंगारी उठने पर रेलवे स्टेशन मास्टर शकील अहमद ने मालगाड़ी को रोकने का प्रयास भी किया मगर मालगाड़ी नहीं रुकी तो शकील अहमद ने अगली स्टेशन आसफपुर के स्टेशन मास्टर धर्मपाल सिंह को इस घटना से अवगत कराया। जैसे ही मालगाड़ी आसफपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंची तो पहले से तैयार खड़े रेलवे अधिकारियों ने मालगाड़ी को रोक लिया और मालगाड़ी के डिब्बे से उठ रही आग की चिंगारी को मुश्किल बुझाया। आग पर पूरी तरह काबू पाने के बाद रेलवे अधिकारियों ने राहत की सांस ली। चिंगारी वाले डिब्बे को मालगाड़ी से अलग कर दिया गया। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि मालगाड़ी आंवला ऑयल डिपो जा रही थी। उसमें डीजल भरा हुआ था। यदि डिब्बे के अंदर किसी तरह आग पहुंच जाती तो बहुत बड़ा ट्रेन हादसा हो जाता। अधिकारियों ने बताया कि शायद स्पार्किंग की वजह से चिंगारी उठी थी, जो समय रहते शांत कर दी गयी। मालगाड़ी में 40 डिब्बे थे और सभी डिब्बे सुरक्षित हैं। इस घटना की सूचना आंवला एवं बरेली के अधिकारियों को दे दी गयी है। आसफपुर रेलवे स्टेशन पर पार्किंग वाले डिब्बे को अलग कर दिया गया। यहां पर करीब ढाई घंटे मालगाड़ी खड़ी रही। इसकी वजह से एक पैसेंजर ट्रेन भी काफी देर से आगे बढ़ी।



आसफपुर स्टेशन पर खड़ी मालगाड़ी।

- आसफपुर स्टेशन पर ढाई घंटे खड़ी रही मालगाड़ी, एक डिब्बे को अलग कर किया रवाना

# सरकारी तालाब से काट दिए पेड़, रिपोर्ट

**बदायूं, अमृत विचार :** तहसील सहसवान क्षेत्र के लेखपाल ने तालाब में खड़े हरे पेड़ काटकर बेचने के आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। मुजरिया थाना क्षेत्र के गांव दरियापुर क्षेत्र के लेखपाल धर्मपाल सिंह ने तहरीर देकर बताया कि गाटा संख्या 241 की 1.795 हेक्टेयर क्षेत्रीय सरकारी अभिलेख में तालाब के रूप में दर्ज है। जहां यूकेलिप्टिस के पेड़ हैं। इसमें से 16 पेड़ काट लिए गए। जांच के दौरान पता चला कि गांव मुड़सान निवासी गुड्डू पुत्र लड्डन ने 28 जनवरी को पेड़ काटकर लकड़ी बेची है। जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 40 हजार रुपये है। जिसकी वजह से शासकीय क्षति हुई है। हल्का लेखपाल की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# 105 ग्राम पंचायतों में नहीं हुआ कोई कार्य

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- डीपीआरओ को जल्द कार्य शुरू कराने के लिए डीएम ने दिए निर्देश
- 12,742 लाभार्थियों को नहीं मिली शौचालय बनाने को दूसरी किस्त

**अमृत विचार:** ओडीएफ प्लस के तहत चयनित 539 ग्राम पंचायतों में से 105 में अभी तक कार्य शुरू नहीं हो सके हैं। प्रगति शून्य है। साथ ही 12742 लाभार्थियों को शौचालय बनाने की दूसरी किस्त नहीं मिल सकी है। जिस पर डीएम ने डीपीआरओ के प्रति नाराजगी जताते हुए जल्द कार्य शुरू करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा है कि जल्द जिओ टैग कराकर किस्त जारी करने को कहा है।

कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में जिला स्वच्छता समिति की बैठक हुई थी। जिसमें जिलाधिकारी मनोज कुमार ने ओडीएफ प्लस बनाए जाने के लिए चयनित जनपद की 539 ग्राम पंचायत में युद्ध स्तर पर कार्य करने के लिए कहा है। 28 जनवरी तक 105 ग्राम पंचायतों में व्यय की प्रगति शून्य रहने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि चयनित सभी ग्राम पंचायतों में कार्य कराए जाएं तथा लक्ष्य को समय से प्राप्त किया जाए। तथा मॉडल ग्राम विकसित करने के लिए सबसे पिछड़े ग्रामों को चिह्नित करने के आदेश दिए हैं। मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेस दो के अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालय बनाने का लक्ष्य 25401 था जिसमें से सभी को प्रथम किस्त की धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है। इनमें से 12659 को द्वितीय किश्त की धनराशि भी अवमुक्त की जा चुकी है तथा शत प्रतिशत जियो टेकिंग भी कराई जा चुकी है। बताया कि 5841 पात्र लाभार्थियों के डाटा को वेरिफिकेशन किया गया है, जिन्हें धनराशि जारी की जाएगी।

### गनगोला में स्थापित होगी वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट

विकासखंड दातागंज की ग्राम पंचायत गनगोला में नवीन प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट स्थापित की जाएगी। इसके लिए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को उपयुक्त भूमि चिह्नित करने के निर्देश दिए हैं, जिससे यूनिट स्थापित की जा सके।

# निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग

संवाददाता, बिल्सी

- मामले में एसडीएम ने की जांच, संबंधितों को लगाई फटकार

**अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के गांव बेहटा गुंसाई स्थित नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में बन रहे अतिरिक्त कक्ष निर्माण में लगाई जा रही घटिया सामग्री को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम प्रवर्धन शर्मा ने मौके पर जाकर इसकी जांच की। साथ ही मानक के अनुरूप सामग्री का प्रयोग नहीं करने पर संबंधित ठेकेदार को फोन पर फटकार भी लगाई।

गांव के सरकारी अस्पताल परिसर में कई दिनों से एक अतिरिक्त कक्ष का निर्माण चल रहा था। इसमें काफी घटिया सामग्री लगाई जाने का आरोप लगाते हुए गांव के लोगों ने इसकी शिकायत एसडीएम से फोन पर की थी। जिसके बाद बीती सोमवार की शाम एसडीएम ने इसकी जांच करने के लिए मौके पर पहुंच गए। उन्होंने देखा कि निर्माण कार्य में प्रयोग में लाई जा रही ईटों की गुणवत्ता काफी खराब है। जिसके बाद एसडीएम प्रवर्धन शर्मा ने घटिया सामग्री लगाए जाने को लेकर ठेकेदार को फोन पर फटकार लगाई।


ठेकेदार को फोन करते एसडीएम प्रवर्धन शर्मा।

# रेलवे लाइन पर मिला महिला का शव, पास में रोता मिला बच्चा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- सोमवार रात लगभग एक बजे बच्चे की आवाज सुनकर रेलवे लाइन पहुंचे थे लोग

**अमृत विचार :** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र में ट्रेन से कटकर महिला की मौत हो गई जबकि उसका बच्चा घायल मिला। जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कस्बा आसफपुर के पास से रेलवे लाइन गुजरती है। सोमवार रात लगभग एक बजे रेलवे लाइन से एक बच्चे के रोने की आवाज आई तो लोग रेलवे लाइन की ओर गए। जहां एक महिला का शव पड़ा था। शव के पास ही बच्चा रो रहा था। उसके चेहरे पर चोट थी। पुलिस ने बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने महिला का शव मोर्चरी में रखवा दिया है। महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी है। माना जा रहा है कि महिला ने आत्महत्या की होगी।

# जामा मस्जिद की सुनवाई नौ को होगी

**बदायूं, अमृत विचार:** शहर की जामा मस्जिद शम्सी बनाम मंदिर मामले की अगली सुनवाई 9 फरवरी को होगी। सुनवाई के दौरान दोनों पक्ष के अधिवक्ता उपस्थित रहे। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के चलते 22 जनवरी को यह मामला सिविल जज सीनियर डिवीजन/एफसीटी कोर्ट की अदालत में विचाराधीन मंदिर बनाम जामा मस्जिद शम्सी मामले की सुनवाई टल गई थी। मंगलवार को हड़ताल के चलते कोर्ट ने सुनवाई के लिए 9 फरवरी की तारीख निर्धारित की है।

# गुस्साए दरोगा ने परिचालक को पीटा

संवाददाता, बदायूं

- सोमवार को बदायूं क्लब के सामने हुआ था विवाद, वीडियो वायरल

**अमृत विचार:** कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र में परिवहन निगम के डिपो के कुछ ही दूरी पर बदायूं क्लब के सामने एक रोडवेज बस खड़ी थी। लोगों ने बताया कि एक युवक खुद को निगम का कर्मचारी बताते हुए एक महिला के साथ बस में चढ़ा। बस के परिचालक ने बस को लेकर जाने से मना कर दिया। बताया कि बस को ले जाने में कुछ समय लगेगा। जिसके चलते कहासुनी होने लगी। सूचना मिलने पर डिपो चौकी इंचार्ज अशोक कुमार मौके पर पहुंचे। मामले को शांत करने का प्रयास किया। बस के परिचालक ने सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक से बात करने की धमकी दी। आरोप है कि जिसपर गुस्साए चौकी इंचार्ज ने थप्पड़ जड़ दिए और परिचालक का गिरेबान पकड़कर पुलिस चौकी ले गए। मामला एआरएम के पास पहुंचा तो दोनों में समझौता करा दिया गया।

जे.पी. क्लीनिक
डा. जितेन्द्र पाल सिंह
B.A.M.S., (Kanpur)
Ex. H.O. जिला अस्पताल
फेमिली फिजीशियन
• दाँद, खाँज, खुजली, मुँहासे का इलाज
• बच्चों के जिगर, सूखा रोग एवं काली खाँसी का इलाज
• जोड़ों, घुटनों व गठियाँ के दर्द का इलाज।
• गुर्दो की पथरी (Kidney Stone) व गदूद (Prostate) का इलाज
बच्चों के सूखा रोग का तेल मुफ्त दिया जाता है।
हमारे यहाँ भफारा (Nebuliser) मुफ्त दिया जाता है
पता : बाजार सन्दल खान, निकट दूल्हा मियाँ की मजार, किला सिटी स्टेशन रोड, बरेली मो. 8791532206
सुबह 11 से 3 बजे तक
सायं 7.30 से 9.30 बजे तक
रविवार अवकाश

# भाजपा ने किया लोकसभा चुनाव का आगाज

## भाजपा ने हरि बोल कॉलोनी में खोला कार्यालय, यहीं से संचालित होंगी चुनाव संबंधी गतिविधियां

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** भाजपा के लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन मंगलवार को विधिवत पूजा-पाठ के साथ हो गया। इस मौके पर लोकसभा प्रभारी एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, सांसद संघमित्रा मौर्य, सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, बिल्सी विधायक हरीश शाक्य आदि जनप्रतिनिधि रहे।


भाजपा के लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करते लोकसभा प्रभारी एमएलसी कुंवर महाराज सिंह।

लोकसभा प्रभारी एमएलसी महाराज सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार में देश के प्रत्येक क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं। विकास के बल पर भाजपा इस बार विजय पताका लहराएगी। देश में माहौल भाजपा के पक्ष में है। जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा सभी विपक्षी पार्टियां परिवारों की पार्टी बन गई हैं। भाजपा अकेली ऐसी पार्टी है, जहां वास्तविक लोकतंत्र है। देश पर सबसे अधिक समय तक शासन करने वाली कांग्रेस के पास न तो विजन है, और न ही विचार।

सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्य ने कहा भाजपा ने हमेशा कार्यकर्ताओं के बल पर ही चुनाव लड़ा और जीता है। भाजपा कार्यकर्ता बहुत कठोर व परिश्रमी होता है। वह सदैव राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करता है। सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा इस बार के लोकसभा चुनाव में भी कार्यकर्ताओं के दम, मोदी सरकार के विकास कार्य, योगी सरकार की उपलब्धियों के बल पर भाजपा फिर एक बार चुनाव जीत कर प्रचंड बहुमत सरकार बनाने जा रही है। बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने कहा मोदी सरकार

**▸▸ जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता व अन्य जनप्रतिनिधियों ने कांग्रेस को घेरा**

की जनकल्याणकारी नीतियों से जनता प्रभावित है और वह केवल मोदी की गारंटी पर भरोसा रखती है इसलिए हैट्रिक मोदी सरकार लगायेगी।

इस मौके पर पूर्व विधायक प्रेमस्वरूप पाठक, पूर्व मंत्री विमल कृष्ण अग्रवाल, पूर्व एमएलसी जितेंद्र यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम यादव, निवर्तमान चेयरमैन दीपमाला गोयल, लोकसभा संयोजक हरिओम पाराशर, शारदाकान्त शर्मा, सुधीर श्रीवास्तव, एमपी सिंह राजपूत, राणा प्रताप सिंह, ग्रीशपाल सिसोदिया, नेकपाल कश्यप, राघवेंद्र यादव, जितेंद्र साहू आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गंदगी के बीच दिया स्वच्छता का संदेश, जल्द चली गईं महिलाएं


गंदगी के बीच होता हेलो दीदी कार्यक्रम। ● अमृत विचार

संवाददाता, दबतरा

**▸▸ गंदगी के बीच कराया गया हेलो दीदी कार्यक्रम, किया जागरूक**


**अमृत विचार:** तहसील बिसौली क्षेत्र के ग्राम परसिया में हेलो दीदी डॉक्टर कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम गंदगी के बीच संपन्न कराया गया। जिम्मेदारों ने गर्भवती महिलाओं, बच्चों को गंदगी में बैठ कर स्वच्छता का संदेश पाठ पढ़ाया। इस दौरान वहां पर उपस्थित महिलाएं जल्द ही कार्यक्रम से चली गईं। जिले में स्वास्थ्य विभाग हेलो दीदी कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। सभी गांवों में डॉक्टरों की टीम पहुंचकर गर्भवती महिलाओं और किशोरियों को स्वास्थ्य की जानकारी दी जा रही है। मंगलवार को परसिया गांव में हेलो दीदी कार्यक्रम का आयोजन स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम ऐसे स्थान पर कराया गया था। जहां गंदगी की भरमार थी। पास ही पशु बंधे हुए थे। वहां पर पड़े गोबर से दुर्गन्ध उठ रही थी। कार्यक्रम के बीच ही महिलाएं चली गईं।

# बदायूं सीट से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे धर्मेंद्र यादव

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**▸▸ 2009 और 2014 में धर्मेंद्र यादव ने जीता था लोकसभा चुनाव**

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी ने अपने पत्ते खोल दिए हैं। मंगलवार को पार्टी ने 16 दावेदारों की सूची जारी कर दी है। जिले से दो बार सांसद रहे धर्मेंद्र यादव बदायूं लोकसभा से प्रत्याशी बनाए गए हैं। वह 2009 में पहली बार और 2014 में दूसरी बार जिले से सांसद रह चुके हैं लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में लगभग 18 हजार वोट से चुनाव हार गए थे।


धर्मेंद्र यादव, पूर्व सांसद।

मूल रूप से सैफई निवासी धर्मेंद्र यादव पहली बार मैनपुरी सीट से उपचुनाव जीते थे। जिसके बाद 2009 में बहुजन समाज पार्टी की सरकार में बदायूं लोकसभा सीट से चुनाव लड़े और जीते। अगले बार उन्होंने 2014 में सपा से ही बदायूं सीट पर जीत दर्ज की। उन्होंने जिले को लगभग 650 करोड़ रुपये से राजकीय मेडिकल कॉलेज की सौगात दिलाई। शहर को जाम से निजात दिलाने के लिए ओवरब्रिज बनवाया। लगभग 8 बिजली घर बनवाए। बरेली-बदायूं फोनलेन भी उनके समय में ही पास हुआ था। 2019 के लोकसभा चुनाव में डॉ. संघमित्रा मौर्य ने उन्हें लगभग 18 हजार वोट से हराया था। सपा के दावेदारों की सूची जारी करने के बाद फाइनल हो गया है धर्मेंद्र यादव एक बार फिर सपा से बदायूं लोकसभा के प्रत्याशी होंगे।

# उपले रखने का विरोध करने पर दंपती को पीटा

**बदायूं, अमृत विचार :** अपने उपले पाथने की जगह पर उपले रखने का विरोध करने पर एक महिला समेत तीन लोगों ने दंपती को पीट दिया। थाना जरीफनगर क्षेत्र के गांव शेखूपुरा निवासी धर्मेंद्र ने तहरीर देकर बताया कि नौ जनवरी शाम पांच बजे उनकी पत्नी उर्मिला गांव के पास उपले पाथने गई थीं। गांव निवासी धर्मपाल की पत्नी भागवती उनके उपले पाथने की जगह पर अपने उपले रख रही थीं। उर्मिला ने इस बात का विरोध किया तो गाली-गलौज करने लगीं और झगड़ा शुरू कर दिया। भागवती के पति धर्मपाल, विजेंद्र लाठी-डंडे लेकर आ गए। उर्मिला के साथ मारपीट करने लगे। उनके चिल्लाने की आवाज सुनकर धर्मेंद्र मौके पहुंचे तो उन्हें भी पीट दिया। मौके पर भीड़ जमा हो गई तो हमलावर धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने आरोपी धर्मपाल, भागवती और विजेंद्र के खिलाफ मारपीट और धमकाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है।

# गांधी प्रतिमा पर किया माल्यार्पण, शपथ ली

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**▸▸ कांग्रेसियों को शाल व पटका पहनाकर किया सम्मानित**

**▸▸ ब्लॉक स्तरीय भारत जोड़ो न्याय यात्रा का हुआ समापन**

**अमृत विचार :** प्रांतीय आह्वान पर जनपद में चल रही ब्लॉक स्तरीय भारत जोड़ो न्याय यात्रा जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंची। वहां से कांग्रेसी यात्रा निकलते हुए गांधी ग्राउंड पहुंचे, जहां गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रामधुन गाया गया।

मंगलवार को जिला कार्यालय पर पहुंची ब्लॉक स्तरीय यात्रा का समापन किया गया। उसके बाद जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओमकार सिंह ने समस्त कांग्रेसियों को प्रमाण पत्र देकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। ओमकार सिंह ने कहा कि जनपद में चल रही ब्लॉक स्तरीय भारत जोड़ो न्याय यात्रा सफलतापूर्वक निकली। यह कार्यकर्ताओं की मेहनत की वजह से ही संभव हो सका है। इसलिए जिला कांग्रेस कमेटी ने कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया है। जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह ने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि मणिपुर 9 महीने से हिंसा की आग में जल रहा है। लेकिन प्रधानमंत्री को वहां


महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण करते जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह।

का दौरा करने का समय नहीं मिल रहा है। राहुल गांधी ने एक बार फिर ओबीसी का मुद्दा उठाया है और कांग्रेस की सरकार बनने पर जाति जनगणना कराने की बात कही है।

प्रदेश सचिव जितेंद्र कश्यप, रजनी सिंह ने कहा कि देश तभी तरक्की करेगा, जब एक श्रमिक को वही सम्मान मिलेगा। भाजपा सरकार में उद्योगपति को सम्मान मिलता है। इसी बदलाव के लिए कांग्रेस न्याय की महा यात्रा निकाल रही है। जिला कांग्रेस कमेटी कोषाध्यक्ष माधवी साहू, जिला उपाध्यक्ष प्रवक्ता प्रदीप सिंह, जिला उपाध्यक्ष गौरव सिंह, सोमेंद्र यादव, विरेश तोमर, सुरेश सिंह चौहान, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता सिंह, शहर उपाध्यक्ष रफत अली खान, आकिल आदि ने विचार रखे।

# रैपुरा के ग्राम प्रधान के भाई का निधन

**उसहैत, अमृत विचार :** गंगापार के गांव रैपुरा के प्रधान राकेश कश्यप के भाई जरवन कश्यप पुत्र विजय कश्यप का बीमारी के चलते सोमवार की देर रात निधन हो गया। प्रधान राकेश कश्यप ने बताया कि उसके भाई जबरन कश्यप कई माह से बीमार थे, उनका शरीर कांप रहा था, परिजनों ने बदायूं बरेली, अलीगढ़ अन्य कई जिलों में उपचार कराया, कहीं उन्हें लाभ नहीं मिला, जिसके बाद परिजन घर ले आये। जहां सोमवार की देर रात को जरवन का निधन हो गया। दर्जनों गांव के लोग प्रधान राकेश कश्यप के भाई के निधन की खबर सुनकर उनके निवास पर पहुंच गए। उनका अंतिम रैपुरा में ही गंगा किनारे कर दिया गया।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

# युवाओं को मिला अवसर तो खिल उठे चेहरे


रोजगार मेले में युवाओं के रिज्यूम चेक करते सेवायोजन विभाग के परवेज खान।

संवाददाता, बिसौली

**▸▸ बिसौली में लगे रोजगार मेले में 12 कंपनियों ने की शिरकत**

**अमृत विचार:** विकास खंड परिसर परिसर में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत कौशल विकास मिशन, आईटीआई उद्यमशीलता विभाग व जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में 198 युवाओं का विभिन्न कंपनियों में चयन हुआ तो सबके चेहरे खिल उठे।

मुख्य अतिथि खण्ड विकास अधिकारी नितिन कुमार ने रोजगार मेले का आरंभ किया। इसमें 322 प्रशिक्षार्थियों के सापेक्ष 198 युवाओं का चयन 12 कंपनियों में किया गया। मुख्य अतिथि को मो. एहतिशाम जिला कौशल प्रबंधन ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि बीडीओ नितिन कुमार ने मेले में सेवायोजित अभ्यर्थियों के उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामना दीं। रोजगार मेले में जिला कौशल प्रबन्धक मो. एहतिशाम, कार्यालय सहायक नीरज कुमार, परवेज अली खान जिला सेवायोजन विभाग, वीरपाल सिंह अतिथि वक्ता, सी एल कुशवाहा फोरमैन, विवेक कुमार आदि मौजूद रहे।

# दिनदहाड़े दुकान से नोटों का हार लेकर फरार हुआ चोर

संवाददाता, सहसवान


**▸▸ कस्बा के विल्सन गंज बाजार तहसील रोड का है मामला**

**▸▸ सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने खंगाले सीसीटीवी कैमरे**

**अमृत विचार:** कस्बा के विल्सन गंज बाजार तहसील रोड पर रेडीमेड कपड़े की दुकान पर टंगे नोटों के हार से एक युवक 10 हजार के नोटों के हार को तोड़कर रफू चक्कर हो गया। शिकायत पर पुलिस ने पूछताछ करने के साथ ही दुकानों पर लगे कैमरों को भी देखा, लेकिन चोर का पता नहीं चला।

विल्सन गंज तहसील रोड पर व्यापारी तौफीक की रेडीमेड कपड़े की दुकान है। उनके द्वारा नोटों के हार भी बिक्री किए जाते हैं। मंगलवार को तौफीक के स्थान पर उनका पुत्र उवैस दुकान पर बैठा था। वह दुकान से उठकर किसी काम से कहीं चला गया। इसी बीच चोर नोटों के टांगे 10 हजार के हार को तोड़कर रफू चक्कर हो गया। कुछ ही देर में दुकान स्वामी का पुत्र वहां पहुंचा तो हार गायब था। जिसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने कुछ दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों को भी खंगाला, लेकिन चोर का कुछ पता नहीं चल सका।

## सदर विधायक ने डीसी मनरेगा को दी भावभीनी विदाई



**कुंवरगांव।** डीसी मनरेगा के रामसागर यादव पर सालारपुर ब्लॉक का भी प्रभार रहा। मंगलवार को वह सेवानिवृत्त हो गए। उनके सेवानिवृत्ति होने पर ब्लॉक में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्हें सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता ने भावभीनी विदाई दी। उनके कार्यकाल की प्रशंसा की। कार्यक्रम में अनेक पाल सिंह पटेल, ब्लॉक प्रमुख पति सालारपुर, पंकज गुप्ता, दुर्गा प्रसाद आकाश सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

## राम कथा से लेनी चाहिए प्रेरणा



**उझानी।** प्रभु खुद अपने आचरण व्यवहार से हम सबको संस्कार सिखाते हैं। सबसे पहले माता पिता और गुरु के चरणों में पुष्प अर्पित कर संस्कार सीखना चाहिए। उसके बाद परिवार से संस्कार सीखना चाहिए। यह भारतीयों की पहचान है। राम सेवा आश्रम पर चल रहे नौ दिवसीय श्री राम कथा के छठवें दिन रवि जी समदर्शी महाराज ने व्यास पीठ से बोलते हुए उक्त बात कही। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की कथा से हम लोगों को प्रेरणा लेनी चाहिए। कैसे भगवान राम अपने चारों भाइयों के साथ गुरु वशिष्ठ जी के पास रहे और शिक्षा ग्रहण की। राम कथा में विकास चौहान, अलंकार सोलंकी, मनोज तोमर, विकास सक्सेना एडवोकेट, महेंद्र सिंह, विष्णु गुप्ता, गिरीश पाल सिसोदिया, प्रमोद तोमर आदि रहे।

## ठंड से बचने को दिए स्वेटर



**बिल्सी।** मंगलवार को नगर के मोहल्ला संख्या पांच स्थित गोशाला सरस्वती शिशु मंदिर में समाजसेवियों द्वारा निर्धन बच्चों को ठंड से बचने के लिए स्वेटरों का वितरण किया ताकि वह ठंड में आकर पढ़ाई कर सके। स्वेटर मिलते ही बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस मौके पर डॉ उमेन्द्र गुप्ता, ओमबाबू वार्ष्णेय, राहुल शांडिल्य, प्रधानाचार्य सुबोध शर्मा, राजीव मिश्रा, विजय प्रकाश, आदर्श पालीवाल, वीरेन्द्र आदि मौजूद रहे।

## कहासुनी होने पर महिला को घर में घुसकर पीटा, रिपोर्ट

**बदायूं।** कुछ दिनों पहले हुई कहासुनी को लेकर महिला समेत पांच लोग पड़ोस में रहने वाली महिला के घर में घुस गए। लात-घूसे और लाठी-डंडों से पीटा। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। थाना वजीरगंज क्षेत्र के कस्बा बगरैन निवासी गुलफशा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि कुछ दिन पहले पड़ोस में रहने वाले सहवाज इदरीसी पुत्री अबरार से कहासुनी हो गई थी। सहवाज और उसका परिवार गुलफशा और उनके परिवार से रंजिश मानने लगे। 23 जनवरी शाम लगभग पांच बजे गुलफशा के पति काम पर गए थे। वह घर पर अकेली थीं। सहवाज इदरीसी उनके दरवाजे पर आकर गाली-गलौज करने लगी। समझाने के बाद भी वह नहीं मानीं। उसने अपने परिवार के सोहिल, सलमान, तौसीफ, शबीना को भी बुला लिया। वह लोग लाठी-डंडे लेकर आए और उनके घर में घुस आए। उसे लात-घूसें और डंडों से पीटा। लोगों के जुटने पर हमलावर धमकी देकर भाग गए। तहरीर पर पांच आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज हुई है।

खबरें पेज सात पर भी...

## शहर में आज

- जिले में समाजवादी पार्टी की ओर से पीडीए पखवाड़े के तहत गांव-गांव जन पंचायत कार्यक्रम सुबह 10 बजे से।
- ऑपरेशन जागृति के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम सुबह 10 बजे से।
- ब्राह्मण कल्याण सभा द्वारा तीर्थ नगरी सोरों में श्रीवराह परिक्रमा हरि की पौड़ी से शाम सात बजे से।
- राष्ट्रीय मानव संस्थान द्वारा लहरा में कंबल वितरण कार्यक्रम सुबह 10 बजे से।

## एक नजर

### अमांपुर में हनुमान चालीसा का पाठ आयोजित

अमांपुर। कस्बा के तिराहे पर स्थित हनुमान मंदिर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वावधान में हनुमान चालीसा का पाठ हुआ। बजरंगबली की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर व पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया। विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा हनुमान चालीसा के पाठ का बहुत ही सुंदर वर्णन किया गया। जय श्रीराम के जयघोष से मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा। ललित सोलंकी, प्रशांत आर्य, आकाश गुप्ता सर्राफ, आदित्य साहू, योगेन्द्र साहू, विक्रम ठाकुर, राघवेन्द्र, दीपक रहे।

# गरीबों को भेज दिए लाखों के बिजली बिल

## कांशीराम कॉलोनी वासियों ने एक्सईएन कार्यालय पर किया प्रदर्शन, पुराने कनेक्शन निरस्त कर नए देने की मांग

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** पॉवर कार्पोरेशन के कर्मचारियों की लापरवाही का खामियाजा गरीबों को भुगतना पड़ रहा है। कांशीराम आवासीय कॉलोनी में रहने वाले निर्धन परिवारों को लाखों के बिजली बिल भेज दिए गए, जिससे लोग परेशान हैं। इससे गुस्साए कांशीराम कॉलोनी के लोगों ने मंगलवार को बिलराम गेट स्थित अधिशासी अभियंता कार्यालय के बाहर हंगामा किया। इस दौरान लोग बिजली बिलों को दुरुस्त करने की मांग कर रहे थे। उनका कहना था कि मजदूरी करके परिवार चलाने वाले लाखों के बिल कैसे चुका पाएंगे।

कांशीराम आवासीय कॉलोनी में तत्कालीन बसपा सरकार ने गरीबों को आवास आवंटित किए थे। बसपा सरकार के जाने के बाद इस कॉलोनी की हालत बदतर हो गई। मंगलवार को यहां के दर्जनों लोग इकट्ठे होकर बिलराम गेट स्थित अधिशासी अभियंता कार्यालय जा पहुंचे। जहां उन्होंने जोरदार प्रदर्शन किया। वहां के लोगों का कहना है कि विभाग ने वर्षों बाद उन्हें बिजली के बिल भेजे हैं, जो लाखों में है। बिल भेजने में लापरवाही विभाग ने की है, जिसका खामियाजा उपभोक्ताओं भुगतना पड़ रहा है। उनका कहना है कि विभाग बिजली बिलों को संशोधित करके भेजे, जिसके बाद भुगतान कर दिया जाएगा। उनका कहना है कि कांशीराम कॉलोनी में रहने वाले सारे परिवार निर्धन हैं। आय के श्रोत न के बराबर हैं। उनका कहना है कि यहां पुराने कनेक्शन निरस्त कर नए दिए जाएं। प्रदर्शन करने वालों में राजेंद्र कश्यप, शायरा परवीन, मीना, प्रेम कुमार, भूदेव सिंह, रूपवती, विपिन, कल्लो, महक, राधा, भूरा, नाइस, भूरी साजिद, मनीषा, कल्लो, मधु आदि लोग मौजूद रहे।


अधिशासी अभियंता कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते कांशीराम आवासीय कॉलोनी के लोग। ● अमृत विचार

### दो माह से कांशीराम कॉलोनी की बिजली गुल

कांशीराम आवासीय कॉलोनी में उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए गए हैं। यहां का ट्रांसफार्मर खराब है। लगभग दो माह से कॉलोनी में बिजली सप्लाई ठप है। सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं है। ऐसे में लोगों को अनहोनी की आशंका सताती रहती है। बोर्ड की परीक्षाएं आने वाली हैं। बिजली न आने से कॉलोनी में रहने वाले विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी करना मुश्किल होगा।

"अंधेरा होने के कारण घर के कामकाज करने में परेशानी होती है। बिजली न आने से घर के कामकाज करने में खासी दिक्कतें होती हैं। विभाग को लाखों के बिल संशोधित कर नए कनेक्शन देने चाहिए।
-बृज कौर

विभाग की लापरवाही से लाखों के बिल भेजे गए हैं। गरीबों को दो जून की रोटी जुटा पाना मुश्किल है। कांशीराम कॉलोनी में पुराने बिलों को माफ कर नए कनेक्शन दिए जाने चाहिए। मगर विभाग सुनवाई नहीं कर रहा है।
-रामबेटी

पिछले दो माह से कॉलोनी की बिजली गुल है, जिससे लोग परेशान हैं। कॉलोनी हमारी ग्राम पंचायत में आती है। यहां के लोगों की परेशानी के समाधान के लिए विभाग को सकारात्मक प्रयास करने चाहिए। मेरे स्तर से जो भी संभव होगा सहयोग करूंगा, लेकिन दिहाड़ी मजदूरी करने वाले लाखों का भुगतान नहीं कर सकते। -धर्मवीर भारती, ग्राम प्रधान ततारपुर"

# लोकदल की जिलाध्यक्ष सहित छह पर गैंगस्टर की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

▸▸ पिछले दिनों देह व्यापार के आरोप में दर्ज हुई थी एफआईआर

**अमृत विचार :** सदर कोतवाली पुलिस ने राष्ट्रीय लोकदल की जिलाध्यक्ष आसमा वारसी सहित छह के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पिछले दिनों इन सभी के खिलाफ देह व्यापारी के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

कोतवाली पुलिस ने गैंग लीडर मुजाहिद सहित छह के विरुद्ध अपनी रिपोर्ट जिला प्रशासन को भेजी थी। इसमें राष्ट्रीय लोकदल की जिलाध्यक्ष आसमा वारसी, इमरान, शायरा, गुलसफा और सीमा भी शामिल हैं। पुलिस ने रिपोर्ट में लिखा कि ये लोग अपराध को बढ़ावा दे रहे हैं। इन पर गैंगस्टर की कार्रवाई होनी चाहिए। कासगंज कोतवाली पुलिस की रिपोर्ट डीएम को प्रस्तुत की गई। डीएम ने इस मामले में संज्ञान लिया और गैंग चार्ट जारी करने के लिए अनुमोदन दे दिया। डीएम का अनुमोदन मिलने पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई की है।

"डीएम के अनुमोदन के बाद गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। जिन लोगों पर कार्रवाई हुई है वह अपराध की दुनिया में सक्रिय हैं। उनकी सक्रियता कम करने के लिए गैंगस्टर लगाया गया है।
-सुधीर राघव, इंस्पेक्टर"

## वित्त पोषण के लिए आज दें प्रस्ताव

**कासगंज, अमृत विचार:** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी सुरेश चंद्र ने बताया है कि सभी दिव्यांगजनों के क्षेत्र में काम कर रही स्वैच्छिक संस्थायें, दिव्यांगजनों की शिक्षा एवं पुनर्वास से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर संबद्ध हितधारकों का उन्मुखीकरण/प्रशिक्षण कार्यक्रम इन-सर्विस ट्रेनिंग प्रोग्राम को राज्य निधि के माध्यम से पोषित किए जाने के लिए स्वैच्छिक संस्थाए इच्छुक हो, तो प्रस्ताव तैयार कर आज बुधवार को कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विकास भवन कासगंज में जमा कर दें। अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

# प्राथमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव और शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी आयोजित

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

▸▸ बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया, अभिभावकों ने भी दौड़ लगाई

**अमृत विचार:** जनपद के प्रत्येक परिषदीय विद्यालय में मंगलवार को वार्षिकोत्सव एवं शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक में समस्त अभिभावकों, पुरातन छात्रों, प्रतिनिधि पंचायत राज और आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा एवं स्थानीय व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया।

सहावर विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय विक्रमपुर में मंगलवार को कार्यक्रम विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्ष बबली देवी ने किया आरंभ किया। इस मौके पर संगीत, चित्रकला, कविता, कहानी लेखन, खेलकूद आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। प्रभारी प्रधानाध्यापक गौरव शर्मा ने सभी अभिभावकों से बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने की अपील की। डीबीटी के अंतर्गत आए रुपये से बच्चों को ड्रेस आदि दिलवाने की बात कही। अभिभावकों ने भी दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया।

इस मौके पर सहायक अध्यापक विजय पाल सिंह प्रभाकर, रीना देवी, सरोज देवी, शीला देवी, ज्योति शर्मा, अनारकली, विनीता, वेदवती, गंगाराम, मुकेश कुमार, प्रियंका, हेमलता, पूजा आदि लोग मौजूद रहे। इसके अलावा भिटौना, गोरहा, ब्रह्मपुरी सहित जिले के विभिन्न स्कूलों में कार्यक्रम हुए।


गांव विक्रमपुर के प्राथमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को पुरस्कृत करती मां।

## युवक ने पेड़ पर लटककर जान दी

**गंजडुंडवारा, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के गांव चिरौला रोड स्थित ईंट भट्टा के समीप खेत में खड़े पेड़ पर एक ग्रामीण का शव लटका मिला। पुलिस का मानना है कि ने आत्महत्या की है।



गंजडुंडवारा थाना क्षेत्र के गांव खरपुरा निवासी रमेश पुत्र छोटेलाल (45) सोमवार रात मथुरा से दवा लेकर लौटे थे। वह मानसिक रूप से परेशान थे, जिससे उनका उपचार चल रहा था। मंगलवार को वह अपने घर से चुपचाप निकल गए। कुछ देर बाद परिजनों को रमेश का शव गांव चिरौला रोड पर कैंची पुलिया के पास पेड़ पर रमेश का शव लटका होने की सूचना मिली। चाचा सोबरन सिंह व परिवार के अन्य लोग मौके पर जा पहुंचे

# रामनगरिया मेले में अव्यवस्थाओं पर भड़के साधु

संवाददाता, गंजडुंडवारा

**अमृत विचार :** कादरगंज गंगा घाट पर लगे मेला रामनगरिया में अव्यवस्थाओं को लेकर संत महात्माओं में असंतोष व्याप्त है। गुस्साए संतों ने मंगलवार को विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद बैठक कर डीएम से व्यवस्थाएं सुधारने की मांग की। मांग पूरी न होने पर अनशन करने की चेतावनी दी है।

रामनगरिया मेला समिति अध्यक्ष बजरंग दास महाराज ने बताया कि मेले में मूलभूत सुविधाएं नहीं है। सिर्फ लाइट की व्यवस्था है, वो भी सही से संचालित नहीं होती है। मेले में पीने के पानी, शौचालय, सफाई, चिकित्सीय, अग्निशमन, गोताखोर की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। मेले में अस्थायी शौचालय भी नहीं बनाए गए है। जबकि मेला अलीगढ़ मंडलायुक्त कार्यालय में पंजीकृत है। मेला लगने से पूर्व डीएम कासगंज को व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रार्थना पत्र भी दिया गया था। बावजूद इसके मेले मे सुविधाएं उपलब्ध न कराया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। जबकि ये सुविधाएं पूर्व में उपलब्ध कराई जाती रही हैं। अगर जिला प्रशासन द्वारा मेले में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गईं तो संत समाज अनशन करेगा।


रामनगरिया मेले में अव्यवस्थाओं को लेकर प्रदर्शन करते साधू-संत। ● अमृत विचार

▸▸ प्रदर्शन कर जताया विरोध, अनशन करने की दी चेतावनी, डीएम से व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने की मांग

# संदिग्ध हालात में महिला की मौत, हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता, कागसंज

▸▸ पुलिस ने चिता में मिलीं हड्डियां कब्जे में लीं, जांच के लिए प्रयोगशाला भेजी जाएंगी

**अमृत विचार :** थाना सुन्नगढ़ी इलाके के गांव गजौरा में एक महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। ससुराल वालों ने चुपचाप उसका अंतिम संस्कार कर दिया। मायके वालों ने उसकी गला दबाकर हत्या करने का आरोप ससुराल वालों पर लगाया है। उनकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने चिता में मिलीं हड्डिया कब्जे में ले ली हैं, जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा।

बदायूं जिले के थाना हजरतपुर इलाके के गांव गढ़िया सहायपुर निवासी भूप सिंह के अनुसार उन्होंने अपनी पुत्री रंजना का विवाह थाना सुन्नगढ़ी के गांव गजौरा निवासी हरीश चंद्र के साथ किया था। मंगलवार सुबह उन्हें रंजना की मौत होने की सूचना मिली। वह परिजनों के साथ गजौरा गांव पहुंचे तो ससुराल वाले रंजना का अंतिम संस्कार कर चुके थे। उन्होंने घटना की सूचना थाना सुन्नगढ़ी पुलिस को दी। इस पर थानाध्यक्ष शांति देवी पुलिस बल के साथ मौके पर गईं घटना के संबंध में आसपास के लोगों से पूछताछ की है। इसके बाद शवदाह स्थल जाकर देखा, लेकिन तब तक शव पूरी तरह जल चुका था। पुलिस ने चिता में मिली हड्डियां कब्जे में ले लीं, जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा।

भूप सिंह का आरोप है कि ससुराल वालों ने रंजना की हत्या की है। घटना को छिपाने के लिए उसका अंतिम संस्कार कर दिया।


गजौरा गांव के शवदाह स्थल पर छानबीन करते पुलिस कर्मी।

### पुलिस ने 10 लोगों को हिरासत में लिया

इस घटना के संबंध में पुलिस ने 10 लोगों को हिरासत में लिया गया है। जिनसे के घटना के बारे में पूछताछ की जा रही है। अंतिम संस्कार में शामिल लोगों से भी जानकारी की जा रही है।

"चिता से बरामद हड्डियों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। अभी इस मामले में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने और प्रयोगशाला जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।
-विजय कुमार राणा, सीओ"

## अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि आज

**कासगंज, अमृत विचार:** भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित अटल आवासीय विद्यालय, ग्राम टमकोली, तहसील गभाना, अलीगढ़ में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों तथा कोविड-19 की महामारी के दौरान निराश्रित हुए बच्चों एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य के अंतर्गत पात्र बच्चों के लिए शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए कक्षा 6 की कुल 140 सीटों व कक्षा 9 में उपलब्ध कुल 140 सीटों पर अटल आवासीय विद्यालय अलीगढ़ में प्रवेश के लिए ऑफलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। निशुल्क आवेदनपत्र प्राप्त कर जमा करने के लिए 31 जनवरी तक श्रम कार्यालय निकट मिशन चौराहा, नदरई गेट से संपर्क किया जा सकता है।

# पंचायत सहायकों ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** पंचायतीराज विभाग द्वारा क्रॉप सर्वे कार्य पंचायत सहायकों से कराए जाने के विरोध में पंचायत सहायकों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। पंचायत सहायकों से क्रॉप सर्वे कार्य न कराए जाने की मांग की। अपनी समस्या से संबंधित ज्ञापन डीएम के नाम एसडीएम सौंपा।

प्रदर्शन कर रहे पंचायत सहायकों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह ने कहा कि राजस्व विभाग द्वारा हम पंचायत सहायकों को गांव गांव जाकर क्रॉप करने का दायित्व दिया गया है। जिसे हम नहीं कर सकते उन्होंने बताया की पंचायत सहायक पंचायती राज विभाग के अंतर्गत आते हैं। और यह सर्वे का कार्य लेखपाल आदि का है और इसे राजस्व विभाग लेखपालों से कराए हम लोग इस कार्य को करने में असमर्थ हैं। उन्होंने बताया कि हमें मात्र 6000 का मानदेय प्राप्त होता है और जिला प्रशासन हम लोगों से अतिरिक्त कार्य करने का प्रयास करता है जो कि हमारा मानसिक शोषण के रूप में दर्शाता है। पंचायत सहायक मांग की है कि क्रॉप सर्वे में पंचायत सहायकों को सम्मिलित ना किया जाए।

इस दौरान जिला उपाध्यक्ष गोविंद राना, जिला कोषाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह, पवन राजपूत, प्रदीप यादव, होरीलाल, अंकित यादव, वीरेश, रमाकांत, संदीप मिश्रा, अरविंद, सोमनाथ, यीशु गौतम, पिंकी, साधना शर्मा, उर्वशी, ज्योति, शालिनी, सरिता मौजूद रही।



कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन करते पंचायत सहायक। ● अमृत विचार

▸▸ क्रॉप कार्य न कराने की मांग डीएम के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को दिया

## जनपद में 22 मार्च तक धारा 144 लागू

**कासगंज।** जिला मजिस्ट्रेट सुधा वर्मा ने आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 एवं हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाओं व संवेदनशीलता के दृष्टिगत जिले में शांति व्यवस्था एवं जनसुरक्षा बनाए रखने के उद्देश्य से सभी नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों सहित जनपद कासगंज की सम्पूर्ण सीमा में दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निरोधात्मक उपाय सुनिश्चित कराए जाने के लिए आदेश जारी किए हैं।

यह आदेश 22 मार्च तक प्रभावी रहेंगे। जारी आदेशों के अनुसार किसी भी व्यक्ति या संगठन द्वारा ऐसा कोई भी कार्य नहीं किया जाएगा, जिससे किसी की भावनायें आहत हों। रात 10 से सुबह छह बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों या लाउडस्पीकर का प्रयोग नहीं किया जाएगा। सोशल मीडिया पर सौहार्द को बिगाड़ने वाली पोस्ट नहीं की जा सकेगी। आदेश के उल्लंघन पर कार्रवाई होगी।

**आयोजन** जनप्रतिनिधि व अधिकारी बने घराती, नव दंपतियों को दिया आशीर्वाद, जिले के तीन विकासखंडों में आयोजित किया गया विवाह समारोह

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह : अग्नि के सात फेरे लेकर 195 जोड़े बने जीवन साथी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** जिले के तीन विकास खंडों में मंगलवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान 195 जोड़े दांपत्य सूत्र बंधन में बंधकर जीवन साथी बन गए। नव दंपतियों को जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने आशीर्वाद दिया।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत मंगलवार को जिले के सभी विकास खंड एवं नगरीय क्षेत्रों के चयनित 195 जोड़ों का धूमधाम से विवाह कराया गया। दांपत्य सूत्र में बंधे नवविवाहित जोड़ों ने एक-दूसरे का हाथ थामकर गृहस्थ जीवन में प्रवेश किया। सदर विधायक देवेंद्र सिंह राजपूत, ब्लॉक प्रमुख यशवीर सिंह, सीडीओ सचिन व अन्य जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देकर उनके सफल वैवाहिक जीवन की कामना की। इस मौके पर सीडीओ सचिन ने कहा कि पाणि ग्रहण संस्कार जीवन का एक पवित्र गठबंधन है, जिसमें पति-पत्नी एक-दूसरे के साथ समर्पित जीवन जीते हुए समाज एवं देश में अपना योगदान देते हैं। सभी जोड़े अपना वैवाहिक जीवन अच्छे से यापन करेंगे।

इस दौरान समाज कल्याण अधिकारी सुधीर कुमार पांडेय सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।


सहावर में नव दंपतियों को उपहार देते ब्लॉक प्रमुख कृष्णा राजपूत व अन्य जनप्रतिनिधि।


विवाह मंडप में सामूहिक रूप से बैठे जोड़े। ● अमृत विचार


नव दंपतियों को आशीर्वाद देते सदर विधायक देवेंद्र राजपूत, सीडीओ सचिन व अन्य।

**नगर निकायों एवं विकास खंडों से चयनित किए गए जोड़े :** जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर कुमार पांडेय ने बताया कि विकासखंड कासगंज परिसर में 35, विकास खंड सोरों में 32, नगर पालिका कासगंज में दो नगर पालिका सोरों में पांच कुल 74 जोड़ो का विवाह कार्यक्रम संपन्न हुआ। विकास खंड सिढ़पुरा के बृज फार्म हाउस में ब्लॉक पटियाली के 13, गजंडुंडवारा के 15, सिढ़पुरा के 22, नगर पालिका गंजडुंडवारा के छह, नगर पंचायत पटियाली के दो कुल 58 जोड़ो को विवाह संपन्न हुआ। विकास खंड सहावर के लौंग लखन मैरिज होम ब्लॉक सहावर के 29, ब्लॉक अमांपुर के 32 नगर पंचायत अमांपुर एक, नगर पंचायत सहावर एक कुल 63 जोड़ो का विवाह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

"मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत तीन विकास खंडों में 153 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया है। प्रत्येक जोड़े के विवाह पर 51 हजार रुपये व्यय किया गया है। इसमें 35 हजार रुपये कन्या के बैंक खाते में जमा किए गए। 10 हजार रुपये का सामान प्रत्येक जोड़े को दिया गया। 6 हजार रुपये खान-पान व टेंट पर व्यय किए गए हैं।
-सुधा वर्मा, जिलाधिकारी"

शर्मायें नहीं सम्पर्क करें
हर उम्र में
ताकत
रुकावट
बवासीर
बै-औलाद
शुक्राणुओ
की कमी
हर तरफ से निराश स्त्री पुरुष गुप्त रोगी मिलें
शुगर
जोडों का दर्द


GMP & ISO CERTIFIED Co.
डा. शेख
क्या आप बचपन में की गई गलतियों के कारण अपना वैवाहिक जीवन बर्बाद हो गया है और जगह जगह इलाज करा करा परेशान हो चुके हैं या डाक्टर, हकीमों से हट चुका है तो एक बार हिन्दुस्तान के जाने माने यौन रोग चिकित्सक डा.शेख से सम्पर्क करें डा. शेख को अच्छे इलाज के लिये अनेको अवार्डो से सम्मानित किया जा चुका है जैसे
Gold Medalist Best Sexologist in india
Pride of Country Kohinoor A Tibb
Chikitask Ratan Manav Sewa Ratan
Ahinsha Dharam Ratan
मिलें हर मंगलवार
मालियों की पुलिया
बरेली
9837023223

# हत्या के जुर्म में 5 मुजरिमों को आजीवन कारावास

## अदालत ने पांचों पर 50-50 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



- वर्ष 2015 में दिनदहाड़े कर दी गई थी युवक की हत्या, करीब नौ साल बाद आया फैसला
- अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने सुनाई सजा, शहर की शिवालय गली में हुई थी घटना

**अमृत विचार:** शहर में वर्ष 2015 में दिनदहाड़े की गई युवक की हत्या के मामले में मंगलवार को न्यायालय ने अपना फैसला सुना दिया है। अदालत ने पांच आरोपियों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने सभी मुजरिमों पर जुर्माना भी लगाया है। लगभग नौ साल बाद आए अदालत के फैसले के बाद पीड़ित परिवार ने राहत की सांस ली है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि उन्हें कानून पर भरोसा था।

वर्ष 2015 में शहर की शिवालय गली में जुए को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया था। झगड़ा बढ़ने पर कुछ लोगों ने फायरिंग की थी। इस दौरान दिनदहाड़े सौरव गहलोत नाम के युवक की गोली मार दी गई थी। इसमें गंभीर रूप से घायल हुए युवक की मौत हो गई थी। इसमें इसमें नदरई निवासी राज माहेश्वरी, मिनी माहेश्वरी, ठंडी सड़क रोशनलाल रेस्टोरेंट के सामने वाली गली में रहने वाले गौरव यादव, मोहन यादव, स्टेट बैंक कॉलोनी निवासी टिंकू गुप्ता उर्फ अजय गुप्ता को नामजद किया गया था। उस दौरान यह घटना जिले में चर्चा का विषय बनी रही। इस मामले में करीब नौ साल से ट्रायल चल रहा था। इस मामले में पुलिस की ओर से कड़ी पैरवी की गई। ट्रायल के दौरान प्राप्त सबूतों के आधार पर अदालत ने पांचों आरोपियों को दोषी पाया। इस आधार पर मंगलवार को कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया। कोर्ट ने नदरई निवासी राज माहेश्वरी, मिनी माहेश्वरी, ठंडी सड़क रोशनलाल रेस्टोसेन्ट के सामने वाली गली में रहने वाले गौरव यादव, मोहन यादव, स्टेट बैंक कॉलोनी निवसी टिंकू गुप्ता उर्फ अजय गुप्ता को आजीवर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही पांचों आरोपियों पर 50-50 हजार रुपये अर्थदण्ड भी डाला है।

**इन्होंने की पैरवी:** इस मामले में अपर शासकीय अधिवक्ता अनिल कुमार ने अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी की। जबकि पुलिस की ओर से कोर्ट पैरोकार हाकिम सिंह पैरवी में जुटे रहे। मामले की विवेचना तत्कालीन इंस्पेक्टर पदम सिंह ने की थी। उन्होंने भी न्यायालय में अपनी विवेचना के दौरान जुटाए गए साक्ष्य प्रस्तुत किए। कड़ी पैरवी होने से न्यायालय ने मुजरिमों को सजा सुनाई है।

# वन विभाग की पकड़ में नहीं आया तेंदुआ

**अवागढ़, अमृत विचार:** करीब एक सप्ताह मशक्कत करने के बावजूद तेंदुआ वन विभाग कर्मियों की पकड़ में नहीं आया। तेंदुआ को लेकर ग्रामीणों में दहशत बरकरार है। डर की वजह रात को जागकर लोग अपने घरों पर पहरा दे रहे हैं।

- ग्रामीणों में दहशत कायम, रात को जागकर पहरा दे रहे लोग

सप्ताह भर पहले अवागढ़ इलाके के गांव सेवला में चहलकदमी करते हुए तेंदुआ देखा गया था, जिसका ग्रामीणों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया था। इसके बाद से तेंदुआ लालपुर, सरानी, सीर, वीरनगर, खुशरई, मंडपुरा आदि गांवों के आसपास देखा गया। सोमवार की रात में अवागढ़ कस्बे के आसपास लोगों ने तेंदुआ देखा। रात में ही नगर व आसपास गांवों के लोग हाथों में लाठियां व टॉर्च लेकर तेंदुए को खोजते रहे। मगर तेंदुआ नहीं मबला। लोगों की शिकायत पर वन विभाग की टीम भी तेंदुए को पकड़ने पहुंची, लेकिन नाकाम रही है। ग्रामीणों में तेंदुए की दस्तक से दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीण अपने रात को जागकर पहरा दे रहे हैं।

# सपा ने एटा सीट से देवेश शाक्य पर लगाया दांव

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- प्रदेश स्तर से जारी की गई प्रत्याशियों की पहली सूची में देवेश का नाम शामिल
- सपाइयों में हर्ष, मूलरूप से जनपद औरैया के बिधूना के रहने वाले हैं देवेश

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव की तैयारी तेज कर दी है। सपा ने सबसे पहले मंगलवार को प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। जारी की गई सूची के अनुसार मूलरूप से जिला औरैया के बिधूना के रहने वाले देवेश शाक्य को एटा लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया गया है। उनके प्रत्याशी बनाए जाने पर सपाइयों में हर्ष की लहर है। देवेश के प्रत्याशी घोषित होने की पुष्टि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने भी की है।



देवेश शाक्य

देवेश शाक्य वर्ष 2005 से लेकर 2015 तक औरैया में जिला पंचायत सदस्य रहे। वह जिला पंचायत अध्यक्ष पद के प्रत्याशी भी रह चुके हैं। उन्होंने राजनीति और समाजशास्त्र से एमए करने के बाद एलएलबी की। उनकी पत्नी सीमा शाक्य ने एमए, बीएड और डीएलएड किया है। देवेश शाक्य फिलहाल समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव हैं। कासगंज जिले में रहने वाले समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को एटा लोकसभा क्षेत्र से देवेश शाक्य को प्रत्याशी बनाने का सुझाव दिया। उनकी और जिलाध्यक्ष विक्रम यादव की सलाह पर शाक्य समाज से प्रत्याशी घोषित किया गया है। सपा जिलाध्यक्ष विक्रम यादव ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव बधाई के पात्र है, जो उन्होंने जन भावनाओं की कद्र की है और सभी वर्गों के हित को देखते हुए शाक्य समाज से प्रत्याशी घोषित किया है।

# रोजगार मेले में 158 युवाओं को मिली नौकरी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- विभिन्न कंपनियों ने साक्षात्कार के माध्यम से युवाओं का किया चयन
- सिढ़पुरा के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में लगा रोजगार मेला

**अमृत विचार :** सिढ़पुरा विकास खंड में यूपी कौशल विकास मिशन, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं सेवायोजन कार्यालय के तत्वाधान में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत एसएन प्राइवेट आईटीआई वाजिदपुर में रोजगार मेला लगाया गया। मेले में 158 युवाओं को रोजगार दिया गया। मेले में आए विभिन्न कंपनियों के अधिकारियों ने साक्षात्कार के माध्यम से युवाओं का चयन किया।

रोजागार मेला मुख्य अतिथि संजीव चौहान, भाजपा जिला उपाध्यक्ष स्नेहलता चतुर्वेदी, विशिष्ट वरिष्ठ नवल किशोर कुलश्रेष्ठ, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवीश गुप्ता ने दीप जलाकर किया। जिला समन्वयक उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन जहीर आलम ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ लेते हुए रोजगार स्थापित करें। रोजगार मेले में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना, आईटीआई एवं डिप्लोमा होल्डर के साथ लगभग 380 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। इसके सापेक्ष 158 लाभार्थियों को विभिन्न कंपनियों द्वारा चयनित किया गया। जिला समन्वयक जहीर आलम ने चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। जिला कौशल प्रबंधक सुरजीत सिंह ने मेले में आए अभ्यर्थियों को कौशल विकास मिशन योजना के बारे में जानकारी दी।

# उज्जैन से अयोध्या जा रहे साइकिल सवार का स्वागत



**जलेसर, अमृत विचार :** मध्य प्रदेश के उज्जैन से साइकिल पर अयोध्या जा रहे बॉबी गुप्ता का मंगलवार को जलेसर पहुंचने पर स्वागत किया गया। इस मौके पर बॉबी गुप्ता ने बताया कि उन्होंने 9 जनवरी को उज्जैन से साइकिल यात्रा आरंभ की थी। वह अयोध्या में श्रीराम के दर्शन करेंगे। यहां व्यापारी नेता राकेश गुप्ता ने शॉल ओढ़ाकर बॉबी गुप्ता का स्वागत किया। राम अवतार शर्मा ने उन्हें जलपान कराया। इस दौरान अजय राठौर, गणेश गुप्ता, आकाश गुप्ता, राम अवतार शर्मा, अतुल शर्मा, शिवम शर्मा, अशोक गुप्ता आदि रहे।

# सपाइयों ने गिनाईं पार्टी की नीतियां

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



जन चौपाल में लोगों को संबोधित करते सपा जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह यादव।

- सपाइयों ने गांव-गांव जाकर लगाई जन पंचायत, पत्रक बांटकर दीं जानकारियां

**अमृत विचार :** समाजवादी महिला सभा की मंगलवार को जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह के नेतृत्व में पीडीए पखवाड़ा के तहत जन पंचायत का आयोजन विधानसभा अमांपुर के बूथ नगला मिलक अलहैपुर, हसनपुर एवं बूथ सेक्टर पटियाली दरियावगंज गांव में किया गया। जन पंचायत में सपा नेताओं ने लोगों को केंद्र व राज्य सरकार की विफलताएं गिनाईं।

जन पंचायत के दौरान लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि पिछड़े, दलित व अल्पसंख्यक समाज के अधिकारों को और भारतीय संविधान को बचाने के लिए पीडीए को मजबूत बनाना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से समाजवादी नीतियों को जनता से रूबरू करने का आह्वान किया। महिला सभा की जिलाध्यक्ष रीना वर्मा ने कहा कि समाजवादी पार्टी में ही महिलाओं की सुरक्षा है। सपा में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए डायल 100 की शुरूआत की थी। जिसे अब मौजूदा सरकार ने नाम बदलकर 112 कर दिया है।

इस दौरान शिवपाल शाक्य ,अरविंद शाक्य, बबली शाक्य, अमरसिंह, सूरजपाल, राजपाल कश्यप, मोरपाल माथुर, उमादेवी, अनीता, राजरानी, रागनी सपना मौजूद रही।

# एएचटीयू व श्रम विभाग की टीम का अवागढ़ में छापा

संवाददाता, अवागढ़



छापा मारने के दौरान पूछताछ करते टीम के सदस्य। ● अमृत विचार

- चार दुकानों पर बच्चों से कार्य कराते मिल दुकानदार, नोटिस जारी किया
- छापे की सूचना पर अधिकांश कारोबारी अपने प्रतिष्ठान बंद करके भागे

**अमृत विचार :** एएचटीयू (एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट) व श्रम विभाग की टीम ने मंगलवार दोपहर कस्बा की कई दुकानों, शोरूम तथा ढाबों पर छापा मारा। जहां टीम को कई कई बच्चे कार्य करते मिले। इस पर फर्म मालिकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। छापेमारी का पता लगने तमाम कारोबारी अपने प्रतिष्ठान बंद करके चले गए।

शासन ने बच्चों से काम कराने वालों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसके लिए पुलिस कार्यालय में एएचटीयू सेल खोला गया है। आला अधिकारियों के निर्देश पर एएचटीयू व श्रम विभाग की टीम शहर कस्बों में छापामार कार्रवाई कर रही हैं। मंगलवार को टीमों ने अवागढ़ कस्बे में छापामार कार्रवाई की। इस दौरान टीम ने देखा कि चार प्रतिष्ठानों पर बच्चों से कार्य कराया जा रहा था। इस पर टीम ने इन व्यापारियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की है। श्रम परिवर्तन अधिकारी यादवेंद्र विक्रम सिंह ने बताया चारों प्रतिष्ठानों पर 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से कार्य कराया जा रहा था। इस पर उन दुकानदारों को नोटिस जारी कर शीघ्र ही बच्चों के दस्तावेज प्रस्तुत करने के आदेश दिए गए हैं।

इस दौरान एएचटीयू टीम प्रभारी फूलचंद्र, लेबर इंस्पेक्टर राज बाबू, वरिष्ठ सहायक दीपेंद्र कुमार शर्मा, लिपिक मुनेश कुशवाह, आदि मौजूद रहे।

# एफबी पर अभद्र पोस्ट कर भावनाएं भड़काने की कोशिश

संवाददाता, सोरोंजी

- आरोपी के खिलाफ सोरों कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** सोरों क्षेत्र के एक व्यक्ति ने फेसबुक पर श्रीराम के लिए गालियां लिखी पोस्ट वायरल की। उसके खिलाफ सोरोंजी कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

एफआईआर कोतवाली क्षेत्र के गांव कम्पुर निवासी धर्मेंद्र कुमार ने दर्ज कराई है। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि गांव का ही सोमवीर दिल्ली में रहकर एक फैक्ट्री में काम करता है। वह अपने घर आता जाता रहता है। उसने श्रीराम के लिए फेसबुक पर गालियां लिखकर पोस्ट वायरस की है, जिससे धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है। रामभक्तों की आस्था आहत हुई है। पुलिस ने धर्मेंद्र की तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली है। इधर, श्रीराम पर हुई अभद्र टिप्पणी को लेकर गांव कम्पुर के लोगों में आक्रोश है। यहां के लोग आरोपी पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

> मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है, जिसकी जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।
> –अजीत चौहान, सीओ सिटी

तैयारी — अभियान के दौरान सांसद और विधायक गांवों में 24 घंटे करेंगे प्रवास, लोगों को देंगे सरकारी योजनाओं की जानकारी

# भाजपा का गांव–गांव चलो अभियान 4 फरवरी से, 11 को होगा समाप्त

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में प्रदेश मंत्री व जिले की प्रभारी पूनम बजाज व अन्य भाजपा नेता। ● अमृत विचार

- कार्यशाला में प्रदेश मंत्री ने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को दिए निर्देश

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अपनी तैयारी तेज कर दी है। इसके तहत चार से 11 फरवरी तक गांव-गांव चलो अभियान चलाया जाएगा। जनपद के सभी 14 मंडलों के अध्यक्ष अभियान को सफल बनाएंगे। इसके अलावा सांसद, विधायक, पार्टी पदाधिकारी भी गांवों व बूथों पर 24 घंटे का प्रवास करेंगे।

भाजपा के जिला कार्यालय पर मंगलवार को गांव-गांव चलो अभियान को लेकर कार्यशाला हुई। इसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी ने की। इसमें प्रदेश मंत्री जिला प्रभारी पूनम बजाज ने कहा कि गांव चलो अभियान आगामी चार से 11 फरवरी तक चलेगा।

अभियान में प्रत्येक व्यक्ति, लाभार्थी से संपर्क करते हुए प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री के नेतृत्व की भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर भी चर्चा करनी है। उन्होंने कहा कि सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, चेयरमेन, जिला पदाधिकारी प्रवासी सहित वरिष्ठ नेता तथा कार्यकर्ता गांव में प्रवास करेंगे। जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी ने कहा कि गांव चलो अभियान के लिए बूथ स्तर पर सारी तैयारियां कर ली गई हैं। भाजपा का प्रत्येक जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और कार्यकर्ता नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए पूरी तरह कृत संकल्पित हैं।

मंचासीन जिला पंचायत अध्यक्ष रत्नेश कश्यप, अमांपुर विधायक हरिओम वर्मा, डा. ज्ञान प्रकाश गुप्ता, पूर्व विधायक ममतेश शाक्य, गौरीशंकर शर्मा, नीरज शर्मा, अनिल पुंढीर, राजवीर सिंह भल्ला, सतेंद्र कश्यप बॉबी, हीरालाल कश्यप ने भी कार्यशाला को संबोधित किया। गांव चलो अभियान का संयोजक संजय सोलंकी व सहसंयोजक सतेंद्र कश्यप बॉबी, रविन्द्र ब्रह्मचारी गए गए। कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री संजय सोलंकी ने किया।

इस दौरान सोरों चेयरमेन रामेश्वर दयाल महेरे, सुरेश माहेश्वरी, उत्तम चंद्र पाथरे, कौशल साहू, रामनिवास राजपूत, ब्लॉक प्रमुख यशवीर राजपूत, संजीव चौहान, महेंद्र सिंह राणा, ब्रजेश वर्मा, जय सिंह वर्मा, योगेंद्र चौहान, केपी सिंह, कृष्णकांत वशिष्ठ, रविन्द्र लोधी, नरेंद्र परमार, सीमा शाक्य, डीएस लोधी, संजय पुंढीर, शरद गुप्ता, रानू वर्मा, संजय दुवे, हिना सिंह, अनिता उपाध्याय, कुलदीप प्रतिहार, हिमांशु उपाध्याय, प्रतीक माहेश्वरी, मनोज चौहान, सुनील गुप्ता, नंदकिशोर दिवाकर, अभिषेक भारद्वाज, सुमित बाल्मीक, मोहित तेजधारी, जिला मीडिया प्रभारी केके सक्सेना मौजूद रहे।

## एक नजर

### 10 लीटर कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**कासगंज।** थाना सिकंदरपुर वैश्य के उपनिरीक्षक हरजीत सिंह ने सूचना के आधार पर 10 लीटर कच्ची अवैध शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर बृजपाल सिंह ने बताया कि आरोपी मिहीलाल निवासी मेहरी थाना सिकंदरपुर वैश्य को गिरफ्तार किया है। उसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### सिढ़पुरा पुलिस ने वांछित आरोपी दबोचा

**कासगंज।** थाना सिढ़पुरा के अपराध निरीक्षक वीरेंद्र प्रताप गिरि ने नाबालिग के अपहरण, दुष्कर्म एवं एससी/एसटी एक्ट के वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी न्यायालय से फरार चल रहा था। जिन्हें पूछताछ के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

### युवक के अपहरण का प्रयास, वीडियो वायरल

**विजय नगला।** थाने के सामने एक युवक से मारपीट की गई। उसे गाड़ी में डालकर अपहरण का प्रयास किया गया। युवक को खींचने का वीडियो वायरल हुआ है। बिनावर थाने क्षेत्र के कस्बा निवासी इरशाद हुसैन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि थाने के सामने पान की दुकान के पास खड़े थे। इसी दौरान पुरानी रंजिश के चलते कार सवार तीन युवक आए और उसके साथ गाली-गलौज करने लगे।

# बच्चा बेचने को कई जगह घूमा आरोपी

## खरीदार नहीं मिला तो लावारिस छोड़ने को हुआ मजबूर, बच्चे ने रो-रोकर कर दिया था परेशान

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



प्रेस वार्ता में घटना की जानकारी देतीं एसपी अपर्णा रजत कौशिक व हिरासत में आरोपी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** झोलाछाप अमित कुमार ने कर्जे से मुक्ति पाने के लिए ईंट भट्ठा से मजदूर के बेटे का अपहरण किया था। वह पत्नी अंजलि समेत अपहृत बच्चे को लेकर तीन दिन तक इधर-उधर भटकता रहा। मगर बच्चे का कोई खरीदार नहीं मिला तो उसे लावारिस छोड़ने का मन बना लिया। मगर वह पुलिस के शिकंजे से नहीं बच सका। सलाखों के पीछे पहुंचने पर झोलाछाप व उसकी पत्नी अपनी करतूत पर पछता रहे थे।

पुलिस के अनुसार अलीगढ़ के थाना अकराबाद क्षेत्र के कीरतपुर निवासी झोलाछाप अमित क्लीनिक चलाता था। उसने ढाई लाख रुपये उधार ले रखे थे। काफी कोशिश करने के बावजूद वह कर्जा नहीं उतार सका। इस पर उसने बच्चे का अपहरण करके बेचने की योजना बनाई। इसमें उसकी पत्नी अंजलि की सहमति भी रही।

बिहार के आकोना थाना क्षेत्र के गांव सिकंदरा निवासी बसंत एटा के ढोलना थाना क्षेत्र के कस्बा बिलराम स्थित ईंट भट्ठा पर परिवार सहित रहकर मजदूरी करता है। 25 जनवरी की शाम झोलाछाप अमित करीब छह बजे बिलराम स्थित ईंट भट्ठे पर पहुंचा। जहां व बंसत के पास करीब दो घंटे बैठा रहा। इस दौरान उसने अपनी

**▸▸ बिलराम स्थित ईंट भट्ठा से मजदूर के चार वर्षीय बेटे के अपहरण का मामला**

बातों में फंसाकर बसंत से नजदीकी बढ़ा ली। फिर वह बसंत के चार वर्षीय बेटे विक्रम को अपनी बाइक पर बैठाकर मूंगफली दिलाने का बहाना करके चला, जिसके बाद नहीं लौटा। वह विक्रम को अपने घर कीरतपुर ले गया। इसके बाद झोलाछाप अमित व उसकी पत्नी अंजलि विक्रम को लेकर खरीदार की तलाश में तीन दिन तक इधर-उधर भटकते रहे, लेकिन बच्चे को खरीदने के लिए कोई तैयार नहीं हुआ। इस बीच विक्रम अपने माता-पिता के पास जाने की कहकर रोता

### बेटे को देखते ही बिलख पड़ी मां

बच्चा कई दिन से लापता था। पुलिस के पास अपने लापता बेटे को देख मां बुरी तरह बिलखने लगी। उसने अपने लाडले को गोद में उठाकर सीने से लगा लिया।

रहा। इसकी वजह से झोलाछाप काफी परेशान हो गया। तीन दिन भटकने के बाद उसने बच्चे को लावारिस छोड़ने का मन बना लिया। 28 जनवरी की शाम उसने बच्चे को कीरतपुर भट्ठा के पास ले जाकर लावारिस छोड़ दिया। जाते समय वह बच्चे से चीज लाने का बहाना करके गया। उधर, विक्रम नहीं लौटा तो बसंत व उसके साथियों ने तलाश शुरू कर दी। कुछ पता नहीं चला तो ढोलना थाने जाकर अपहरण की रिपोर्ट दर्ज करा दी। एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने बच्चे की बरामदगी के लिए एएसपी जितेंद्र कुमार दुबे के निर्देशन में सीओ सिटी अजीत चौहान, सर्विलांस टीम व ढोलना थाना पुलिस को लगाया था। पुलिस विक्रम की तलाश में इधर-उधर भटक रही थी। इसी बीच 28 जनवरी को चार वर्षीय बच्चे के कीरतपुर भट्ठा के पास मिलने की जानकारी ढोलना पुलिस को मिली। पुलिस वाले बसंत व को लेकर कीरतपुर गए लावारिस मिला बच्चा विक्रम निकला। इसके बाद पुलिस ने आरोपी झोलाछाप की तलाश शुरू कर दी। सोमवार रात झोलाछाप व उसकी पत्नी को भी पुलिस ने दबोच लिया।

## शहीद दिवस पर बापू को किया याद

**बदायूं।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को शहीद दिवस के रूप में मनाया गया। मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित शहीद स्थल पर जिलाधिकारी मनोज कुमार व अन्य अधिकारियों ने शहीदों की याद में दो मिनट का मौन रख उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित की गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का संपूर्ण जीवन देश को समर्पित रहा। उनके द्वारा हम सबको सत्य, अहिंसा, शांति व सद्भाव का संदेश दिया। कहा कि गांधी दर्शन आज भी प्रासंगिक है, हम सभी को अपने दिए गए दायित्वों का पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निर्वहन करना चाहिए और इसी से ही अमर शहीदों के सपनों के भारत का निर्माण संभव होगा। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



शहीदों को नमन करते डीएम मनोज कुमार, एसएसपी आलोक प्रियदर्शी व अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी।

# कमीशन बढ़ाने को लेकर विधायक से मिले कोटेदार



विधायक को ज्ञापन देते एसोसिएशन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, जलेसर

**अमृत विचार :** सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेताओं की कमिशन बढ़ाए जाने को लेकर मांग जोर पकड़ती जा रही है। मंगलवार को आदर्श कोटेदार एवं उपभोक्ता वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने विधायक संजीव दिवाकर से मुलाकात की और मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा।

इस मौके पर उपभोक्ता संगठन के पदाधिकारी राजेश यादव व मुनीश वार्ष्णेय ने बताया कि गुजरात, हरियाणा, बिहार और गोवा में कोटेदारों को 200 रुपये प्रति क्विंटल कमीशन मिल रहा है। जबकि दिल्ली में 250 रुपये

**▸▸ कोटेदार बोले- नहीं हो रहा गुजारा, 200 रुपये प्रति क्विंटल किया जाए कमीशन**

प्रति क्विंटल के हिसाब से सरकार कमीशन दे रही है। मगर उत्तर प्रदेश में नाममात्र के कमीशन पर काम करना पड़ रहा है। राशन डीलर कमीशन काफी कम होने के चलते गुजारा नहीं हो पा रहे हैं। उनका कहना है कि यूपी में भी 200 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से कमीशन किया जाए। ज्ञापन देने वालों में राजेश यादव, मुनेश वार्ष्णेय, जोगिंदर पाल, स्वामी दास, नीरज कुमार, रविंद्र सिंह, अमन बाबू, दलजीत सिंह, मुकेश कुमार, धर्मवीर सिंह, नीतू वार्ष्णेय, आरती देवी, रितु देवी आदि मौजूद रहे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता शिविर आयोजित



शिविर में जानकारी देते सीएचसी अधीक्षक डॉ. बृजेश कुमार सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, अवागढ़

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चुरथरा में मंगलवार को बृहद मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्‍घाटन समाजसेवी संतोष पाराशर ने फीता काटकर किया।

शिविर में मानसिक रोगों से संबंधित लक्षण और उनके बचाव जैसे नींद ना आना, चिंता, तनाव, घबराहट, काम में मन ना लगना,

**▸▸ जिला अस्पताल में सप्ताह में तीन दिन देखे जाते हैं रोगी**

लड़ाई झगड़ा, आत्महत्या का विचार आना, भूत प्रेत का भ्रम होना, याददाश्त की कमी, बुद्धि का कम विकास होना, मिर्गी, बेहोशी आदि की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त बाल स्वास्थ्य, जननी सुरक्षा योजना, क्षय रोग, आयुष्मान कार्ड आदि से संबंधित कार्य भी कराया गया। शिविर में आए 145 लोगों को लाभान्वित किया गया, जिसमें से 19 मानसिक रोगियों को उच्च संस्थान जाने की सलाह दी गई। सीएचसी अधीक्षक डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि इस तरह के मरीज को जिला चिकित्सालय में सोमवार, बुधवार, शुक्रवार तथा सीएचसी पर महीने के प्रथम बृहस्पतिवार को उपचार उपलब्ध कराया जाता है।

इस दौरान उद्योगपति पुष्पेंद्र सिंह यादव, डॉ. सूर्यकांत, डॉ. अश्विनी शर्मा, डॉ. सौरभ, वीपीएम अशोक कुमार, आकाश कुमार आदि रहे।

# शिवानी यादव का खेलो इंडिया में हुआ चयन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिले की एक होनहार खिलाड़ी शिवानी यादव का खेलो इंडिया में चयन होने पर खुशी जताई गयी है। शिवानी की इस सफलता पर परिजन मिठाई बांटकर खुशी का इजहार कर रहे हैं। उसके साथी भी जश्न मना रहे हैं।

लखनऊ के बाबू केडी सिंह स्टेडियम में 27 जनवरी से अटल बिहारी वाजपेयी सब जूनियर कैडेट व सीनियर राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता कराई गई। इसका आरंभ जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह द्वारा किया गया। इसमें ब्लॉक सलारपुर के ग्राम अर्सिस बर्खिन के पं. दीन दयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज की कक्षा 11 की छात्रा शिवानी यादव और प्रिया



परमार ने प्रतिभाग किया। शिवानी यादव ने फाइनल में प्रवेश कर रजत पदक जीत कर बदायूं का नाम रोशन किया है। अब 22 से 24 फरवरी को लखनऊ में होने वाले खेलो इंडिया राष्ट्रीय खेल में शिवानी यादव का चयन हो गया है। इस उपलब्धि पर गांव और परिवार में खुशी की लहर है। उनके कोच रिजवान खान एवं स्कूल के प्रधानाचार्य भूप सिंह राठौर व अन्य लोगों ने शिवानी को बधाई दी है।

# उझानी में कर्मठता-कर्तव्यनिष्ठा पर रेल कर्मियों को किया पुरस्कृत

संवाददाता, उझानी

**अमृत विचार :** कर्तव्य के प्रति निष्ठा जागरूकता कर्मठता को दृष्टिगत रखते हुए मंडल रेल प्रबंधक रेखा यादव इज्जत नगर ने विपिन कुमार को दो हजार रुपये नगद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है।

मंडल रेल प्रबंधक द्वारा भेजे गए पत्र में बताया गया है कि कासगंज मथुरा कासगंज मथुरा छावनी रोहेलखंड स्थित सिकंदर राव, और रति का नगला रेलवे स्टेशनों के मध्य रेल बेल्ट क्रेक हो गया था जिसे देखकर कीमैन विपिन कुमार ने तत्परता दिखाते हुए रेल पथ पर पटाखे लगाकर सुरक्षा सुनिश्चित कर तुरंत सीनियर सेक्शन इंजीनियर रेल



कीमैन विपिन कुमार को दो हजार का चेक देतीं मंडल रेल प्रबंधक रेखा यादव।

**▸▸ रेल बेल्ट क्रेक होने पर कीमैन की सतर्कता से बचा हादसा**

पथ हाथरस सिटी एवं स्टेशन मास्टर को कार्रवाई करने के लिए सूचित कर दिया। जिसके बाद आनन फानन में रेलवे ने बेल्ट को ठीक करा दिया। दुर्घटना होने से बच गई। मंडल रेल प्रबंधक रेखा यादव इज्जत नगर ने विपिन यादव की सूझबूझ की तारीफ करते हुए उन्हें दो हजार का नगद इनाम देकर व प्रशस्ति पत्र भेंट किया।


## रद्दी बिक्री हेतु निविदा सूचना

**अमृत विचार प्रेस, इण्डस्ट्रीयल प्लॉट नं. 42, निकट बद्रीनगर इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ- 226008 (उ.प्र.)** से रद्दी अखबार, मलाड एवं रद्दी कागज (स्वीपिंग) तथा रीलएंड (रीलकोर तथा बचा हुआ कागज) और अन्य स्क्रैप बिक्री हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। टेंडर के साथ अधोलिखित विवरण के अनुसार ऊपर दिये गये स्थान पर भेजें।

**निविदा की शर्ते निम्न हैं**

1. सभी रद्दी/स्क्रैप के मूल्य पर जीएसटी जो केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा लागू होगा अतिरिक्त देना होगा।
2. निविदा साफ-साफ हस्तलिखित या टाइप किया होना चाहिए।
3. रद्दी/स्क्रैप उठाने से पूर्व भुगतान नगद या ड्रॉफ्ट से करना होगा।
4. किसी भी तरह के विवाद का निपटारा लखनऊ स्थित न्यायाधिकरण के अंतर्गत होगा।
5. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार कम्पनी का होगा।
6. निविदा को सील बंद लिफाफे में 25.02.2024 तक कार्यालय भेजें।
7. जब टेंडर खुलेगा तब आपको सूचित करने के बाद आपको 20000 रू. जमा करने होंगे। नहीं तो आपका टेंडर निरस्त करने का अधिकार कंपनी का होगा।

**स्क्रैप का विवरण निम्न प्रकार है।**

1. अखबार रद्दी
2. मलाड एण्ड रद्दी कागज (स्वीपिंग)
3. डी.एन.पी. (धब्बा)
4. रीलएंड (रील कोर तथा बचा हुआ कागज)
5. स्क्रैप एल्यूमीनियम प्लेट
6. प्लास्टिक बाल्टी 25 किग्रा.
7. खाली कैन 20 लीटर।
8. प्लास्टिक रील गुटका एवं प्लास्टिक कचरा (पन्नी)
9. ड्रम आयरन 200 ली.
10. ड्रम प्लास्टिक 200 ली.


**आयोजन** शहीद दिवस के रूप में मनाई गांधी जी की पुण्य तिथि, पुष्पांजलि अर्पित की गई

# बापू ने आजादी के लिए अपना जीवन किया बलिदान

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** कांग्रेस विधि विभाग के अधिवक्ताओं ने मंगलवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि मनाई। इस मौके पर अधिवक्ताओं ने गांधी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

कांग्रेस विधि विभाग के चेयरमैन सत्येन्द्र पाल सिहं बैस ने कहा कि देश को अंग्रेजों की गुलामी से आजाद कराने में गांधी जी का बहुत बड़ा योगदान रहा। उन्होंने भारती की आजादी, विकास, समृद्धि के लिए अपना जीवन तक बलिदान कर दिया। 30 जनवरी 1948 को नाथूराम गोडसे ने महात्मा गांधी की गोली मारकर हत्या कर दी थी। गांधी जी के इस बलिदान की याद में और उन्हें सम्मान देने के लिए हर साल 30 जनवरी का दिन शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन उन सभी शहीदों को भी याद किया जाता है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते अपने प्राण न्योछावर कर दिए। आज बाबू की बजह से हम सब आजाद हवा में सांस ले रहे है। गांधी जी का स्वच्छता का मंत्र आज जन जन तक पहुंच चुका है। देश हमेशा उनके इस बलिदानों को याद रखेगा।

इस दौरान शिव कुमार सिहं, कमल कुमार यादव, चूंडामणी, श्यामवीर सिहं आदेश कुमार सिसौदिया, सुनील असावा, राजीव यादव, निर्मल कुमार, नरेन्द्र कुमार संजीव कुमार, मोहम्मद यासीन, मोहम्मद जुबेर, तेगबहादुर, अयोध्याप्रसाद, शशिकान्त पचौरी मौजूद रहे।




कांग्रेस विधि विभाग के कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार



अमांपुर कस्बे में शहीद स्तंभ पर पुष्प अर्पित करते बीडीओ चरन सिंह। ● अमृत विचार



महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर आयोजित विचार गोष्ठी में अपने विचार रखते बृजलाल भारती। ● अमृत विचार

### अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी

**अमांपुर।** शहीद दिवस के अवसर पर मंगलवारको अमांपुर कस्बे के शहीद स्मारकों पर पुष्प अर्पित कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान बीडीओ चरन सिंह, एडीओ पंचायत रामनिवास वर्मा, जेई सरदार निर्मल सिंह, शिव कुमार गुप्ता, वीरी सिंह शाक्य, जगमोहन, आकाश गुप्ता सर्राफ, रोहित पाल मौजूद रहे।

### अहिंसक तरीके से भाईचारा बनाए रखना सच्ची श्रद्धांजलि

**कासगंज।** सीपीआईआएम व उत्तर प्रदेश खेत मजदूर यूनियन के अशोक नगर स्थित लेनिन सेंटर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का शहादत दिवस मनाया गया। इस मौके पर सीपीआईएम, किसानसभा, खेत मजदूर यूनियन व सीटू के पदाधिकारियों ने गांधी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। विचार गोष्ठी में उत्तर प्रदेश खेत मजदूर यूनियन के राज्य महासचिव बृजलाल भारती ने कहा कि वर्तमान दौर में नफरत की राजनीति को हराना और अहिंसक तरीके से जनता में भाईचारा बनाए रखना ही गांधी जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। हमें लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता व सामाजिक न्याय तथा भारतीय संविधान की रक्षा करने का संकल्प लेना चाहिए। तभी स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व को कायम रखा जा सकता है। गोष्ठी को किसान सभा के जिला सचिव सुनील सिंह, डीवाईएफआई के जिलाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह सोलंकी ने भी संबोधित किया। इस दौरान सीटू नेता पूर्व प्रधान राजवीर सिंह, ईश्वरी प्रसाद, गोवर्धन सिंह, चंद्रपाल सिंह खेत मजदूर यूनियन के सूबेदार सिंह, रामजीलाल, पननालाल, नौजवान सभा से विकास कुशवाह आदि रहे।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
## क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे मकान की रजिस्ट्री का पूर्व वैनामा जो दिनांक 30.05.92 को बुक नं. 1 खंड नं. 285 पृष्ठ नं. 144-148 क्रमांक 3536 कार्यालय सदर, बरेली पर रजिस्ट्रीकृत है जो कि वास्तव मे कहीं खो गया है। **वीरेन्द्र शर्मा पुत्र बनबारी लाल, नि. साहूकारा, इस्लामनगर, बदायूं। मो. 9457424346**

**CHANGE OF NAME**

Be informed that before my marriage my name was Dilshad Siddiqui. Now after marriage is Dilshad Mekrani. Both the above names belong to the same person. In future, I should be known and recognized Dilshad Mekrani. **Dilshad Mekrani D/o Wasim Ahmed Siddiqui, W/o Shri Asif Mekrani, Resident- Plot No. 287, Samrat Nagar, Shikargarh, Jodhpur, Rajasthan**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 1998 अनुक्रमांक 0542344 तथा इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2000 अनुक्रमांक 0265231 का अंक पत्र व प्रमाण पत्र वास्तव में कही खो गया है। **रमनप्रीत सिंह पुत्र त्रिलोक सिंह मोहल्ला लकड़ी मण्डी चमकनी तह. सदर थाना सदर, शाहजहांपुर मो. 9838502910, 9628774400**

**सूचना**

मेरा नाम पासपोर्ट में JULFKAR ALI व माता का नाम ABTAHI BEGAM गलत दर्ज है। जबकि आधार कार्ड में JULFEKAR ALI व माता का नाम APTAHI दर्ज है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **JULFEKAR ALI पुत्र HAFIJ ALI निवासी शेखनपुरवा, कुम्हेना जिला खीरी।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## उत्तरकाशी में सिलक्यारा सुरंग में फिर काम शुरू

**उत्तरकाशी, अमृत विचार :** दो महीने से अधिक बंद रहने के बाद उत्तरकाशी जिले में 'आल वेदर' सड़क मार्ग पर निर्माणाधीन सिलक्यारा सुरंग का काम फिर शुरू हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के निर्देश पर बड़कोट की ओर से सिलक्यारा सुरंग निर्माण के कुछ कार्य शुरू कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि सुरंग की 'सेंटर वॉल' के निर्माण के लिए 'शटरिंग' प्रारंभ कर दी गयी है, जबकि सिलक्यारा की ओर से सुरंग के मुहाने पर निर्माणाधीन पुल का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। पिछले साल 12 नवंबर की सुबह 4.5 किलोमीटर लंबी निर्माणाधीन सुरंग में मलबा गिरने से उसमें 41 मजदूर फंस गए थे जिन्हें 17 दिन की कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला जा सका था। हादसे के बाद से सुरंग का काम बंद पड़ा था।

### लोकसभा चुनाव से पहले सरकार के कामों पर किया जा रहा सर्वे भाजपा के रणनीतिकारों के लिए सुलझाएगा कई मुश्किल गुत्थियां

# नमो एप : घर-घर मोदी से आगे बढ़ी मुहिम हर दिमाग में घर बनाने तक पहुंची

शिवांग पांडेय, बरेली



- मनोवैज्ञानिक असर वाली मुहिम, जिले में ढाई लाख लोगों ने डाउनलोड किया एप
- स्कूलों में उन बच्चों से भी डाउनलोड कराया जा रहा नमो एप जो अभी वोटर नहीं

**अमृत विचार :** पहली बार 2014 में मोदी सरकार बनने के बाद घर-घर मोदी का नारा गूंजा था लेकिन भाजपा की चुनावी राजनीति पिछले दस सालों में इसके आगे मीलों का सफर तय कर चुकी है। भाजपा की ओर से एक सर्वे की शक्ल में नई मुहिम हर दिमाग में घर बनाने की शुरू हुई है।

लोकसभा चुनाव से ऐन पहले नमो एप के जरिए लोगों पर मनोवैज्ञानिक असर छोड़ने वाली इस मुहिम के दायरे में सिर्फ मौजूदा वोटर नहीं बल्कि अगली पीढ़ी के वोटरों का दिमाग पढ़ने का भी इरादा साफ झलक रहा है। शहर के मनोवैज्ञानिक ऐसा ही मानते हैं। जिले में नमो एप के जरिए अधिकतम लोगों तक पहुंचने की कोशिश की गई है। अनुमानित तौर पर अब तक यह एप करीब ढाई लाख मोबाइल फोन में डाउनलोड कराया गया है। स्कूलों में प्रबंधन की ओर से शिक्षकों को अनिवार्य तौर से अपने मोबाइल फोन में एप डाउनलोड करने के निर्देश जारी किए गए थे। ऐसा ही कई निजी कंपनियों में हुआ है। स्कूलों में पढ़ने वाले ऐसे विद्यार्थियों से भी नमो एप डाउनलोड कराया गया है जो अभी वोटर तक नहीं हैं। भाजपा के नेताओं की ओर से भी अलग-अलग वर्गों में नमो एप डाउनलोड कराए जा रहे हैं। नमो एप पर सर्वे की शुरुआत इस टैग लाइन के साथ होती है, जनमन सर्वेः नए भारत की प्रगति के लिए एक कदम। कहने को इस सर्वे में सरकार के कामों पर लोगों से फीडबैक मांगा जा रहा है। इसके लिए दर्जन भर से ज्यादा सवाल पूछे गए हैं।

मोटे तौर पर लगता है कि भाजपा सरकार जानना चाहती है कि उसकी कोशिशों का जमीनी स्तर तक क्या असर हुआ, लेकिन इस सर्वे के नतीजे चुनाव में उतरने से पहले खुद भाजपा हाईकमान के लिए कई सवालों के जवाब स्पष्ट करने वाले हैं। इस पर मनोचिकित्सकों की ओर से बताया गया कि किसी व्यक्ति की ओर से फीडबैक लेने का मतलब उनके अपने कामों के आंकलन को कहा जाता है।

मनोवैज्ञानिक विषय पर पीएचडी कर रहे शैलेश कुमार शर्मा ने बताया कि सरकार का उद्देश्य चुनाव से पहले जनता की राय जानना हो सकता है। कई और राज्यों में भी चुनाव से पहले नमो एप के जरिए सर्वे किया गया है। सर्वे में जो सवाल पूछे गए हैं, उनके जवाब आने वाले लोकसभा चुनाव में पार्टी के उम्मीदवारों का रिपोर्ट कार्ड बन सकते हैं। जनता का रुझान भी साफ हो सकता है।

### नमो एपः इन सवालों के देने हैं जवाब

1- मोदी सरकार की ओवरऑल परफार्मेंस पर क्या रेटिंग देंगे।
2- क्या आप अतीत की तुलना में अपने भविष्य के बारे में ज्यादा आशान्वित महसूस करते हैं।
3- विश्व में भारत के बढ़ते कद पर आपकी क्या राय है।
4- इन्फ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य, रोजगार, किसान समृद्धि, भ्रष्टाचारमुक्त सरकार, राष्ट्रीय सुरक्षा, अर्थव्यवस्था, महिला सशक्तीकरण, डिजिटल इंडिया, स्वच्छ भारत, कानून-व्यवस्था और शहरी विकास पर आपकी राय।
5- क्या आपने व्यक्तिगत रूप से किसी सरकारी योजना का लाभ लिया है।
6- क्या आपका सांसद निर्वाचन क्षेत्र में पहुंच योग्य और दृश्यमान है।
7- क्या आप सांसद की पहल से जागरूक हैं।
8- क्या आप सांसद के कामों से संतुष्ट है।
9- क्या आपके सांसद अपने निर्वाचन क्षेत्र में लोकप्रिय है।
10- अपने निर्वाचन क्षेत्र के तीन लोकप्रिय नेताओं के नाम लिखिए।
11- आपकी संतुष्टि : रोड, बिजली, पीने योग्य पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, राशन संबंधित मुद्दे, रोजगार, कानून व्यवस्था, स्वच्छता।
12- आपके द्वारा वोट डालते समय मुख्य कारक : इन्फ्रास्ट्रक्चर, अर्थव्यवस्था, सांस्कृतिक मुद्दे, लोककल्याण योजनाएं, रोजगार, नागरिक मुद्दे, पीएम उम्मीदवार, राजनीतिक दल, राष्ट्रीयता।
13- क्या आप 2024 लोकसभा के चुनाव में बीजेपी को वोट डालेंगे।

### आपके जवाब, कई बंद दरवाजों की चाबी

मनोवैज्ञानिकों के मुताबिक शुरुआती दो सवालों के जवाब यह बताएंगे कि मोदी सरकार के समर्थक हैं या नहीं। हैं तो आपका समर्थन कितना मजबूत है। इसके बाद के कुछ सवाल यह पता लगाने में मदद करेंगे कि भाजपा और गैरभाजपाई दलों की ओर से उठाए जाने वाले मुद्दों का आप पर क्या असर है। सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों का क्या रुझान है और जनता के बीच चुनाव में क्या मुद्दे भूमिका निभाएंगे। इसके अलावा सबसे महत्वपूर्ण यह है कि अपने मौजूदा सांसद को आप वोट देने लायक मानते हैं या नहीं। उसके बजाय भाजपा का कोई और नेता तो आपको पसंद नहीं है।

# सीतापुर जंक्शन व सिटी स्टेशन के बीच नान इंटरलाकिंग कार्य से 13 ट्रेनें होंगी प्रभावित

### कुछ ट्रेनें बदले रूट से चलाई जाएंगी और कई को रास्ते में रोका जाएगा

संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** सीतापुर जंक्शन और सीतापुर सिटी स्टेशन के बीच नान इंटरलाकिंग और इंटरलाकिंग कार्य की वजह से मंडल की ट्रेनों का संचालन प्रभावित होगा। 13 फरवरी तक रेल ब्लॉक का असर ट्रेनों के संचालन पर पड़ेगा। दोनों दिशा की 13 ट्रेनों को यात्रा के दौरान कुछ समय रोककर और कुछ स्टेशनों से रूट बदल कर चलाया जाएगा। मंगलवार से इस आधार पर ट्रेनों का संचालन शुरू हो गया। प्रवर मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुधीर सिंह ने यह जानकारी दी है। बताया है कि ट्रेन बालामऊ से सीतापुर के बीच चलने वाली (04353/54) तेरह फरवरी तक निरस्त रहेगी। उधर, बालामऊ- सीतापुर सिटी के बीच चलने वाली (04321/22) नौ से तेरह फरवरी तक निरस्त रहेगी। अमृतसर से दरभंगा के बीच चलने वाली गाड़ी (15212) आठ से बाह फरवरी तक रोजा-लखनऊ-बाराबंकी-बुढवल के रास्ते चलेगी।

गाड़ी संख्या (15211) आठ से बारह फरवरी तक बुढवल- बाराबंकी, लखनऊ- रोजा होकर चलेगी। अमृतसर- गोरखपुर को चलने वाली ट्रेन (22424) ग्यारह फरवरी को रोजा- लखनऊ- बुढ़वल-बाराबंकी रूट से चलेगी। यह ट्रेन 12 फरवरी को इसी रूट से वापसी करेगी। अमृतसर- सहरसा एक्सप्रेस (15532) 12 फरवरी को रोजा-लखनऊ-बाराबंकी-बुढ़वल से चलेगी। 11 फरवरी को यह ट्रेन बुढ़वल- बाराबंकी- लखनऊ- रोजा रूट से चलेगी। कानपुर सेंट्रल से सीतापुर सिटी के बीच चलने वाली (04328) नौ से 13 फरवरी को बालामऊ-सीतापुर के बीच निरस्त रहेगी।

### बीकानेर साप्ताहिक 11 घंटे लेट

**मुरादाबाद।** कोहरा कम होने के बाद भी ट्रेनों के देर से चलने का क्रम जारी है। मंगलवार को बीकानेर साप्ताहिक ट्रेन 11 घंटे 8 मिनट की देरी से पहुंची। हिमगिरी 2 घंटे 44 मिनट से चली। राजधानी के यात्री 1 घंटा 38 मिनट से ट्रेन की प्रतीक्षा करते रहे। देहरादून लिंक 4 घंटे 14 मिनट, पोरवंदर 1 घंटा 6 मिनट, कुंभ 2 घंटा 20 मिनट और श्रमजीवी 1 घंटा 35 मिनट, जनसाधारण 1 घंटा 48 मिनट, सियालदह एक्सप्रेस 2 घंटे 11 मिनट, जलियांवाला बाग एक्सप्रेस 2 घंटे 48 मिनट, गंगा-सतलुज एक्सप्रेस 2 घंटे 50 मिनट, कानपुर सेंट्रल साप्ताहिक एक्सप्रेस 3 घंटा 15 मिनट, सुपरफास्ट सप्तक्रांति 40 मिनट की देरी से चली। मुरादाबाद- रामनगर, सहारनपुर पैसेंजर मेमू, अलीगढ़, गजरौला सवारी गाड़ी की देरी को लेकर यात्रियों ने स्टेशन पर शोर मचाया, लेकिन स्टेशन मास्टर से उन्हें कोहरे का हवाला देकर शांत करा दिया।

### जंक्शन पर यात्रियों को नहीं मिल रहा किफायती खाना

**बरेली।** बरेली जंक्शन पर सामान्य यात्रियों को सिर्फ 20 रुपये में मिलने वाला किफायती भोजन अब कहीं नजर नहीं आता। छह माह के ट्रायल के बाद बंद हुईं ट्रालियों को दोबारा शुरू करने के रेल प्रशासन के निर्देश के बावजूद ट्रालियां जहां की तहां खड़ी हैं। दरअसल रेल प्रशासन ने ये सुविधा उन स्टेशनों पर शुरू की थी जहां आईआरसीटीसी द्वारा संचालित भोजनालय हैं। बरेली जंक्शन पर किफायती भोजन की दो ट्रॉलियां प्लेटफार्म नंबर एक व दो पर लग रही थीं जो बंद कर दी गईं। कुछ दिनों पहले रेलवे बोर्ड ने इसे दोबारा चालू करने के निर्देश दिये। जंक्शन पर ट्रॉलियों का संचालन कर रहे आरके फूड द्वारा आईआरसीटीसी को फीस भी जमा की जा चुकी है। लेकिन किफायती भोजन की ट्रॉलियां अब तक शुरू नहीं की गई हैं। प्लेटफार्म नंबर दो पर एफओबी के नीचे यह ट्रालियां लंबे समय से खड़ी हैं। दिन भर ट्रेनें आती-जाती हैं, लेकिन इन पर खाना नहीं बिकता। मुख्य वाणिज्य निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि ट्रॉली बंद मिलती हैं तो जुर्माना लगाया जायेगा। पूर्व में एक बार जुर्माना लगाया जा चुका है।

### ट्रॉलियों पर मिलता है कई तरह का भोजन

इन छोटी-छोटी ट्रॉलियों पर सस्ते खाने की कई प्रकार की वैराइटी हैं। सबसे सस्ता जनता खाना 15 रुपये का। इसके अलावा किफायती भोजन 20 रुपये का मिलता है इसमें आलू और अचार के साथ सात पूरियां हैं। वहीं कॉम्बो भोजन की थाली 50 रुपये की और एक गिलास पानी तीन रुपये में दिया जाता है। इसमें राजमा, छोले चावल, खिचड़ी, छोले भटूरे, पावभाजी, मसाला डोसा, नींबू चावल, दही चावल, इमली चावल, दाल खिचड़ी व अचार किफायती भोजन में शामिल किये गये हैं।

## जर्जर पुलों से हादसे का डर, पूरे प्रदेश में सेफ्टी ऑडिट की तैयारी

**बरेली, अमृत विचार :** दशकों पुराने पुल की हालत क्या है, क्या वहां से सुरक्षित सफर हो रहा है या हादसे का डर है, इसके लिए बरेली समेत पूरे प्रदेश में पुराने पुलों का सेफ्टी ऑडिट होगा। इस संबंध में लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने सभी जिलों के अभियंताओं को पुराने पुलों का ऑडिट कराने के साथ जल्द रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। दरअसल, पुराने पुलों की देखभाल न होने, भार क्षमता से अधिक यातायात और अत्यधिक समयावधि के कारण हादसे हो रहे हैं। जिसमें जान माल के नुकसान के साथ आवागमन बाधित होता है। पीडब्ल्यूडी मंत्री ने विभाग को प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर जो पुल दशकों पहले बनाए गए हैं, उनमें भार क्षमता के आधार पर आवागमन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। चेतावनी दी कि जर्जर पुलों की वजह से किसी भी तरह की दुर्घटना होने पर सीधे तौर पर अधिकारी जिम्मेदार माने जाएंगे। उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसई अभिनेश कुमार ने बताया कि जिले के सभी तरह के पुलों का सेफ्टी ऑडिट कराने के लिए अधिशासी अभियंताओं को निर्देशित किया गया है। बताते हैं कि जिले में छोटे-बड़े करीब 220 पुल हैं। इनमें करीब 50 फीसदी ऐसे होंगे, जो कई दशक पुराने हैं।

# दरवाजा खोला तो बिस्तर पर बेसुध पड़े थे तीनों मजदूर



पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद मृतक के परिजन। ● अमृत विचार

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** बदायूं निवासी राजकुमार, अवनीश और शाहजहांपुर निवासी मोनन्दर नैनीताल में दिहाड़ी मजदूरी का कार्य करते थे। रविवार रात को तीनों ने कमरे में पहुंचकर अंगीठी में आग जलाई। रात को खाना खाने के बाद तीनों अंगीठी भीतर ही रखकर सो गए।

रात को तीनों की हालत बिगड़ी और वह बेसुध हो गए। कई बार आवाज देने के बाद भी जब कमरा नहीं खुला तो पुलिस दरवाजा तोड़कर भीतर पहुंची। जहां तीनों मजदूर बेसुध अवस्था में बिस्तर पर पड़े हुए थे। आनन-फानन में पुलिस तीनों को लेकर बीडी पांडे अस्पताल पहुंची। जहां चिकित्सकों ने बदायूं निवासी 21 वर्षीय राजकुमार व 24 वर्षीय अवनीश को मृत घोषित कर दिया। वही शाहजहांपुर निवासी मोनन्दर की गंभीर हालत देखते हुए सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### पुलिस के साथ पहुंचा ठेकेदार

सोमवार सुबह तीनों के स्वजनों ने फोन पर उनसे संपर्क करना चाहा। मगर उनका फोन नहीं उठा। इससे स्वजन परेशान हो उठे। उन्होंने ठेकेदार से संपर्क किया तो उसने हल्द्वानी होने की बात कही। किसी अनहोनी की आशंका के चलते सोमवार रात करीब 12 बजे नैनीताल पहुंच ठेकेदार पुलिस की मौजूदगी में मजदूरों के कमरे तक पहुंचा। जहां कमरा भीतर से बंद मिला।

## काशीपुर पुलिस ने नकली दवा फैक्ट्री का किया भंडाफोड़

**रुद्रपुर, अमृत विचारः** काशीपुर पुलिस ने इलाके में संचालित नकली दवा बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि फरार दो आरोपियों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है। इस दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में नकली दवा बरामद कर किराए के मकान में संचालित फैक्ट्री को सीज कर दिया है। साथ ही आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है। मंगलवार को पुलिस कार्यालय में खुलासा करते हुए एसएसपी मंजूनाथ टीसी, एसपी सिटी काशीपुर अभय प्रताप सिंह और सीओ अनुषा बडोला ने बताया कि वरिष्ठ औषधि निरीक्षक नीरज कुमार ने कोतवाली पुलिस को बताया कि इलाके के सीता रामपुर ग्राम रंपुरा काशीपुर के रहने वाले मनीष रस्तोगी के मकान को कुछ बाहरी व्यक्तियों द्वारा किराए पर लेकर उसमें नकली दवा बनाने का धंधा कर रहे हैं। कुंडेश्वरी चौकी प्रभारी विनोद जोशी, विपुल जोशी सहित पुलिस की टीम ने बताए गए स्थान पर दबिश देकर अरुण कुमार शामली रेलपार गली थाना आदर्श मंडी शामली यूपी हाल निवासी गंगनहर शिवालिक नगर रुड़की हरिद्वार और शिव पुरम कॉलोनी थाना गंग नहर रुड़की निवासी रविकांत को गिरफ्तार कर लिया।

रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
पताः सेक्टर -7, राम गंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली। मो. 8077808309
निःशुल्क चिकित्सा शिविर बाल रोग विभाग
दिनांक : 29, 30 व 31 जनवरी 2024 | समय प्रातः 09 बजे से सांय 04 बजे तक
यदि आपका बच्चा निम्न बीमारियों/लक्षणों से पीड़ित है तो एक बार रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में कमरा नं. 9 में सम्पर्क करें।
(C.P.) CEREBRAL PALSY (मानसिक पक्षाघात)
- बच्चे को दौरे या (मिर्गी) आना
- सुनने में कठिनाई
- दृष्टि और असमान्य नेत्र गति
- चलने में असमर्थता
- बौद्धिक विकलांगता
(DMD) (वंशानुगत मांसपेशी विकार)
- पैरों और कूल्हों की मांसपेशियाँ कमजोर होना
- पंजों पर चलना या ठीक से नहीं चल पाना
- चलते हुए बार-बार गिर जाना
- सीढ़ी न चढ़ पाना
- बैठकर उठने में परेशानी होना।
AUTISM (ऑटिज़्म)
- बच्चे को अपनी बात कहने या बताने में परेशानी होना।
- बच्चे का अन्य बच्चों से मित्रता नहीं करना या अकेले रहना।
- किसी भी व्यवहार या काम को नियमित रूप से करना या बार-बार करना।
- आंखों के संपर्क से बचना या आंख ना मिलाना।
- चेहरे पर किसी हाव-भाव का ना होना
ADHD (ध्यानाभाव या अतिसक्रियता विकार)
- ध्यान लगाने में दिक्कत होना
- किसी भी कार्य को पूरा करने में कठिनाई होना
- बच्चे का अत्यधिक सक्रिय होना
- बच्चे में अधिक उतावलापन रहना
Dr. Priyanka Tripathi
M.D. (Ayu. Paediatric), NIA, Jaipur
नोट : निम्न बीमारियों की चिकित्सा पंचकर्म/आयुर्वेदिक औषधियों द्वारा की जाती है।









## एक सप्ताह तक 13 ट्रेनों का संचालन रहेगा प्रभावित

**बरेली, अमृत विचार :** सर्दी में कोहरे की वजह से ट्रेनों की लेटलतीफी जारी रही। अब फरवरी में ब्लॉक की वजह से संचालन प्रभावित होगा। रेल प्रशासन सीतापुर जंक्शन और सिटी स्टेशन पर कार्य के चलते ब्लॉक लेगा, इसकी वजह से 13 ट्रेनों का संचालन प्रभावित होगा। इसमें दो ट्रेनों को निरस्त और छह ट्रेनों को डायवर्ट किया जाएगा। इसके अलावा दो ट्रेनें शार्ट टर्मिनेट और शार्ट ओरिजनेट और तीन ट्रेनों को नियंत्रित और रिशेड्यूल किया जाएगा। मुरादाबाद रेल मंडल के सीनियर डीसीएम सुधीर सिंह ने बताया कि पूर्वोत्तर रेलवे के सीतापुर जंक्शन और उत्तर रेलवे के सीतापुर सिटी स्टेशन पर आठ फरवरी तक प्री नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किए जाएंगे।

# पांच वर्ष में रकम दोगुनी का झांसा दे 12 लाख ठगे

संवाददाता, बरेली

- दर्जनों निवेशकों की रकम लेकर कंपनी के अफसर फरार
- कार्यालयों में पड़े ताले, कोर्ट के आदेश पर नौ पर रिपोर्ट

**अमृत विचार :** पांच वर्ष में रकम दोगुनी करने का झांसा देकर एक कंपनी ने एजेंट के माध्यम से लोगों के पैसे जमा कराए। एजेंट ने परिवार, रिश्तेदार और गांव के गांव के कई लोगों के करीब 12 लाख रुपये कंपनी में जमा करा दिए। जब रुपये की वापसी का समय आया तो अफसर कंपनी के कार्यालयों में ताले डालकर फरार हो गए। एजेंट ने कोर्ट के आदेश पर कंपनी के अध्यक्ष, दो बोर्ड डायरेक्टर समेत नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मीरगंज के गांव मनकरा निवासी ब्रजेश कुमार ने बताया कि वर्ष 2013 में जिला रामपुर निवासी उसके मौसा भूपराम और मौसेरे भाई वीरपाल भूमि शृंगार रियल एस्टेट ग्रामीण विकास निधि लिमिटेड के हेड ऑफिस सुरेश शर्मा नगर और भूमि शृंगार रियल एस्टेट इंडिया लिमिटेड के अमरनाथ धाम कॉलोनी स्थित कार्यालय पर ले गए। वहां भूपराम, वीरपाल, कंपनी के डायरेक्टर संतकुमार, संतोष कुमार मौर्या, दयाशंकर मौर्या, मनोज मौर्या, शिवचरन मौर्य ने बताया कि उनकी कंपनी धन जमा कराकर पांच वर्ष में दोगुनी रकम देती है। उन्हें बताया कि कंपनी के नाम से जमीन खरीदने और बेचने का भी काम होता है। उन्हें अच्छी कमीशन और एजेंट बनने का ऑफर दिया। ब्रजेश के मुताबिक कंपनी के लोगों पर भरोसा कर उन्होंने काम शुरू कर दिया। परिवार, रिश्तेदारों और गांवों के करीब 30 लोगों के 12 लाख से अधिक रुपये कंपनी में निवेश करा दिए। समय पूरा होने पर रुपये मांगे तो आरोपी कंपनी बंद कर फरार हो गए। रुपये मांगे तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी और मारपीट की। मामले में कोर्ट के आदेश पर बारादरी पुलिस ने कंपनी के दो बोर्ड डायरेक्टर, अध्यक्ष संतराम, प्रबंध निदेशक संतोष कुमार निवासी सनेकपुर थाना हाफिजगंज, प्रबंधक दयाशंकर, मनोज मौर्या निवासी चकमहमूद थाना बारादरी, शिव चरन मौर्य, भूपराम, वीरपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### कंपनी के नाम से खोला था फर्जी बैंक

ब्रजेश कुमार के अनुसार आरोपियों ने भूमि शृंगार ग्रामीण विकास निधि के नाम से फर्जी बैंक भी खोला। इसमें सैकड़ों लोगों का रुपया जमा कराया। जब करोड़ों रुपये जमा हो गए तो आरोपी बैंक बंद कर चंपत हो गए।

### इन लोगों ने जमा की थी रकम

ब्रजेश कुमार ने बताया कि उनकी बेटी पूनम, भाई पप्पू, बहनोई भगवान दास, पिता चेतराम, तहेरे भाई सुनील, बहनोई महेन्द्र, नौबतराम, हरप्रसाद, ठाकुरदास, गांव के चन्द्रपाल, प्रेमपाल, वीरेंद्र, मंगलसेन, शांति प्रसाद, लता, मुकेश, रामलली, नेहा, सकटू, महारानी, तेजपाल, पोशीराम, शिशुपाल, होरीलाल, नन्हीं, आदेश मौर्या, विमला देवी, गंगादेवी, प्रभा देवी, नंदकिशोर से कंपनी में रुपये जमा कराए थे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# युवती की हत्या कर सीबीगंज इलाके में बड़ा बाईपास किनारे फेंका शव

संवाददाता, बरेली/सीबीगंज

**अमृत विचार :** करीब 24 साल की युवती की हत्या कर उसका शव सीबीगंज इलाके में बड़ा बाईपास किनारे एक खेत के पास फेंक दिया गया। युवती के दोनों हाथ और दोनों पैर सफेद चादर से बंधे हुए थे। चेहरे पर खरोंच और नाक से खून के रिसाव की वजह से पुलिस का अनुमान है कि युवती को दम घोटकर मारने के बाद शव लाकर फेंक दिया गया। दुष्कर्म की भी आशंका जताई जा रही है। शाम तक युवती की पहचान नहीं हो पाई।

बड़ा बाईपास पर टियूलिया और परधौली गांव के बीच सड़क किनारे सरसों के खेत के नजदीक फेंका गया युवती का शव सुबह खेत में घास काटने पहुंची एक महिला ने देखा। इसके बाद शोर मचाते हुए उसने आसपास खेतों में काम कर रहे लोगों को इकट्ठा किया। मौके पर पहुंचे इंस्पेक्टर सीबीगंज ने शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की लेकिन घटनास्थल पर मौजूद लोगों में कोई युवती को नहीं पहचान सका। एसपी सिटी राहुल भाटी और सीओ अभिजीत सिंह ने भी मौका मुआयना किया। फोरेंसिक टीम के साक्ष्य जुटाने के बाद शव को पोस्टमार्टम हाउस की मोर्चरी में रखवा दिया गया। पुलिस का अनुमान है कि हत्या कहीं और कर के शव के यहां ठिकाने लगाया गया है। पुलिस अफसरों ने बताया कि बरेली से सटे जनपदों में युवती की फोटो भेजने के साथ आसपास के जिलों के थानों में पिछले तीन दिनों में दर्ज हुई युवतियों की गुमशुदगी का ब्योरा इकट्ठा किया जा रहा है।

> प्रारंभिक जांच के मुताबिक युवती की हत्या कहीं और कर शव फेंका गया है। फिलहाल युवती की पहचान कराने की कोशिश की जा रही है।
> – राहुल भाटी, एसपी सिटी

## एक नजर

### खेलकूद और शारीरिक शिक्षा के नॉट क्लियरड छात्रों के फार्म 5 से भरे

**बरेली।** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक विश्वविद्यालय परीक्षा 2023 या पूर्व वर्षों में स्नातक स्तर पर खेलकूद एवं शारीरिक शिक्षा और पर्यावरण विज्ञान में नॉट क्लियरड छात्रों के लिए विशेष परीक्षा और एकल विषय (केवल तृतीय वर्ष) के परीक्षा फार्म 5 से 15 फरवरी तक ऑनलाइन भरे जाएंगे। भरे फार्म कॉलेज में 17 फरवरी तक जमा करने होंगे।

### अंग्रेजी साहित्य की बैक परीक्षा 35 केंद्रों पर 3 फरवरी को होगी

**बरेली।** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने 4 जनवरी को एक साथ दो प्रश्नपत्रों की वजह से रद की गई बीए प्रथम सेमेस्टर अंग्रेजी साहित्य पुराने पाठ्यक्रम की परीक्षा की तिथि 3 निर्धारित की है। परीक्षा दोपहर 2:30 से 4:30 बजे तक 35 केंद्रों पर होगी। परीक्षा नियंत्रक ने केंद्राध्यक्षों को पत्र लिखा है कि 4 जनवरी को बीए प्रथम सेमेटर अंग्रेजी साहित्य-पुराना पाठ्यक्रम बैक पेपर प्रथम प्रश्नपत्र के साथ इतिहास विषय का भी प्रश्नपत्र था।

# माता-पिता की हत्या में वकील को फांसी की सजा

## 13 अक्टूबर 2020 को गोली मारकर की थी हत्या, कोर्ट ने 13 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** मीरगंज के बहरोली में संपत्ति विवाद में बुजुर्ग माता-पिता की गोली मारकर हत्या करने वाले वकील दुर्वेश कुमार को परीक्षण में दोषी पाया गया। अपर सत्र न्यायाधीश ज्ञानेंद्र त्रिपाठी ने उसे फांसी और 13 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुनीति कुमार पाठक ने सजा के प्रश्न पर तर्क दिया कि दुर्वेश कुमार ने सभ्यता, संस्कृति, संस्कार और मानवता की सीमा से परे जाते हुए अपने ही माता-पिता की तीन-तीन गोलियां मारकर हत्या कर दी। 13 अक्टूबर 2020 को सुबह लगभग 6 बजे पिता लालता प्रसाद पर पूजा करते समय दुर्वेश ने ताबड़तोड़ फायरिंग कीं और फिर लाश घसीटकर कमरे में ले जाकर चादर से ढक दिया। मां मोहन देई ने शौचालय में घुसकर अपनी जान बचाने की कोशिश की तो उनकी भी तीन गोली मारकर हत्या कर दी और



मां बाप की हत्या करने वाले (टोपी गले में मफलर) आरोपी वकील को सेशन कोर्ट ने सुनाई फांसी की सजा।

तमंचा लहराता हुआ फरार हो गया। कोर्ट ने गैर जमानती वारंट और कुर्की आदेश जारी किया था। इसके करीब एक महीने बाद 9 नवंबर 2020 को पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था। उसकी निशानदेही पर तमंचा, कारतूस और खून से सने कपड़े बरामद किए थे। शासकीय अधिवक्ता ने कोर्ट से मृत्युदंड की मांग करते हुए कहा कि मुल्जिम ने माता-पिता और पुत्र के पवित्र संबंध पर कलंक लगाया गया है। समाज में कठोर संदेश जाए कि कोई भी पुत्र अपने माता-पिता के साथ ऐसा अपराध करने का विचार भी मन में न लाए। एडीजीसी क्राइम सुनील पाण्डेय ने बताया कि आरोपी के भाई उमेश कुमार सिंह ने थाना मीरगंज में एफआईआर दर्ज कराई थी। अभियोजन ने नौ गवाह पेश किए थे। अदालत ने दोषी पाते हुए फांसी की सजा सुनाई। कठोर सजा सुनाते हुए आदेश दिया कि दोषी को फांसी के फंदे पर तब तक लटकाया जाये, जब तक उसकी मृत्यु न हो जाये।

## कोर्ट ने भाभी से दुष्कर्म में आरोपी दो देवरों को सुनाई 20-20 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

▶▶ **नौ साल पहले हुई थी घटना, आरोपी नंदोई की हो चुकी है मौत**

**अमृत विचार :** पति से विवाद होने के बाद शहर में मौसी के पास रहने वाली भाभी से घर में घुस कर तमंचे के बल पर दुष्कर्म करने के मामले में अदालत ने दो देवरों को 20-20 साल के कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही कोर्ट ने दोषियों पर 33,500 रुपये जुर्माना भी लगाया है। दोनों दोषी देवर जमानत पर थे। सजा सुनाने के बाद दोनों को जेल भेज दिया। एक आरोपी नंदोई की मौत हो चुकी है।

शहर के एक मुहल्ले में रहने वाली युवती की शादी मुरादाबाद के थाना व कस्बा कुंदरकी के मुहल्ला नुरुल्ला में हुई थी। पति से विवाद के चलते वह शहर में ही रहने वाली मौसी के घर आकर रहने लगी थी। 24 जनवरी 2015 की दोपहर वह घर में अकेली थी। तभी उसके देवर नदीम व कय्यूम तथा ननदोई वजीरुद्दीन आए और तीनों ने तमंचे के बल पर उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। तब पीड़िता ने कोर्ट की शरण ली। अदालत के आदेश पर पुलिस ने 13 मार्च 2015 को तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। इसके बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। केस की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम ईश्वर सिंह की कोर्ट में हुई।

## पार्टियों में वेलकम करने वाली युवती से दुष्कर्म की कोशिश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▶▶ **पीड़िता ने आरोपी के विरुद्ध दर्ज कराई एफआईआर**

**अमृत विचार :** शादी-पार्टियों में वेलकम का काम करने वाली युवती को युवक ने जाल में फंसा कर उससे बीच रास्ते में दुष्कर्म करने की कोशिश की। घटना संभल रोड पर ताहपुर बाजार के पास की है। युवक-युवती कार में सवार थे।

जब युवक मंशा में कामयाब नहीं हुआ तो वह युवती को वहीं कार से उतारकर निकल गया। इस मामले में पीड़िता ने मैनाठेर थाने में अमरोहा जिले के थाना डिडोली कस्बा जोया के नदीम पाशा के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज करा दी है। पीड़िता मझोला थाना क्षेत्र के बुद्धि विहार की है। 20 वर्षीय पीड़िता ने थानाध्यक्ष मैनाठेर को आपबीती बताते हुए कहा कि आरोपी नदीम पाशा से उसकी जान-पहचान दो महीने पहले हुई थी। आरोपी ने जोया में अपनी बर्तन की होलसेल की दुकान बताई थी। आरोपी ने युवती को अपने यहां काम करने का आफर दिया था। युवती ने इस बारे में अपनी मां से पूछकर बाद में बताने की बात कही थी। आरोपी युवती से उसका घर देखने और मां से मिलने की जिद करने लगा था। 19 दिसंबर 2023 को आरोपी कार से युवती के घर पहुंच गया था। बाद में युवती को दुकान दिखाने के बहाने आरोपी युवती को अपने साथ ले गया। फिर उसे बहलाकर संभल रोड पर ताहरपुर बाजार की तरफ ले गया और वहीं खाली जमीन पर अपनी कार रोक दी। यहीं पर कार में ही वह युवती से छेड़छाड़ करने लगा और शारीरिक संबंध बनाने का दबाव देने लगा। युवती के मुताबिक, उसने आरोपी की हरकतों का विरोध किया था।

**न्यायालय श्रीमान् एडीएम (वित्त एवं राजस्व), बदायूं**

वाद संख्या 1400/2018

तेजराम बनाम 1. ग्राम सभा तखौरा पर. व तह. बिसौली जिला बदायूं द्वारा ग्राम सभा 2. ओमप्रकाश 3. वेदप्रकाश (पुत्रगण बाबूराम) निवासी ग्राम तखौरा परगना तह. बिसौली जिला बदायूं आदि के लिए तारीख पेशी 27.02.2024 सम्मन पर 21 नाम हैं। सभी के नाम गजट में आने हैं। किसी पक्षकार को यदि कोई आपत्ति हो तो दिनांक 27.02.2024 तक न्यायालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। सम्मन प्रेषित है।

4. किशन वीर 5. सूरजपाल (पुत्रगण बाबूराम) 6. भारत सिंह 7. मुकेश 8. रवेन्द्र (पुत्रगण जसराम) 9. सत्यपाल 10. नेक्सू (पुत्रगण रामफूल) 11. अशोक कुमार पुत्र नेत्रपाल सिंह 12. मुनेश पाल सिंह पुत्र नत्थू सिंह 13. हेमराज 14. ताराचन्द (पुत्रगण यादराम) 15. श्रीमती वीरवती पत्नी नत्थूलाल 16. रहीम शाह पुत्र दिलावर शाह 17. बाहदुर शाह नावालिग आयु 16 वर्ष 18. इकवाल शाह नावालिग आयु 15 वर्ष (पुत्रगण दिलावर शाह) संरक्षिका माता सगी श्रीमती वानो पत्नी दिलावर शाह 19. श्रीमती वानो पत्नी दिलावर शाह 20. दिनेश 21. संजीव (पुत्रगण रूम सिंह) निवासीगण ग्राम तखौरा परगना व तहसील बिसौली जिला बदायूं

# सीतापुर जेल से आजम खां कर सकते हैं रामपुर में लोस के प्रत्याशी का ऐलान

संवाददाता, रामपुर

▶▶ **प्रत्याशी को लेकर सपाइयों में चर्चा तेज, सपा के जिलाध्यक्ष बोले-आजम खां लेंगे फैसला**

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव के लिए 16 प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी है। हालांकि अभी तक रामपुर से किसी प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं हुई है। ऐसा माना जा रहा है कि आजम खां सीतापुर जेल से ही प्रत्याशी के नाम की घोषणा कर सकते हैं। इसे लेकर सपाइयों में चर्चा तेज हो गई है।

सपा के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र गोयल ने कहा कि रामपुर सीट पर फैसला आजम खां करेंगे। मंगलवार शाम लोकसभा चुनाव-2024 के लिए सपा प्रत्याशियों की एक सूची तेजी से वायरल हुई। इसमें काफी प्रत्याशियों के



नाम घोषित किए गए हैं। लेकिन रामपुर से अभी तक किसी भी प्रत्याशी का नाम घोषित नहीं किया गया है। जब इस बारे में कुछ सपाइयों से जानकारी ली गई, तो उन्होने बताया कि आजम खां के हस्तक्षेप के बाद ही रामपुर में प्रत्याशी का नाम घोषित किया जाएगा। माना जा रहा है कि आजम खां के बिना प्रत्याशी के नाम की घोषणा पर कोई फैसला नहीं लिया जाएगा।

अब भी सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उनके बिना रामपुर में टिकट का ऐलान नहीं कर सकते हैं। हालांकि आजम खां और उनका बेटा 18 अक्टूबर से दो जन्म प्रमाण पत्र मामले में सीतापुर और हरदोई जेल में सात साल की सजा काट रहे हैं। लेकिन अखिलेश यादव उनसे मिलने अभी तक नहीं गए हैं। जबकि कुछ नेता उनसे मिलकर आ चुके हैं। अब भी पार्टी में उनका कद बरकरार है।

### एमएलए के टिकट की भी जेल से ही हुई थी घोषणा

सीतापुर जेल से आजम खां की ओर से सांसद प्रत्याशी की घोषणा करना कोई बड़ी बात नहीं है। इससे पहले भी आजम खां विधानसभा के चुनाव के दौरान सीतापुर जेल में बंद थे, जहां उन्होने खुद ही शहर विधान सभा सीट के लिए चुनाव में प्रत्याशी बन गए थे। उन्होने इस दौरान भारी मतों से जीत हासिल की थी।

> रामपुर में लोकसभा प्रत्याशी के नाम की घोषणा पूर्व मंत्री आजम खां की ओर से घोषित की जाएगी। लोकसभा चुनाव के लिए तैयारियां पूरी हैं और गांव-गांव लोगों तक सपा का संदेश पहुंचाया जा रहा है।
> – **वीरेंद्र गोयल**, सपा जिलाध्यक्ष

## कर्जदारों से बचने के लिए दुकान मालिक ने ही ने चुराया था सोना

संवाददाता, रामपुर

▶▶ **सराफा कारीगर का सोना चुराने में दुकान मालिक समेत दो लोग गिरफ्तार**

**अमृत विचार:** सराफा कारीगर की दुकान से सोना चुराने का मंगलवार दोपहर पुलिस ने खुलासा कर दिया। पुलिस ने दुकान मालिक और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया।

मालिक ने पुलिस को बताया कि कर्जदारों से बचने को उसने चोरी की थी। कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला मछली बाजार निवासी बाबुल मलिक ने सराफा बाजार में किराये पर दुकान ले रखी है। शुक्रवार रात वह दुकान बंद कर घर चला गया था। उसने पुलिस बताया था कि रात किसी समय चोर मौका पाकर उसकी दुकान का ताला तोड़कर कई ग्राम सोना चुराकर ले गए थे। सुबह उसने देखा तो दुकान के ताले टूटे पड़े थे। उसने पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया था। पुलिस लगातार चोरों को तलाश रही थी। पुलिस ने शक होने पर दुकान मालिक यासीन मलिक और उसके साथी फैज को गिरफ्तार कर लिया। सख्ती से पूछताछ करने पर यासीन मलिक ने बताया कि वह काफी लोगों का कर्जदार हो चुका था। उससे निपटने के उसने चोरी की घटना को अंजाम दिया। मंगलवार को सीओ सिटी जितेंद्र कुमार ने घटना का खुलासा किया। पुलिस को दोनों के पास से 140 ग्राम सोना मिला। सोने की कीमत लगभग सात लाख रुपये बताई गई है।

### बरेली कॉलेज को विवि बनाने का मांगपत्र भेजा

**बरेली।** बरेली कॉलेज को केंद्रीय विश्वविद्यालय बनाने की मांग एक बार फिर से उठने लगी है। केंद्रीय कर्मचारी कल्याण सेवा समिति के पदाधिकारियों ने मंगलवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद संतोष गंगवार को पत्र भेजा। पत्र में जितेंद्र मिश्रा ने लिखा कि ऐतिहासिक कॉलेज को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिलाएं।

**कार्यालय नायब तहसीलदार, तहसील नवाबगंज, जिला बरेली**

**प्रेस विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कटैय्या बल्देव सिंह, विकासखण्ड भदपुरा, तहसील नवाबगंज, जिला बरेली में चार पेड़ पाकड़ व एक पेड़ शीशम की नीलामी हेतु इच्छुक ठेकेदार दिनांक 08/02/2024 को समय करीब 1:00 बजे तहसील सभागार में उपस्थित होकर नियमानुसार जमानत धनराशि जमा कर नीलामी बोली में उपस्थित होने का कष्ट करें।

**नायब तहसीलदार**
**तहसील नवाबगंज, जिला बरेली**

A Holistic Educational Mission — Regd. No. 477-481
**Spice Senior Secondary School**
Near New Overhead Water Tank, Nawabganj (Bareilly)
School Code:- 26-1393
Affiliated to U.P. State Board (English Medium)

सभी को सूचित किया जाता है की स्पाइस सीनियर सेकेंड्री स्कूल, नवाबगंज, बरेली की प्रबंध समिति का चुनाव दिनांक 11 फरवरी 2024, दिन रविवार को विद्यालय प्रांगण में होगा, जिसमें 11 फरवरी को प्रातः 10:00 बजे से 11:30 बजे तक नामांकन, दोपहर 11:30 से 12:00 बजे नामांकन पत्रों की जांच व दोपहर 12:00 बजे से नाम वापसी तथा 12:15 से सायं 3 बजे तक चुनाव व सायं 4:00 बजे मतगणना एवं परिणाम घोषित किया जाएगा।

**प्रबंधक**
**स्पाइस सीनियर सेकेंड्री स्कूल**
**नवाबगंज, बरेली**

## आत्महत्या करने गंगा बैराज पर पहुंची महिला

संवाददाता, बिजनौर

▶▶ **वीडियो बनाकर किया वायरल पति व पुलिस पर लगाए आरोप**

▶▶ **पुलिस ने महिला का सकुशल बचाकर परिजनों को सौंपा**

**अमृत विचार :** पति से परेशान महिला आत्महत्या करने गंगा बैराज पहुंची। इसके बाद उसने अपना वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इसमें महिला ने पति पर दूसरी शादी करने और पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगा पुलिस को जिम्मेदार बताकर आत्महत्या करने की बात कही।

वीडियो का संज्ञान लेकर पहुंची पुलिस ने उसे समझा-बुझाकर सकुशल बचा लिया। मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक मिनट 27 सेकंड का वीडियो वायरल हुआ। इसमें महिला खुद को ग्राम फरीदपुर दरगो निवासी कविता बता रही है। वह गंगा में कूदकर आत्महत्या करने की बात कह रही है। महिला वीडियो में कह रही है कि मैं मरने वाली हूं। अपनी जान दे दूंगी। मैं बहुत ही परेशान हूं। मैं अब अपने आप को बहुत ही दर्दनाक मौत देने वाली हूं। पुलिस मेरी लाश बैराज से उठा कर ले जाए। अब मैं अपने आप को मृत्यु दण्ड देने वाली हूं। वह कह रही है मैं पांच माह से बहुत परेशान हूं। पति ने दूसरी शादी कर ली है। मैंने थाने में सूचना भी दी। पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। मेरी मौत के जिम्मेदार मेरा पति, बिजनौर पुलिस और मेरे ससुराल वाले होंगे।

## बकाया पर दरबार ए खास होटल का कनेक्शन काटा

**बरेली।** बिजली विभाग ने बकाया बिल जमा नहीं करने पर पीलीभीत बाईपास रोड पर स्थित दरबार ए खास रेस्टोरेंट का कनेक्शन काट दिया। एक मुश्त समाधान योजना के समाप्त होने के बाद बकाया बिल वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ कनेक्शन काटने का अभियान बिजली विभाग ने शुरू कर दिया है। पीलीभीत बाईपास रोड पर स्थित दरबार ए खास होटल पर साढ़े पांच लाख रुपये का बकाया बिल था। कई बार कहने के बाद भी होटल संचालक ने बिल नहीं जमा किया। अधिशासी अभियंता गौरव शुक्ला ने बताया कि बकाया होने पर मंगलवार को दरबार ए खास होटल का कनेक्शन काट दिया। कई अन्य जगह भी संयोजन काटे गए।

## तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक को रौंदा महिला और उसके ननदोई की मौत

संवाददाता, पाकबड़ा ( मुरादाबाद )

▶▶ **6 फरवरी को भतीजी की शादी के लिए भाई के यहां भात न्योत कर लौट रही थी महिला**

**अमृत विचार:** तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक सवार महिला और उसके ननदोई को रौंद दिया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद राहगीरों ने ट्रक को रोक लिया, लेकिन, ट्रक ड्राइवर ट्रक छोड़कर फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया।

रामपुर जिले के थाना टांडा के गांव होसपुर निवासी कृष्णा पत्नी पप्पू उर्फ प्रेमपाल (38 वर्ष) अपने ननदोई विवेक उर्फ बंटी पुत्र हरीकरन (35 वर्ष) निवासी ग्राम नाखूनका थाना डिलारी जिला मुरादाबाद हाल निवासी चैती वाले मंदिर के पास काशीपुर जिला उधम सिंह नगर उत्तराखंड के साथ अपने मायके ग्राम मौढ़ा तेइय्या में भात न्योतने के लिए आए थे। साथ में दूसरी बाइक से महिला के जेठ सरजीत सिंह भी आए थे। सभी लोग दोनों बाइकों से वापस अपने घर को जा रहे थे। मौढ़ा तेइय्या से निकल कर जैसे अगवानपुर बाईपास पर ही गांगन पुल के पास पहुंचे थे। तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार कंटेनर ने महिला एवं उसके ननदोई की बाइक को रौंद दिया। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। सरजीत ने महिला के मायके वालों को सूचना दी।

### मातम में बदलीं शादी की खुशियां

**पाकबड़ा ( मुरादाबाद )।:** महिला अपने मायके में खुशी-खुशी भात न्योतने के लिए आई थी। सुबह से लेकर शाम तक अपने मायके में रहकर सभी से शादी में आने को कह रही थी। सभी को आने के लिए निमंत्रण भी दिया । खरीदारी हो चुकी थी। बड़ी खुश होकर के जैसे ही घर से निकली। उसके कुछ मिनट बाद ही उसकी मौत की खबर मायके में पहुंच गई। मौत की सूचना पाकर सभी सन्न रह गए। महिला के जेठ सरजीत सिंह की बेटी की 6 फरवरी को शादी थी। जिसके लिए वह मायके में भात न्योतने आए थे। सूचना से शादी की खुशियां गम में बदल गई।

**तलाश गुमशुदा**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा छोटा भाई अमीर अहमद पुत्र पीर मोहम्मद, निवासी-ग्राम दरावनगर, पोस्ट गुलेली, थाना आंवला जिला बरेली करीब 03 माह पूर्व घर से कहीं चले जाने पर थाना आंवला पर गुमशुदगी पंजीकृत करायी, उक्त गुमशुदा, जो मानसिक रूप से अस्वस्थ है, काफी अथक प्रयास करने के उपरान्त भी गुमशुदा का अभी तक कुछ पता नही चल सका है।



**हुलिया गुमशुदा-** अमीर अहमद आँख, नाक, कान, कद औसत, रंग गेंहूआ, उम्र करीब 35 वर्ष एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ है।

यदि किसी सज्जन को सूचना मिले तो थाना आंवला पर निम्न नम्बरों पर सूचित करने की कृपा करें।

**क्षेत्राधिकारी आंवला** मो. 9454401325 — **प्रभारी निरीक्षक** मो. 9454403079 — **उप निरीक्षक अतरपाल सिंह** मो. 9675566279

**बरेली कॉलेज, बरेली का मामला** — प्राचार्य की शिकायत के बाद तीन सदस्यी समिति की जांच के बाद रुहेलखंड के विश्वविद्यालय के कुलपति ने जारी किया आदेश

# स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों के निदेशक की नियुक्ति निरस्त

संवाददाता, बरेली

▶▶ **आठ महीने तक खिंची जांच, प्रबंध समिति के सचिव बोले कि नियुक्ति सही कोर्ट का करेंगे रुख**

▶▶ **दोनों ने समिति को लिखित बयान भी प्रस्तुत किया था।**

**अमृत विचार:** बरेली कॉलेज में स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों के निदेशक की नियुक्त को रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने विधिसम्मत न मानते हुए निरस्त कर दिया है। प्राचार्य प्रो. ओपी राय की शिकायत पर कुलपति ने तीन सदस्यी जांच समिति बनाई थी।

बयानों में देरी की वजह से जांच करीब आठ महीने तक चली। समिति की रिपोर्ट के बाद कुलपति ने मंगलवार को आदेश जारी किया। वहीं प्रबंध समिति ने निर्णय के विरुद्ध कोर्ट जाने की बात कही है। प्राचार्य ने 24 मई 2023 को कुलपति से शिकायत कर बरेली कालेज में स्ववित्तपोषित योजना के अन्तर्गत संचालित हो रहे पाठ्यक्रमों के संचालन के लिए 21 मई को प्रबंध समिति की असाधारण बैठक में पूर्व प्राचार्य प्रो. अनुराग मोहन को स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों का निदेशक नियुक्त करने पर आपत्ति दर्ज कराई थी। प्राचार्य ने नियुक्त को शासनादेश के विरुद्ध बताया था। इसके बाद कुलपति ने 26 अगस्त 2023 को तीन सदस्यी जांच समिति गठित की। समिति ने पक्षकारों को अपना पक्ष रखने के लिए 6 सितंबर 2023 को पत्र जारी किया लेकिन उपाध्यक्ष प्रबंध समिति काजी अलीमुद्दीन ने स्वास्थ्य कारणों से और सचिव देवमूर्ति ने अति आवश्यक कार्य में व्यस्त होने के कारण आने में असमर्थता जताई। दोबारा 9 सितंबर को सचिव और उपाध्यक्ष को बुलाया लेकिन उपस्थित नहीं हुए। इसके बाद दोनों ने समिति को लिखित बयान प्रस्तुत किया।

### वेतन बिल पर हस्ताक्षर का भी लगा आरोप

आरोप लगा कि कि अप्रैल और मई 2023 के स्ववित्तपोषित शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारी के वेतन आहरण बिल पर प्राचार्य के हस्ताक्षर नहीं थे, बल्कि निदेशक डॉ. अनुराग मोहन के हस्ताक्षर करवायें गए। इसके अलावा छात्र निधियों के अन्तर्गत भारतीय स्टेट बैंक बरेली कालेज शाखा के खाता से धनराशि को गलत तरीके से निकाला गया। तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के 2022-23 के वेतन आहरण बिल पर भी निदेशक के हस्ताक्षर हैं, प्राचार्य के नहीं। क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी को जारी वेतन निर्धारण पत्र भी निदेशक के हस्ताक्षर से प्रेषित किया गया है।

### पांच बिंदुओं पर समिति ने की जांच

समिति ने 25 नवंबर को रिपोर्ट सौंपी, जिसमें निदेशक की नियुक्ति को पूर्णतया अवैधानिक एवं नियम विरुद्ध पाया। जांच ने पांच बिंदुओं पर जांच की, जिसमें प्राचार्य ने दावा किया गया कि विश्वविद्यालय के अधिनियम या परिनियमावली या शासनादेशों में निदेशक पद का कोई प्राविधान नहीं है। जांच में प्रबंध समिति ने पूर्व में तीन समन्वयकों और इंचार्ज को नामित किये जाने की परंपरा का उल्लेख किया है और बताया कि निदेशक को वित्त पोषित या स्ववित्तपोषित आय से किसी भी प्रकार का वेतन, भत्ता और पारिश्रमिक का भुगतान नहीं किया जा रहा है। प्राचार्य को प्रबंधन के निर्णयों पर आपत्ति करने का अधिकार नहीं है। बैठक में प्राचार्य थे लेकिन आपत्ति नहीं की। प्राचार्य का कहना है कि उन्होंने बैठक में आपत्ति की लेकिन उसे दर्ज नहीं किया गया।

### प्राचार्य के अलावा निदेशक पद का नहीं कोई उल्लेख

प्राचार्य के अलावा निदेशक का पद उच्च शिक्षा अधिनियम 1980 में कोई उल्लेख नहीं है। अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में प्राचार्य का एकल पद होता है। प्राचार्य के अधिकारों और दायित्वों का बंटबारा किसी अन्य के साथ नहीं किया जा सकता है। प्राचार्य के हस्ताक्षर के बिना वेतन भत्तों का भुगतान विधि सम्मत नहीं है और शासनादेशों के अंतर्गत यह अधिकार निदेशक को नहीं दिया जा सकता है। प्रबंध समिति ने बताया कि पहले डॉ. शिशिर कुमार शर्मा, डॉ. एके सिन्हा और डॉ. डीके गुप्ता को समन्वयक और इंचार्ज नामित किया गया। इस पर प्राचार्य ने कहा कि पूर्व में की गई अनियमितताओं को दृष्टांत नहीं बना सकते।

> कॉलेज में पहले भी तीन बार समन्वयक और प्रभारी नियुक्त किए गए। प्रो. अनुराग मोहन की भी नियुक्ति सही की गई। कुलपति के आदेश के विरुद्ध कोर्ट का रुख करेंगे। – **देवमूर्ति**, सचिव प्रबंध समिति

> शैक्षणिक संस्था को बचाने के लिए शिकायत की थी। बरेली कॉलेज को कुछ लोग बर्बाद करना चाहते हैं। विधि के अनुसार कुलपति ने निर्णय लिया है। – **प्रो. ओपी राय**, प्राचार्य

> प्रबंध समिति ने नियुक्ति की है। आदेश को देखा जाएगा। प्रबंध समिति के आदेश के बाद ही पद से हटेंगे। – **प्रो. अनुराग मोहन**, निदेशक स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम

**कार्यालय ग्राम पंचायत डोहरा, विकास खंड बिथरी चैनपुर, जिला बरेली**

**अल्पकालीन निविदा सामग्री आपूर्ति सूचना**

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-02 योजनान्तर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)/15वां वित्त/मनरेगा धनराशि के सापेक्ष सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गड्ढा, सिल्ट केचर, फिल्टर चैम्बर, स्टॉम वाटर का निष्पादन/प्रबंधन, दीवार चित्रण, साइकिल रिक्शा, ई-रिक्शा क्रय, इन्सीनरेटर मरम्मत/क्रय, आर. आर.सी., कूड़ा कलेक्शन, शौचालय मरम्मत कार्य, नाली निर्माण/मरम्मत (संस्थागत/घर) आदि हेतु आवश्यक निर्माण सामग्री आदि कार्य कराये जाने हेतु प्रस्तावित है।

| क्र. सं. | कार्य का प्रकार | कार्य की मात्रा/नग | वित्त पोषक योजना | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गड्ढा/कम्पोस्ट पिट | 16 | FFC | 3,53,000/- | 2% | 200 | 3 माह |
| 2. | सामुदायिक वर्मी कम्पोस्ट पिट | 15 | SBM(G) | 8,64,000/- | 2% | 200 | 3 माह |
| 3. | कचरा वाहन (ई-रिक्शा) | | SBM(G) | 1,25,000/- | 2% | 200 | 3 माह |
| 4. | एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र (ISWMC) | 01 | SBM(G) | 10,00,000/- | 2% | 200 | 3 माह |
| 5. | सामुदायिक एवं संस्थागत इंसिनेटर (भस्मक) | 01 | FFC | 15000/- | - | - | 3 माह |
| 6. | सामुदायिक एवं संस्थाओं हेतु सोकपिट | 20 | SBM(G) | 4,40,000/- | 2% | 200 | 3 माह |
| 7. | फिल्टर चैंबर (तालाबों/जलाशयों) | 04 | SBM(G) | 1,60,000/- | 2% | 200 | 3 माह |
| 8. | वेस्ट इंस्टेबलाईजेशन पौंड (WSP) | 01 | FFC | 6,62,999/- | 2% | 200 | 3 माह |
| 9. | सेप्टिक टैंक से निकलने वाले ब्लैक वाटर हेतु व्यक्तिगत लीच पिट | 08 | PPC | 1,36,000/- | 2% | 200 | 3 माह |
| 10. | सेप्टिक टैंकों से निकलने वाले ब्लैक वाटर हेतु सामुदायिक एवं संस्थागत लीच पिट | 06 | SBM(G) | 1,02,000/- | 2% | 200 | 3 माह |

उपरोक्त कार्य ग्राम पंचायत में कराये जाने हेतु अनुभवी संस्था या फर्म के चयन हेतु दिनांक 31.01.2024 को 10 बजे से दिनांक 05.01.2024 दोपहर 2 बजे तक अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन दोपहर 3 बजे खोली जायेगी। निविदा की नियम व शर्त विवरण निविदा पत्र में अंकित है, जिसे ग्राम पंचायत के कार्यालय (पं.सचिवालय) में प्राप्त की जा सकती है। निविदादाताओं की जीएसटी फर्म का रजिस्ट्रेशन प्रमाणित पेन कार्ड की छाया प्रति एवं संबंधित कार्यो का संलग्न होना है। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पं. को होगा। सामग्री क्रय घट या बढ़ सकती है। 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि ग्राम पंचायत के नाम से डिमांड ड्राफ्ट या चेक से जमा किया जायेगा। अल्पकालीन निविदा के आवेदन को पंजीकृत डाक या व्यक्तिगत रूप से ग्राम पं. सचिवालय में उपलब्ध कराया जा सकता है।

**ग्राम प्रधान** — **ग्राम पंचायत अधिकारी**

प्रवृत्तवाक् विचित्रकथ ऊहवान् प्रतिभानवान् ।
आशु ग्रन्थस्य वक्ता च य: स पण्डित उच्यते ॥

जो व्यक्ति बोलने की कला में निपुण हो जिसकी वाणी लोगों को आकर्षित करे, जो किसी भी ग्रंथ की मूल बातों को शीघ्र ग्रहण करके बता सकता हो, जो तर्क-वितर्क में निपुण हो, वही ज्ञानी है।

## संपादकीय

# प्रतिस्पर्धी वैश्विक राजनीति

भारत और चीन के बीच प्रतिद्वंद्विता तेज हो गई है और सत्ता व रसूख के लिए संघर्ष नई ऊंचाई पर पहुंच गया है। चीन का एक मात्र लक्ष्य एक एशियाई ताकत के रूप में अपने रुतबे को और अधिक बढ़ाना, हिंद महासागर के विशाल संसाधनों तक अपनी पहुंच बनाना, भारत की घेराबंदी करना, संचार की महत्वपूर्ण समुद्री लाइनों को सुरक्षित करना और विशेष रूप से शिनजियांग और तिब्बत जैसे अपने अस्थिर क्षेत्रों में आर्थिक विकास की शुरुआत करना है। जबकि भारत वैश्विक स्तर पर, विशेष रूप से 'वैश्विक दक्षिण' का नेतृत्व करने और विश्व राजनीति में प्रमुख हितधारक बनने के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की महत्वाकांक्षा रखता है। पड़ोस में जटिलताओं से उसके प्रयासों में बाधा आ रही है। दरअसल, अंतर्राष्ट्रीय और क्षेत्रीय व्यवस्था में रणनीतिक वर्चस्व के लिए भारत और चीन होड़ करते रहे हैं और सीमा विवादों में उलझे रहते हैं। हालांकि, अपने तमाम मतभेदों के बावजूद दोनों देशों ने अतीत में द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर सहयोग भी किया है। वास्तव में वैश्विक राजनीति एक प्रतिस्पर्धी खेल है। ऐसे में विदेश मंत्री एस. जयशंकर का यह कहना महत्वपूर्ण है कि चीन भारत के पड़ोसी देशों को प्रभावित करेगा और भारत को ऐसी 'प्रतिस्पर्धी राजनीति' से नहीं डरना चाहिए। एक प्रमुख अर्थव्यवस्था होने के नाते, चीन संसाधनों का इस्तेमाल करके चीजों को अपने तरीके से आकार देने की कोशिश करेगा।

भारत ने अतीत में वैश्विक उथल-पुथल का सामना अच्छी तरह से किया है। फिर भी दक्षिण एशिया में राजनीतिक रूप से भारत विरोधी शासनों का उदय चिंता की बात है। भारत और मालदीव के बीच तनावपूर्ण संबंध हैं। विदेश मंत्री ने मंगलवार को कहा कि हर देश के पड़ोस में समस्याएं हैं। हमारा काम अनुमान लगाना, आकलन करना और प्रतिक्रिया देना है। अंत में पड़ोसियों के एक-दूसरे के साथ संबंध रहते हैं। राजनीति और कूटनीति को परिभाषित करते हुए जयशंकर ने अहम बात कही कि राजनीति में तीखे रुख अपनाए जाते हैं और कूटनीति हमेशा उन तीखे रुख से नहीं चलती। आखिरकार, पड़ोसियों को एक-दूसरे की जरूरत होती है। इतिहास और भूगोल बहुत शक्तिशाली ताकतें हैं। इससे कोई बच नहीं सकता। इन हालात में आगे बढ़ने के लिए भारत को आर्थिक कनेक्टिविटी को प्राथमिकता देनी चाहिए, क्षेत्रीय सुरक्षा सहयोग को बढ़ावा देना चाहिए और सकारात्मक संबंधों के लिए अपने 'सॉफ्ट पावर' का उपयोग करना चाहिए। विकसित हो रहे दक्षिण एशियाई परिदृश्य में एक स्थिरताकारी शक्ति बनने के लिए रणनीतिक संचार, क्षेत्रीय मंचों में सक्रिय भागीदारी और दीर्घकालिक दृष्टिकोण भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# बदल रही है भारतीय खेती



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

भारतीय कृषि देश की लगभग 58 प्रतिशत जनसंख्या के लिए आजीविका का एक प्रमुख स्रोत है। वर्तमान में हमारे देश में 196 मिलियन टन फल एवं सब्जी तथा 305 मिलियन टन खाद्यान्न, 36 मिलियन टन दाल, 34 मिलियन टन तिलहन तथा 27 मिलियन टन शक्कर का उत्पादन किया जा रहा है।

भारतीय खेती के पिछड़ेपन का मुख्य कारण भूमि सुधार संस्थागत सुधार और तकनीकी सुधारों में पिछड़ापन तो रहा ही,साथ में कभी उसको एक व्यवसाय के रूप में न देखकर मात्र आजीविका के रूप में देखने की सोच भी रही है। ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के दौरान कृषि का मुख्य उद्देश्य ब्रिटिश साम्राज्य के आर्थिक हितों की पूर्ति करना था। हालांकि स्वतंत्रता पश्चात भारत ने कई कृषि सुधारों को लागू किया है। पचास और साठ के दशक के सुधार कृषि उत्पादकता और आत्मनिर्भरता बढ़ाने पर केंद्रित थी। हरित क्रांति का उद्देश्य उच्च उपज वाली फसल किस्मों,आधुनिक कृषि तकनीकों और सिंचाई सुविधाओं की शुरूआत के माध्यम से कृषि उत्पादकता को बढ़ाना था। यह भारत को खाद्य अल्पता की स्थिति से आत्मनिर्भर राष्ट्र में बदलने में सफल रहा। सरकार ने भूमि हदबंदी कानूनों के माध्यम से भूमि के पुनर्वितरण के प्रयास किए जिसका उद्देश्य सामंती भूमि स्वामित्व प्रणाली को तोड़ना था। हालांकि उद्देश्य अच्छा था,परंतु कार्यान्वयन खराब होने के कारण विभिन्न राज्यों में इसका प्रभाव अलग-अलग रहा। 1990 के दशक में भारतीय अर्थव्यवस्था के उदारीकरण और बढ़त निजीकरण के चलते कृषि नीतियों में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए। निर्यात बाधाएं हटी और किसानों को नकदी फसलें उगाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इससे जहां नए अवसर खुले,वहीं छोटे किसानों को वैश्विक मूल्य अस्थिरता का भी सामना करना पड़ा। प्रौद्योगिकी में प्रगति से कृषि में नए रास्ते आए।

भारतीय कृषि देश की लगभग 58 प्रतिशत जनसंख्या के लिए आजीविका का एक प्रमुख स्रोत है। वर्तमान में हमारे देश में 196 मिलियन टन फल एवं सब्जी तथा 305 मिलियन टन खाद्यान्न, 36 मिलियन टन दाल, 34 मिलियन टन तिलहन तथा 27 मिलियन टन शक्कर का उत्पादन किया जा रहा है। यह देश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 18 प्रतिशत योगदान देती है। संस्थागत सुधारों के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा पिछले एक दशक में उठाए गए कदम महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना का लक्ष्य वर्ष 2024 तक 100 मिलियन हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई प्रदान करना है। नई नहरों एवं बांधों का

खेती के बदलते चेहरे में एक महत्वपूर्ण जैविक (आर्गेनिक) खेती को मिल रहा बढ़ावा भी है। अत्यधिक फसल उत्पादन की होड़ में अंधाधुंध रासायनिक खाद तथा पेस्टिसाइड के प्रयोग तथा सिंचाई प्रबंधन खराब होने के कारण देश की अधिकांश मिट्टी तथा पानी की स्थिति खराब हो गई है।

निर्माण,मौजूदा नहरों और बांधों का नवीनीकरण और आधुनिकीकरण,सूक्ष्म सिंचाई को बढ़ावा भूजल पुनर्भरण किसानों का क्षमता निर्माण, इसके प्रमुख लक्ष्य हैं। मार्च 2023 तक इस योजना के अंतर्गत लगभग 30 मिलियन हेक्टेयर से अधिक भूमि सिंचित की गई थी। परंपरागत कृषि विकास योजना किसानों को पारंपरिक कृषि के लिए प्रशिक्षण,इनपुट और सुनिश्चित खरीद गारंटी प्रदान करती है। स्वाभाविक रूप सुधारों से कृषि उपज में वृद्धि हुई है और उसके मार्केटिंग की समस्या भी किसानों के समक्ष आती है। सरकार भले ही न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत किसानों की उपज खरीदती है,परंतु यह सिर्फ कुछ गिने-चुने फसलों के लिए है। कृषि उपज के विपणन, प्रसंस्करण,पैकेजिंग,ग्रेडिंग और निर्यात पर ध्यान न देने के कारण कृषि उपज बिक्री और निर्यात में वृद्धि नहीं हुई है। विश्व के कुल कृषि उपज निर्यात में भारत की हिस्सेदारी मात्र 2.4 प्रतिशत ही है। सरकार ने फसल विविधीकरण पर जोर दिया,ताकि किसान गेहूं-धान-गन्ना जैसी चुनिंदा फसलों की खेती से आगे बढ़कर बागवानी,मछली पालन,दुग्ध उत्पादन जैसी आयपरक गतिविधियों में संलग्न हों। कृषकों को उनकी उपज का उचित एवं प्रतिस्पर्धी मूल्य दिलाने के लिए राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-नाम) की शुरुआत की गई है। इससे किसान बिना किसी बिचौलियों के अपनी उपज बेच रहे हैं। भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ (नेफेड) द्वारा संचालित ई-नाम किसानों को देशभर के किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए एकल मंच प्रदान करता है। इससे किसानों को उनकी उपज के लिए बेहतर और प्रतिस्पर्धी मूल्य प्राप्त करने में सहायता मिलती है और मूल्य में उतार-चढ़ाव के जोखिम को कम करने में भी सहायता मिलती है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स एंड पॉलिसी रिसर्च के अनुसार ई-नाम के माध्यम से अपनी उपज बेचने वाले किसानों को पारंपरिक मंडियों की तुलना में औसतन 10 प्रतिशत अधिक मूल्य प्राप्त हुआ है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अनुसार ई-नाम से कृषि वस्तुओं की कीमतों में लगभग 20 प्रतिशत अस्थिरता कम हो गई है। छोटे किसानों को बाजार व्यवस्था से जोड़ने के लिए सरकार 22 हजार ग्रामीण हाटों के बुनियादी ढांचे में सुधार कर उन्हें आधुनिक बना रही है।

उक्त सुधारात्मक प्रयासों के अतिरिक्त किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) और किसान उत्पादक कंपनी (एफपीसी) का गठन छोटे और सीमांत किसानों के लिए एक वरदान साबित हो रहा है। देश में छोटे और सीमांत किसानों की संख्या लगभग 12 करोड़ से अधिक हैं। यह कुल किसानों का लगभग 86 प्रतिशत हैं। इनकी कृषि जोत का औसत आकार 1.10 हेक्टेयर से कम है। इन किसानों को उत्पादन से जुड़े कार्यों और बाजार तक पहुंचने में अत्यधिक कठिनाई होती है। एफपीओ द्वारा अपने सदस्य किसानो से फल-फूल, सब्जी, मछली आदि से संबंधित उपजों को खरीदकर सीधे कंपनियों को बेचा जाता है। सरकार ने वर्ष 2024 के अंत तक दस हजार एफपीओ बनाने का लक्ष्य रखा है जिससे लगभग 30 लाख किसान लाभान्वित होंगे। नाबार्ड के अनुसार वर्ष 2020-22 के मध्य एफपीओ से जुड़े किसानों की कृषि उत्पादकता में 31.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। एफपीओ के माध्यम से पिछले तीन-चार वर्षों में वाराणसी कृषि उपज के निर्यात का एक हब बनकर उभरा है। वर्ष 2022 में वाराणसी एयरपोर्ट से 541 मीट्रिक टन कृषि उपज का निर्यात किया था,जो गतवर्ष बढ़कर 655 मीट्रिक टन तक पहुंच गया है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के लगभग 20 हजार किसान 50 एफपीओ से जुड़कर अपनी फसलों का निर्यात कर रहे है। स्पष्ट है सरकार बिचौलियों को हटाकर सीधे किसानों को निर्यातक बना रही है। राजस्थान के झुंझुनू जिले के लांबी अहीर गांव में एक एफपीओ ने अपने 300 सदस्यों के साथ 800 कुंतल सरसों की कटाई और बिक्री की है। यहां की महिला सरपंच नीरू यादव द्वारा संचालित एफपीओ ने 50 लाख रुपए का राजस्व अर्जित किया है। किसानों का संगठन अब 5 करोड़ रुपए के निवेश के साथ एक कृषि-प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने के लिए तैयार है। इतना ही नहीं लैंगिक समानता की दिशा में कदम बढ़ाते हुए इस एफपीओ ने 150 महिला किसानों को उनके पुरुष समकक्षों के साथ इक्विटी धारकों के रूप में शामिल किया है। बिहार के बख्तियारपुर, एकंगरसराय, बाढ़ और हरनौत के लगभग 3273 किसानों ने एफपीओ के माध्यम से अपने सब्जियों को सीधे दिल्ली,नोएडा जैसे बड़े शहरों में बेचना शुरू कर दिया है। राजगढ़ (मध्य प्रदेश) के एफपीओ और एफपीसी के छोटे-छोटे किसान अब बड़ी-बड़ी कंपनियों से आंखों में आंखें डालकर अपनी फसलों का सौदा तय करते हैं। यह आत्मविश्वास उन्होंने एफपीओ की सामूहिक शक्ति से पाया है।

खेती के बदलते चेहरे में एक महत्वपूर्ण जैविक (आर्गेनिक) खेती को मिल रहा बढ़ावा भी है। अत्यधिक फसल उत्पादन की होड़ में अंधाधुंध रासायनिक खाद तथा पेस्टिसाइड के प्रयोग तथा सिंचाई प्रबंधन खराब होने के कारण देश की अधिकांश मिट्टी तथा पानी की स्थिति खराब हो गई है। देश के 700 जिलों में से लगभग 256 जिलों में अत्यधिक भूजल दोहन के चलते भूजल स्तर बहुत नीचे जा चुका है। जैविक खेती को बढ़ावा देने के दृष्टिगत भारत सरकार द्वारा मिट्टी की गुणवत्ता सुधारने के लिए स्वायल हेल्थ कार्ड योजना,परंपरागत कृषि विकास योजना, नेशनल हॉर्टिकल्चर मिशन,राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन आदि योजनाएं चलाई जा रही है। इन सब प्रयासों से भारत में जैविक उत्पादों का बाजार प्रति वर्ष 25 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। अभी यह बाजार लगभग 1.20 लाख मिलियन रुपये का है। आज भारत में कुल 4.43 मिलियन हेक्टर में जैविक खेती की जा रही है, जो वैसे तो कुल कृषि क्षेत्रफल का दो प्रतिशत ही है,परंतु विश्व में इसका पांचवा स्थान है। जाहिर है भारतीय खेती अब तेजी से बदल रही है। खेती किसानी के सस्टेनेबल डेवलपमेंट के लिए सरकार और खुद किसान दृढ़ संकल्पित हैं।

## व्यंग्य

# लात और हैसियत

किसी को लतिया देना,हमारी महान सभ्यता की गौरवशाली परंपरा है। आमतौर पर या तो हम किसी को लतियाते है या खुद लतियाये जाते हैं। यही भारतीय जीवन पद्धति है। हम हमेशा चाहते हैं कि जिसने कभी भूतकाल में हमसे ये सद्व्यवहार किया हो,मौका मिलते ही उसका कर्जा सूद समेत लौटा सकें। जब भी ऐसा कर पाते हैं हम,हल्के हो जाते हैं, खुशी मिलती है और लगता है कि धरती पर अभी न्याय बचा हुआ है। हालांकि पेट पर भी लात मारी ही जाती है,पर इस बाबत लोग कुछ ज्यादा ही बुरा मान जाते हैं। ऐसे मे इस काम के लिए पिछवाड़ा ज्यादा मुफीद जगह है। यदि आप किसी को लतियाना तय कर ही चुके हैं तो फिर सामने वाले के लात मारते वक्त किसी भी तरह का लिहाज करना ठीक नहीं। किसी को लतियाना,फिर उसे चींचीं करके हुए देखना परमानंद है।



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

वैसै किसी को लतिया देने के लिए हमारे पास कोई वाजिब कारण हो ही ये कतई जरूरी नहीं है। ये तो मन की मौज भर भी हो सकती है। पेट भरा है हमारा,करने को कुछ खास है नहीं, सामने कोई लाचार दिख गया है तो यह कार्य केवल मजे मजे के लिए भी किया जा सकता है। लतियाया गया आदमी यदि कमजोर है तो वो ऐसे व्यवहार से चौंकता नहीं। या तो उसे इसकी आदत होती है या वह आपसे ऐसा ही कुछ किए जाने की उम्मीद लेकर आया होता है। ऐसे लोगों को लतियाना कोई खास मजेदार नहीं होता। बहुत बार ऐसा करने के बाद उस पर दया करने की,उसे पुचकारने की इच्छा भी हो सकती है आपकी,जो कि घाटे का सौदा होती है। शातिर लोग तो खुद ही ऐसा माहौल बना देते हैं कि आप उन्हें लात मारे बिना रह न सके और बाद में वे पांव पकड़ कर अपनी बात मनवा लें।

हालांकि लतियाते वक्त ज्यादा सोचा विचारा नहीं जाता। फिर भी यदि सामने वाला बंदा आपसे हर लिहाज से कमजोर हो और निकट भविष्य मे भी उसके कमजोर ही बने रहने की उम्मीद हो तो ठीक रहता है। होता ये है कि जिस आदमी को लतिया दिए जाने की आदत नहीं होती वो शुरू-शुरू में इसका थोड़ा बहुत बुरा मान जाता है। उसका बुरा मानना जरूरी भी है ,वरना लतिया देने का सारा मजा ही किरकिरा हो सकता है। कमजोर को लतिया लीजिए पर नंगों से दूर रहिए। इसलिए क्यों नंगों से खुदा भी डरता है। नंगों का कोई भरोसा नहीं। खोने को कुछ होता नहीं उसके पास ऐसे में वो निडर हो जाता है,उससे उलझने में उल्टे बांस बरेली वाली नौबत आ सकती है। किसी को अकेले में लतियाना भी मजा कम कर देता है। जंगल में मोर नाचेगा तो कौन देखेगा? यह काम चार लोगों से सामने कीजिए। आपकी शोहरत में चार चांद लगेगे इससे और देखने वाले बिना आपकी लात खाए आपको बड़ा और काम का आदमी मान लेंगे। यदि आप एक साथ पच्चीसों को लतिया सकते है तो यकीनन आपकी इज्जत तो बढ़नी ही है। इससे आपका लतियाना सामने वाले को भी शोहरत बख्श सकता है।

एक फायदा और है इससे। ऐसा करके आप अपनी औकात का भी अंदाजा लगा सकते हैं। लात और हैसियत का सीधा संबंध है। हमारे देश में हैसियत वाला ही लात मार सकता है और लात चलाने की हिम्मत रखने वाले के हैसियतदार हो जाने की पूरी गुंजाइश हमेशा बनी रहती है। आपके लात मारने के बाद सामने वाला यदि आपकी कॉलर न पकड़े,आपके प्रति और अधिक आदर भाव से भर उठे तो इसका मतलब यही है कि आप हैसियत वाले हैं और जैसा कि आपको पता ही है हमारे यहां हैसियत वाले आदमी को ही इज्जतदार कहा जाता है। हालांकि ऐसा कम ही होता है,पर बहुत से कमजोर ऐसे ही खब्ती होते हैं,जो अपनी इज्जत की चिंता करते हैं। उन्हें लगता है कि उनके पास वही है जिसे बचाना जरूरी है। ऐसे में वो भी अपनी लातों का इस्तेमाल कर सकता है। जब भी ऐसा हो तो किसी को कानों कान खबर न होने दें। इसे अपने तक रखिए। सामने वाले से हाथ मिला लें और उस दिन का इंतजार करें जब वो बिल्कुल गाफिल हो और आप उसे दोबारा,पिछली बार से भी ज्यादा करारी लात मार सकें।

एक सवाल जो पूछा ही जाना चाहिए कि यदि किसी को लतिया देने का ख्याल आता कहां से है? आमतौर पर ये आता है कि भरी जेब से,जेब की गर्मी सीधे दिमाग पर असर करती है और ऐसे हर शख्स का मन अपनी लात इस्तेमाल करने के लिए कुलबुलाने लगता है। भरी जेब होने के बाद भी जो आदमी अपनी लात को काबू में रखे हमारे यहां तो लोग उसको रसूखदार मानने के लिए ही राजी नहीं होते। यदि आप ऐसा नहीं करते तो अब करके देखिए। अच्छा लगता है।

# लोक संस्कृति का आधार है बोली



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

बालक मां का दूध पीते-पीते दुलार में कहे गए शब्दों को सुनता है और मां के भावों से परिचित होते-होते शब्दार्थ को सीख जाता है।

लोक संस्कृति सामान्य जन की संस्कृति है। सामान्य जन का जीवन बोली में ही व्यतीत होता है। इसलिए लोक संस्कृति अनिवार्य रूप से बोली में होती है। बालक को बोली के रस से पहला परिचय मां के द्वारा होता है। पहला बोल मां का होता है। अमृत एक मीठी कल्पना है,लेकिन मां का बोल वास्तविक है और वह इस कल्पना से अधिक मीठा है। बालक का पहला संस्कार "भाषिक संस्कार" होता है और यह संस्कार मां की लोरी से होता है "हलराबै दुलराइ मल्हाबै जोई सोई कछु गावै।" अपने बालक में मां अपने को भूल जाती है। अपने को भूलना ही तो आत्मप्रतीति है और रस का प्रतिपादन करते हुए आचार्य अभिनव कहते हैं यह आत्मप्रतीति ही रस है। मां बालक में खो जाती है और बालक मां के रूप में अपने को पा जाता है। यह बोली की रस प्रक्रिया है।

बालक मां का दूध पीते-पीते दुलार में कहे गए शब्दों को सुनता है और मां के भावों से परिचित होते-होते शब्दार्थ को सीख जाता है। फिर उसी बोली में दादी और नानी उसे कहानी सुनाती हैं, उसी बोली में जीजी पहेली पूछती है,उसी बोली में काकी गीत गाती है और मौसी कहनावत कहती है-ग्वाल-बाल सखा-मंडली उसी बोली में आंख-मिचौनी खेलती है। छठी से लेकर विवाह तक के संस्कार बोली के मांगलिक गीतों के संग होते हैं। देवी-देवताओं को बोली में मनाया जाता है,पति-पत्नी का प्यार बोली में ही छलकता है। प्यारी बोली में रूठ जाती है तो प्रियतम बोली में ही मनुहार करता है। इस परस्परता के भाव में बोली का रस अंतर्निहित है। बोली परिवार और समुदाय की जिंदगी के साथ जल से लहर की तरह जुड़ी होती है। हर सुख-दुख में बोली उसके साथ रहती है। वह प्रगाढ़ आत्मीयभाव कोई दुराव नहीं,कोई छिपाव नहीं,कोई औपचारिकता नहीं,अकृत्रिम सहज भाव हृदय की मुक्तावस्था आचार्य शुक्ल कहते हैं- इसी का नाम रसदशा है। हम कहीं परदेश में हों और वहां हमें किसी से अपनी बोली सुनने को मिल जाए तो जान-पहचान के अभाव में भी एक आत्मीय भाव जगता है,क्योंकि बोली अपने मूल रूप में समष्टि चित्त पर परिवेश का प्रतिबिंब है। बोली नैसर्गिक दाय है। बोली से विच्छिन्न होने का मतलब है, अपनी जड़ों से कट जाना।

शतकोटिजन के परिवेश में असंख्य भिन्नताएं हैं- कहीं पहाड़ है तो कहीं समुद्र है,कहीं जंगल हैं तो कहीं गांव है,कहीं झोपड़ी है तो कहीं बहुमंजिले महल हैं। सामाजिक,आर्थिक,शैक्षिक और सांस्कृतिक परिवेश की भिन्नताओं के कारण शतकोटिजन का संवाद विविधताओं का संवाद है। इस संवाद के अनेक स्तर हैं। इस संवाद की असंख्य शैलियां हैं और इस संवाद के विभिन्न रूप हैं। इसी कारण बोलियों में विविधता है। यह विविधता नैसर्गिक है और नैसर्गिक है इसलिए अपरिहार्य है। जैसे संवाद और परस्परता अन्योन्याश्रय है,वैसे ही संवाद और बोलियां भी अन्योन्याश्रय है। संवाद होता है तो बोलियां बनती है और बोलियां बनती हैं तो संवाद होता है। सामान्यजन का संवाद सामान्य से होता है, सामान्य के माध्यम से होता है, बोली में होता है। यही कारण है कि जब बुद्ध और महावीर सामान्यजन से संवाद करने निकले,तो पाली और प्राकृत में बोले।

कबीर को भाषा के 'सामान्य तत्व' की बड़ी गहरी पहचान थी,बोले-संसकिरत है कूप जल भाखा बहतानीर। विद्यापति ने जब 'देसिल बयना सब जन मिट्ठा का सूत्र दिया था,तब उन्होंने बोली के अभ्यंतर-संगीत को पहचान लिया था। कोई भी भाषा अपने मूलरूप में बोली ही होती है। विभिन्न बोलियां बोलने वाले जब परस्पर मिलते हैं तब उनके बोली तत्व भी परस्पर मिल जाते हैं। कोई भी बोली अपने जनपद में सीमित रहे, अन्य जनपदों में उसका संपर्क और प्रसार न हो तो वह भाषा नहीं बन सकती।

कोई भी बोली तब भाषा बन जाती है,जब अन्य बोलियों के भाषा तत्व घुल मिलकर आधार भाषा के रूप को बदल देते हैं, जब कोई आंदोलन आंधी की तरह उठता है, तब उसके केन्द्र की बोली भी उठती है। जहां-जहां आंदोलन पहुंचता है, वहां-वहां बोली पहुंचती है और विविध बोलीतत्व परस्पर अंतर्भुक्त होते हैं। बोली भाषा बनती है तो शाही फरमान या सरकारी आदेश का इंतजार नहीं करती। जब कोई बोली भाषा बनती है तो वह व्याकरण का इंतजार नहीं करती, वह किसी कोशरचना की मोहताज नहीं है। वह कभी नहीं कहती कि पहले मानकीकरण कर लो तब आगे बढ़ूंगी। किनारे नदी को नहीं बनाते,नदी किनारों को बनाती है। नदी बहती है तो किनारे अपने आप बन जाते हैं। बोली भाषा बनती है तो समष्टि जीवन के परस्पर संवाद से बनती है। वह सामूहिक भाव कितना व्यापक है, अंतर्जनपदीय और अंतर्प्रांतीय संपर्क जितना प्रगाढ़ है,वह भाषा उतनी ही समर्थ है।

## सोशल फोरम

# विज्ञान की आजादी

अतीत में विज्ञान एक साधना थी। बेचैन वैज्ञानिक रात-रात जगकर नए आविष्कार करते थे। आज विज्ञान का ज्यादा इस्तेमाल उपनिवेशवादी तौर-तरीकों से सीखकर कूट उद्देश्यों से होता है। यह हम खासकर सूचना क्रांति,उपग्रह प्रक्षेपण,कृत्रिम मेधा और युद्ध तकनीक के क्षेत्र में देख सकते हैं। हम मंगल ग्रह पर जल्दी जा सकते हैं, लेकिन उत्तराखंड के पहाड़ों पर सुरंग निर्माण में फंसे 41 श्रमिकों के पास जल्दी नहीं पहुंच सकते।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

वर्तमान विश्व में सत्ताएं उच्च टेक्नोलॉजी और इसके डिजिटल औजारों का इस्तेमाल अपने नागरिकों पर निगरानी रखने के लिए कर रही हैं। इस दौर में बढ़ती बेरोजगारी और विषमता से जन्मे क्षोभ को दबाना मुश्किल नहीं है। विश्वभर में सभ्य ढंग से क्षोभ का डिजिटल दमन हो रहा है। विकसित टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल पिछड़ी मानसिकता के प्रसार के लिए ज्यादा हो रहा है। इतिहास के गड़े मुर्दों को हथियारबंद किया जा रहा है। समस्या यह है कि बाजार और राजनीति दोनों ही निरंकुश ढंग से टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हुए यथार्थ को अपने उद्देश्य के अनुरूप ढालने में कुशल हो गए हैं। वे करिश्माई हैं और लोगों को रंगीन अंधविश्वासों, प्रलोभनों तथा भ्रमों से सम्मोहित करने में सक्षम हैं। जाहिर है,आज विज्ञान की आजादी का प्रश्न बहुत महत्वपूर्ण है।

विज्ञान की प्रधान शिक्षा यह है कि व्यक्ति बिना सोचे-समझे या ठीक से जांचे-परखे किसी चीज को आंख मूंदकर न माने और सोशल मीडिया के भ्रामक प्रचार से न घिरे। विज्ञान सिर्फ इसलिए नहीं है कि इसके बल पर चालाकियां की जाएं,आराम की चीजों और सुख-सुविधाओं को इकट्ठा किया जाए। उसका एक बड़ा उद्देश्य जीवन की समस्याओं का यथार्थ तरीके से समाधान निकालना है। हम यह भी कैसे मानें कि वैज्ञानिक दृष्टिसंपन्न होने का दावा करने वाले बुद्धिजीवी विज्ञान की शिक्षाओं पर चलते हैं। वे वैज्ञानिक दृष्टि-संपन्न कैसे हो सकते हैं? यदि वे सर्वज्ञ होने के अहंकार से भरे हों,उनके शब्द तथा कर्म के बीच दूरी हो और उनमें बौद्धिक सहृदयता नहीं हो सकती। दरअसल उनसे अधिक वैज्ञानिक गांवों-शहरों के वे साधारण लोग हैं जिनमें आज भी 'कॉमन सेंस' और बौद्धिक सहृदयता बहुत ज्यादा है।

**-फेसबुक वॉल से**

# बापू और गोडसे

महात्मा गांधी ने सेक्युलर शब्द न कभी कहा और न कही लिखा। वे चाहते थे कि यदि पुनर्जन्म हुआ तो वे हिंदू ही हों। अपने को संकोच नहीं होता था। फिर भी मनसा, वाचा, कर्मणा बापू अप्रतिम सेक्युलर थे। इसीलिए वेदना होती है,रोष भी,जब अधकचरी जानकारी के बूते विकृत बातें पेश की जाती हैं। मसलन तुर्की के खलीफा का समर्थन कर गांधीजी ने भारत में इस्लामी फिरकापरस्ती को खादपानी दिया,पोषित किया। आधुनिक संदर्भ में जब हिंदू-मुस्लिम रिश्तों में विषाक्तता बढ़ रही है। यह विश्लेषण करना होगा कि क्या बापू की यह भूल थी कि इस्लामी दुनिया के खलीफा और तुर्की के अपदस्थ सुल्तान मोहम्मद चतुर्थ को पुनप्रस्थापित करने हेतु खिलाफत आंदोलन चलाया जाना चाहिए था? इस्तानबुल स्थित ओटोमन खलीफा ने 1774 से रूस से युद्धोपरांत एक संधि की थी जिससे तुर्की के बाहर बसे मुसलमानों का मजहबी संरक्षक बन गया था। इसके कारण 1880 से भारत के मुसलमानों का भी यह तुर्की सुल्तान अब्दुल हामिद द्वितीय खलीफा बन गया था,किंतु प्रथम विश्वयुद्ध में जर्मनी,तुर्की और रूस की ब्रिटेन व अमेरिका द्वारा हरा दिए जाने पर तुर्की की सल्तनत खत्म हो गई। अंग्रेजों ने पराजित सुल्तान का खलीफा पद को अमान्य करार दिया। इससे 1920 से 1924 तक भारतीय मुसलमानों ने मौलाना मोहम्मद अली,उनके भाई मौलाना शौकत अली,मौलाना अबुल कलाम आजाद,डॉ.मुख्तर अहमद अंसारी,बेरिस्टर मोहम्मद जान अब्बासी आदि के नेतृत्व में भारतीय केन्द्रीय खिलाफत समिति बनाई जिसने खलीफा को पुनः स्थापित करने हेतु आंदोलन छेड़ा। गांधीजी इस केन्द्रीय समिति के सदस्य बने और मोतीलाल नेहरू ने उनके कदम का खुला समर्थन किया। मगर मोहम्मद अली जिन्ना ने खलीफा को बचाने का कड़ा विरोध किया। बापू की पुण्यतिथि पर नाथूराम विनायक गोडसे की भी याद अनायास आती है। जिस देश में पंचमी के दिन नाग को दूध पिलाते हों,वहां इसमें अचरज नहीं होगा। आखिर कैसा, कौन और क्या था गोडसे? नाथूराम स्कूल से भागा हुआ छात्र था। नूतन मराठी विद्यालय में मिडिल की परीक्षा में फेल हो जाने पर उसने पढ़ाई बंद कर दी थी। उसका मराठी भाषा का ज्ञान भी अल्प था। अंग्रेजी और इतर भाषाओं की जानकारी तो शून्य ही थी। जीविका हेतु उसने पढ़ाई छोड़ दी थी। सांगली शहर में दर्जी की दुकान खोल ली थी। उसके पिता विनायक गोडसे डाकखाने में बाबू थे,मासिक आय पांच रुपये थी। नाथूराम अपने पिता का लाडला था,क्योंकि उससे पहले जन्मी सारी संतानें मर गई थीं। नाथूराम के बाद और भी पैदा हुए थे जिनमें था गोपाल,जो नाथूराम के साथ सहअभियुक्त था। लोग अभी भी नाथूराम गोडसे के प्रति थोड़ी बहुत नरमी बरतते हैं,उन्हें इस क्रूर हत्यारे के बारे में प्रमाणित तथ्यों पर गौर करना चाहिए। गांधीजी को मारने के दो सप्ताह पूर्व नाथूराम ने अपने जीवन को काफी बड़ी राशि के लिए बीमा कंपनी से सुरक्षित करा लिया था। जाहिर है उसके मौत के बाद उसके परिवारजन इस बीमा राशि से लाभान्वित होते। (पृष्ठ 18 व 19 : गांधीवध और मैं, लेखकः गोपाल विनायक गोडसे, प्रकाशकः वितस्ता प्रकाशन पुणेः 1982)। ऐतिहासिक मिशन को लेकर चलने वाला व्यक्ति बीमा कंपनी से क्या ऐसा मुनाफा कमाना चाहेगा? अब जानिए गोड्से के परम सखा, फांसी पर लटके नारायण दत्तात्रेय आप्टे को। उसने 29 जनवरी की रात दिल्ली के वेश्यालय में गुजारी थी। ताकत बढ़ाने हेतु। आप्टे और गोड्से ने जेल के भीतर सुविधाओं की मांग की। हम भारतीय सीधी, सरल बात करना कब शुरू करेंगे कि हत्या एक जघन्य अपराध और सिर्फ नृशंस हरकत है। वह भी लुकाटी थामे, एक वृद्ध अधनंगे हिन्दू की जो राम का अनन्य, आजीवन भक्त रहा।



के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

# क्या असीम है नेताओं की कार्यक्षमता

मानव की आत्मा जिस खोल में रहती है,उसे शरीर या देह कहा जाता है। इसीलिए आत्मा को 'शरीरी' या 'देही' भी कहते हैं। शरीर शब्द का अर्थ ही है कि जो शीर्ण यानी क्षरित होता है। शनैः शनैः उसकी क्षमताएं और सामर्थ्य कम होती जाती है। इसी कारण सेवाओं में एक सेवानिवृत्ति की आयु निर्धारित की गई है। मान्यता है कि तत्समय वह अक्षम हो चुका होगा,अतः उसे सेवा मुक्त कर दिया जाए। अपने देश के संविधान के अनुच्छेद 14 में 'समानता' का सिद्धांत पवित्रता के साथ संरक्षित है। हालांकि जब हम विभिन्न वर्गों की एतत्संबंधी आयु पर दृष्टि डालते हैं तो स्पष्ट रूप से असमानता परिलक्षित होती है। अध्यापन वृत्ति से जुड़े लोगों के लिए यह 65 वर्ष है। सर्वोच्च न्यायालय के जजों के लिए भी यही है। उच्च न्यायालय के जजों हेतु 62 वर्ष है और राजकीय कर्मचारियों के लिए 60 है। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए कोई सेवानिवृत्ति आयु नहीं है। वे कितने ही उम्र दराज हो जाए,अशक्त हो जाए,ह्वील चेयर पर चलें,तो भी वे सक्षम और समर्थ हैं। भाजपा ने एक अलिखित नियम बनाया है जिसके अनुसार उनका नेता 75 वर्ष का होने पर सक्रिय राजनीति हेतु अक्षम माना जाता है,जिसे रिटायर होना कह सकते हैं। यद्यपि वह राज्यपाल या सक्रिय राजनीति के अगल-बगल वाले पदों पर रह सकता है। क्या भाजपा का कथित 75 वाला नियम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी लागू होगा, जब वे 17 सितम्बर, 2025 को 75 के हो जाएंगे। ऐसी ही विषमता पेंशन के संबंध में है। सरकारी कर्मचारियों के लिए यह बंद कर दी गई है,लेकिन एमपी,एमएलए आदि व जजों की बरकरार है। सेना में 'अग्निवीर' प्रणाली लाकर इसे खत्म कर दिया गया है। जैसे 'एक देश एक चुनाव' की बयार सरकार ने चलाई है,वैसे ही 'एक सेवानिवृत्ति आयु और पेंशन' नियम भी प्रवृत्त होने चाहिए। संविधान की आत्मा तो यही कहती है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

## आरक्षण को साजिशन खत्म करना चाहती है भाजपाः अखिलेश

**लखनऊ, अमृत विचार :** सामाजिक न्याय के लिए आरक्षण आवश्यक है। भाजपा आरक्षण को साजिशन खत्म करना चाहती है। वह संविधान को भी बदलना चाहती है। 2024 के बाद लोकतंत्र पर खतरा है। भाजपा जनता को धोखा दे रही है। हालात अच्छे नहीं है। ये विचार समाजवादी पार्टी मुख्यालय के लोहिया सभागार में में एकत्र कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने मंगलवार को व्यक्त किए। अखिलेश ने अपने कार्यकर्ताओं को चेताया कि सन् 2022 का परिणाम सबको निगाह में रखना चाहिए। जनता ने तो सपा के पक्ष में फैसला कर लिया था लेकिन प्रशासनिक धांधली कर, मतदाता सूची में गड़बड़ी करके जनता के निर्णय से खिलवाड़ किया गया। हमें इसलिए हर स्तर पर 2024 के चुनाव को गम्भीरता से लेना है।

# महिलाओं को रोजगार देने में बरेली प्रथम

## लखनऊ पीछे, आजीविका का दावा, स्वयं सहायता समूह को नहीं बांट पाए ऋण

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ



▶▶ सीएम डैशबोर्ड में बलिया, मथुरा व बागपत भी टॉप 5 में

**अमृत विचार :** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत प्रदेश में महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए गठित स्वयं सहायता समूह खोखले साबित हुए। मिशन ने महिला समूहों का गठन तो खूब किया, लेकिन उन्हें चलाने के लिए बैंकों से ऋण नहीं दिला पाए। वित्तीय वर्ष 2023-24 में दिसंबर तक बात करें तो समूहों को बैंक क्रेडिट लिंकेज यानी ऋण दिलाने में बरेली पहले स्थान पर है। जबकि अंबेडकर नगर, बलिया, मथुरा व बागपत भी टॉप-5 में हैं। लेकिन राजधानी लखनऊ 38वें स्थान पर है। यह प्रगति मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से सामने आई है। जो पारदर्शिता के साथ मिशन के कार्य और लापरवाही बता रही है। दिसंबर में राजधानी को खराब प्रगति पर डी ग्रेड श्रेणी में रखा गया है। यहां 2892 समूह को क्रेडिट लिंकेज कराने का लक्ष्य था जिसमें 1,147 समूह का लक्ष्य ही हासिल हुआ। इससे जिले की प्रगति 39.66 प्रतिशत है। मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि यह कार्य जिले के हैं। वहां के अधिकारियों को ही प्रगति सुधारनी है।

**...तो नहीं चल रही विभागों की आंकड़ेबाजी :** दरअसल, इस वर्ष मुख्यमंत्री डैशबोर्ड लागू हुआ था। इसमें विभागों द्वारा लक्ष्य पूर्ति आदि की प्रगति ऑनलाइन फीड की जाती है। डैशबोर्ड विभागों की वेबसाइट के साथ शासन से लिंक है। इसलिए इसमें प्रगति के फर्जी आंकड़े या फिर एडवांस विभाग नहीं भर पा रहे हैं। जो नीचे कुछ और ऊपर कुछ भेजते थे। इसलिए ज्यादातर विभागों की सही प्रगति अब सामने आ रही है।

### गोंडा, सीतापुर, बाराबंकी, संभल व हमीरपुर फिसड्डी

स्वयं सहायता समूहों का गठन करना और उन्हें ऋण दिलाने का कार्य बरेली, अंबेडकर नगर, बलिया, मथुरा व बागपत ने बेहतर किया है। इससे इन जिलों को टॉप-5 पर रखा गया है। जबकि सीतापुर, बाराबंकी, संभल व हमीरपुर सबसे खराब प्रगति पर बॉटम में रखे गए हैं। इनके अलावा अन्य जिलों की भी प्रगति बेहद खराब है। लखनऊ की खराब प्रगति का जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने संज्ञान लिया है और बुधवार को बैठक रखी है। मिशन इस खराब प्रगति का कारण नवंबर से चल रही कर्मियों की हड़ताल बता रहा है। तो वहीं बैंकों द्वारा रुचि न लेने का भी हवाला दिया जा रहा है।

### टॉप जिलों का प्रतिशत

बरेली - 96 .74,अंबेडकर नगर - 89 .98,बलिया - 87 .36,मथुरा - 83 .56 और बागपत - 78 .42

### फिसड्डी जिलों का प्रतिशत

गोंडा - 10 .3, सीतापुर - 10 .91, बाराबंकी - 11 .80, संभल- 11 .92 और हमीरपुर - 11 .96

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि ईदगाह विवाद की सुनवाई 22 फरवरी को

**प्रयागराज, अमृत विचारः** इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा के श्री कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में मंगलवार को हुई सुनवाई में सीपीसी की धारा 151 के साथ पठित आदेश VII नियम 11(डी) के तहत वर्तमान वाद की पोषणीयता पर सवाल उठाए गए। इसके बाद दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की सहमति से पोषणीयता पर सुनवाई सुनिश्चित की गई, जिससे कोर्ट के लिए मूल मुकदमों पर आगे बढ़ना आसान हो सके। इसके साथ ही कोर्ट ने हिंदू पक्ष को आगामी 6 फरवरी तक उन मामलों पर अपनी आपत्तियां दर्ज करने का निर्देश दिया, जिन पर अभी तक आपत्तियां दर्ज नहीं हुई हैं, कोर्ट ने स्पष्ट रूप से कहा है कि प्रत्युत्तर दाखिल करने के लिए कोई अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा। आवेदनों की सुनवाई आगामी 22 फरवरी को सुबह 11:30 बजे से होगी।

## सार-संक्षेप

### बरेली के सुभाष चंद्र व अमरोहा के पवन कुमार राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए चयनित

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य अध्यापक पुरस्कार-2023 के लिए प्रदेश के 13 माध्यमिक शिक्षकों को चुना गया है। राज्य पुरस्कार पाने वाले शिक्षकों में दो निजी स्कूलों के और 11 सरकारी व एडेड स्कूलों के हैं। लखनऊ से बीकेटी इंटर कॉलेज के रवींद्र कुमार को पुरस्कार मिलेगा। सरकारी और एडेड कॉलेज के राजेश कुमार त्यागी (मेरठ), चंद्रमणि सिंह (वाराणसी), पवन कुमार त्यागी (अमरोहा), सुभाष चंद्र मौर्य (बरेली), केशवर प्रसाद सिंह (सुल्तानपुर), रवींद्र कुमार (लखनऊ), ऋषिपाल सिंह (अमरोहा), डॉ. निखिल जैन (आगरा), डॉ. रामशंकर पांडेय (अमेठी) और लालमन (चित्रकूट) को राज्य पुरस्कार के लिए चुना गया है। वहीं निजी स्कूलों के भूपेंद्र कुमार सिंह (अलीगढ़) और अनिल कुमार मिश्र (कानपुर) का चयन हुआ है। पुरस्कारों के लिए जारी आदेश में कहा गया है कि निजी स्कूलों के शिक्षकों को पुरस्कार दिया जाएगा लेकिन एडेड और राजकीय शिक्षकों की तरह सेवा विस्तार और अन्य लाभ नहीं दिए जाएंगे ।

### पीडीए को ही हथियार बना चुनाव में उतरेगी सपा

**लखनऊ, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के लिए सपा प्रत्याशियों की जारी सूची से यह भी साफ होता दिखता है कि, पार्टी पीडीए को ही चुनावी हथियार बनाकर चुनावी संघर्ष में उतरने तैयारी में है। पार्टी ने जिन 16 प्रत्याशियों की मंगलवार को घोषणा की, उनमें दो खास नामों पर चर्चा की जा सकती है। इन प्रत्याशियों में अपने तीखे बयानों से चर्चा में रहने वाले सांसद डा. शफीकुर्रहमान बर्क का नाम हैं तो वहीं, दलित नेता अवधेश प्रसाद का नाम है। दलित नेताअवधेश प्रसाद को सपा ने उसी अयोध्या (फैजाबाद लोकसभा सीट) से मैदान में उतारा है जहां श्रीराम का मंदिर बनाकर भाजपा पूरे देश में अपने लिए महौल बनाने में जुटी है। डा. शफीकुर्रहमान बर्क के बयानों के कारण सपा को कई बार असहज स्थिति से गुजरना पड़ा है। कभी मायावती की तारीफ तो कभी मुसलमानों को लेकर आक्रामक बयान देकर भी बर्क के कारण सपा निशाने पर रही है। इन सभी के बाद भी बर्क ने सपा की पहली ही सूची में स्थान बना लिया है।

### सपा नेता आशुतोष सिंह पार्टी से निष्कासित

**लखनऊ, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी ने पूर्व प्रदेश सचिव आशुतोष सिंह को पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण मंगलवार को निष्कासित कर दिया। उन्होंटने सपा कार्यालय के बाहर होर्डिंग लगाया था जिसमें बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर को पलटूराम लिखा गया था। सपा के कार्यालय प्रभारी अरविन्द कुमार सिंह ने संतकबीरनगर निवासी आशुतोष सिंह को अनुशासनहीनता एवं पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण पार्टी से निष्कासित कर दिया है।

### एक तारीख तक होगा संविदा बिजली कर्मियों का भुगतान

**लखनऊ, अमृत विचार :** अब प्रत्येक माह की एक तारीख तक संविदा बिजली कर्मियों का वेतन का भुगतान किया जाएगा। पावर कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार ने इस सिलसिले में सभी वितरण कंपनियों को निर्देश जारी किया है। कॉरपोरेशन के निर्देश के बाद वितरण कंपनियों ने भी मुख्य अभियंताओं को निर्देश जारी कर आउटसोर्स एजेंसियों को निर्देश सुनिश्चित कराने को कहा है। कारपोरेशन के निर्देश में कहा गया है कि वितरण कंपनियों की ओर से हर हाल में महीने की 25 तारीख तक आउटसोर्स एजेंसियों को धनराशि अवमुक्त की जाय। माह के अंत तक आउससोर्स एजेंसियां आउटसोर्स कर्मियों के बैंक खाते में मजदूरी की धनराशि स्थानांतरित करें। आगामी माह की चार तारीख तक आउससोर्स एजेंसियां संविदा कर्मियों के ईपीएफ आदि अंशदान का भुगतान सुनिश्चित करेंगी। मालूम हो कि पावर कॉरपोरेशन समेत वितरण कंपनियों के कार्यालयों व उपकेंद्रों पर काफी संख्या में संविदा कर्मी कार्यरत हैं।

# बसपा सांसद अतुल राय को मिली अंतरिम जमानत

विधि संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने कथित रेप पीड़िता व उसके साथी द्वारा सुप्रीम कोर्ट के समक्ष आत्मदाह के मामले में बसपा सांसद अतुल कुमार सिंह उर्फ अतुल राय को मेडिकल आधार पर अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। अंतरिम जमानत की अवधि 22 मार्च 2024 तक होगी।

न्यायालय ने अंतरिम जमानत की शर्तें अधिरोपित करते हुए कहा कि इस दौरान अतुल राय को देश के भीतर ही इलाज कराना होगा व वह कोई रैली अथवा पब्लिक मीटिंग में भी भाग नहीं लेंगे। यह आदेश न्यायमूर्ति मोहम्मद फैज आलम खान की एकल पीठ ने अतुल राय के अंतरिम जमानत प्रार्थना पत्र पर पारित किया। अभियुक्त की ओर से खुद के गंभीर रूप से बीमार होने का हवाला देते हुए कहा गया कि वह 27 जुलाई 2019 से जेल में बंद है और इस दौरान तमाम गम्भीर बीमारियों से ग्रसित हो चुका है लेकिन सुविधाएं न होने के कारण उसका इलाज नहीं हो पा रहा है। इस मामले में अतुल राय व पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर पर कथित रेप पीड़िता व उसके साथी को आत्महत्या को उकसाने का आरोप है। पीड़िता ने अतुल राय के खिलाफ दुराचार की रिपोर्ट लिखाई थी।

## अखिलेश के करीबी ने सपा से दिया इस्तीफा

**मैनपुरी, एजेंसी :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के बेहद करीबी माने जाने वाले आरसीएल ग्रुप के चेयरमैन मनोज यादव ने मंगलवार को सपा का दामन छोड़ दिया। उन्होंने सपा में पारिवारिक कलह अधिक होने के साथ ही स्थानीय स्तर पर नेताओं द्वारा एक दूसरे की टांग खींचने का आरोप लगाया है। शहर के स्टेशन रोड निवासी मनोज यादव दो दशक से सपा से जुड़े रहे हैं। वे 2016 में सपा के टिकट पर घिरोर के ब्लॉक प्रमुख भी रह चुके हैं। इसके बाद उन्होंने सक्रिय राजनीति से दूरी बना ली थी। वे पर्दे के पीछे से ही सपा की मदद कर रहे थे। उन्हें अखिलेश यादव का बेहद करीबी माना जाता है।

# मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपिता को दी श्रद्धांजलि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर जीपीओ स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान बच्चों ने बापू की पुण्यतिथि पर स्वरांजलि प्रस्तुत की।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर बापू को याद किया। उन्होंने अपने एक्सि हैंडल पर लिखा, मानवता के अप्रतिम प्रतीक, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। पूज्य बापू के विचार एक भारत-श्रेष्ठ भारत और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की सिद्धि का मार्ग प्रशस्त करते हैं। उनकी दी गई शिक्षा में रामराज्य और विश्व शांति की कामना का भाव अंतर्निहित है। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, मेयर सुषमा खर्कवाल, एमएलसी महेंद्र सिंह आदि ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।



महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर ज्ञात-अज्ञात शहीदों को श्रद्धांजलि देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

▶▶ महात्मा गांधी की शिक्षा में रामराज्य और विश्व शांति की कामना का भाव: मुख्यमंत्री

**मुख्यमंत्री ने की गोमती की पूजा-अर्चना :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को शहीद स्मारक में आयोजित शहीदों को श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित किया, फिर गोमती की पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम में कलाकारों ने रघुपति राघव राजाराम.... भजन का पाठ भी किया। इस दौरान महापौर सुषमा खर्कवाल, कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी , विधायक योगेश शुक्ल व जयदेवी आदि मौजूद रहीं।

# चुनाव से पहले पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर शासन स्तर पर हो रहे तबादलों के क्रम में मंगलवार को भी 84 आईपीएस अफसरों को बदल दिया गया। दो दिन पहले भी 65 पुलिस अफसरों के तबादले हुए थे। दरअसल, चुनाव आयोग ने एक ही जगह पर 30 जून 2024 को तीन साल का कार्यकाल पूरा कर रहे अफसरों को 31 जनवरी से पहले इधर से उधर करने का आदेश दे रखा है। इस तबादले में हाल ही प्रमोशन पाए अफसरों को नई तैनाती मिली है। सूची के अनुसार अपर पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट कानपुर अंकिता शर्मा का पूर्व में वाराणसी कमिश्नरेट में हुआ तबादला निरस्त कर दिया गया है।

शासन की ओर से जारी सूची के मुताबिक संतोष कुमार मीणा को अपर पुलिस उपायुक्त कानपुर, अभिजीत कुमार को अपर पुलिस उपायुक्त प्रयागराज, श्रुति श्रीवास्तव को अपर पुलिस उपायुक्त वाराणसी, पुनीत द्विवेदी को अपर पुलिस अधीक्षक राज्यपाल उत्तर प्रदेश, शिवा सिंह को अपर पुलिस आयुक्त कानपुर, रोहन पी कनय को पुलिस उपमहानिरीक्षक तकनीकी सेवाएं, संजय सिंह पुलिस उपमहानिरीक्षक





पीटीसी गोरखपुर, वैभव कृष्ण को पुलिस उपमहानिरीक्षक वीआईपी सुरक्षा लखनऊ, प्रभाकर चौधरी को पुलिस उपमहानिरीक्षक स्थापना मुख्यालय लखनऊ, संजीव त्यागी को पुलिस उपमहानिरीक्षक अभिसूचना सूचना मुख्यालय लखनऊ, पूनम को पुलिस उपमहानिरीक्षक पीएसी सेक्टर आगरा और सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज को पुलिस उपमहानिरीक्षक उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नत बोर्ड के पद पर भेजा गया है।

इसी तरह राठौर किरीट कुमार हरि भाई को पुलिस उपमहानिरीक्षक पीएसी लखनऊ, शैलेश कुमार यादव को पुलिस उपमहानिरीक्षक पीटीसी सीतापुर, शफीक अहमद को पुलिस उपमहानिरीक्षक ईओडब्ल्यू लखनऊ, राधेश्याम को पुलिस उपमहानिरीक्षक लॉजिस्टिक्स लखनऊ, राजकमल यादव को पुलिस उपमहानिरीक्षक पीटीसी सीतापुर, राकेश पुष्कर को पुलिस उपमहानिरीक्षक रेलवे लखनऊ, मनोज कुमार सोनकर को उपमहानिरीक्षक एटीएस लखनऊ, कुलदीप नारायण को पुलिस उपमहानिरीक्षक एसटीएफ मेरठ, शहाब रशीद खान को पुलिस उपमहानिरीक्षक यूपी-112, अशोक कुमार चतुर्थ को पुलिस उपमहानिरीक्षक सीबीसीआईडी लखनऊ तथा प्रदीप गुप्ता को पुलिस उपमहानिरीक्षक दूरसंचार लखनऊ बनाया गया है।

▶▶ पूजा यादव बनीं सेनानायक 24 वाहिनी पीएसी मुरादाबाद

तबादला सूची के मुताबिक अखिलेश कुमार निगम को पुलिस उपमहानिरीक्षक सीबीसीआईडी लखनऊ, कुंतल किशोर को पुलिस उपमहानिरीक्षक कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं लखनऊ, मनीराम सिंह को पुलिस उपमहानिरीक्षक मानवाधिकार लखनऊ, राहुल राज को पुलिस उपमहानिरीक्षक पीएसी मेरठ, प्रमोद कुमार तिवारी को पुलिस उप महानिरीक्षक प्रशिक्षण मुख्यालय लखनऊ, कल्पना सक्सेना को अपर पुलिस आयुक्त पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद, पूजा यादव को सेनानायक 24 वाहिनी पीएसी मुरादाबाद, आनंद कुमार को सेनानायक को 26वीं वाहिनी पीएसी गोरखपुर, डॉ दुर्गेश कुमार को सेनानायक 11वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर और राजधारी चौरसिया को पुलिस अधीक्षक प्रशासन मुख्यालय लखनऊ के पद पर तैनाती दी गई है।

इसी क्रम में बबीता साहू को सेनानायक 27वी वाहिनी पीएसी सीतापुर, कमला प्रसाद यादव को पुलिस अधीक्षक पुलिस मुख्यालय लखनऊ, रमेश प्रसाद गुप्ता को पुलिस अधीक्षक लॉजिस्टिक उत्तर प्रदेश लखनऊ, रामसेवक गौतम को पुलिस उपायुक्त कानपुर नगर, सुरेंद्र नाथ तिवारी को पुलिस अधीक्षक स्थापना मुख्यालय लखनऊ, मोहम्मद तारीख को पुलिस अधीक्षक मानवाधिकार मुख्यालय महानिदेशक लखनऊ, पंकज कुमार पांडे को सेनानायक 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी, दयाराम को सेनानायक दूसरी वाहिनी पीएसी सीतापुर, सर्वानंद यादव को सेनानायक 12वीं वाहिनी पीएसी फतेहपुर, कमलेश दीक्षित को सेनानायक 37वीं वाहिनी पीएसी कानपुर, सलमान ताज पाटील को पुलिस उपायुक्त कमिश्नर रेट लखनऊ, विद्यासागर मिश्रा को पुलिस उपायुक्त कमिश्नर रेट लखनऊ, तेज स्वरूप को पुलिस उपायुक्त कमिश्नर रेट लखनऊ, डॉ महेंद्र पाल सिंह को पुलिस उपायुक्त कमिश्नर रेट लखनऊ और श्याम नारायण सिंह को पुलिस उपायुक्त कमिश्नर रेट वाराणसी के पद पर भेजा गया है।

## विपक्षी भी मोदी की सरकार बनाने में कर रहे सहयोगः राजभर

**लखनऊ, अमृत विचारः** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने मंगलवार को कहा है कि विपक्ष भी केंद्र में फिर से नरेंद्र मोदी की सरकार बनाने में सहयोग कर रहा है। कुछ नेता करीब आकर तो कुछ नेता दूर से ही सहयोग करने में जुटे हैं। नीतीश कुमार एनडीए में आकर अब करीब से साथ दे रहे हैं तो सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी दूर से ही सहयोग कर रहे हैं।

पार्टी कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत में राजभर ने सवाल किया कि दिनभर भाजपा के खिलाफ बयानबाजी करने वाले अखिलेश भाजपा के बड़े नेताओं के पास गुलदस्ता लेकर क्यों जाते हैं? सपा नेता शिवपाल सिंह यादव के बारे में राजभर ने कहा कि वह इस समय दुखी हैं। क्योंकि, उनके हिसाब से सपा नहीं चल रही है। वहीं सुभासपा के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता अरुण राजभर ने यहां कहा, पश्चिमी उप्र. में राजभर की सभाओं में उमड़ रही भीड़ को देख अखिलेश घबरा गए हैं। भाजपा का लक्ष्य यूपी से सभी सीटें जीतने का है।

## वर्ग पहेली-328

**बाएं से दाएं**

4. ढोलक बजाने वाला व्यक्ति, ढोलची, ढोलवादक।
8. एक रोग जिसमें पैर फूलकर हाथी के पैर की तरह हो जाता है, फीलपा।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. हींग 2. लाख 3. त्वचा पर का जन्मजात चिह्न।
2. 1. आकस्मिक, कभी-कभार होने वाला 2. अवसरपरक
3. 1. मंदिर में किसी देवी-देवता की मूर्ति का श्रृंगार करने वाला व्यक्ति 2. पुजारी।
5. 1. आमोद-प्रमोद 2. ख़ुशी का भाव, उल्लास।
6. 1. पूजने की क्रिया 2. देवी
7. 1. थोड़े समय के लिए कोई वस्तु दिखने की अवस्था या भाव 2. झलक 3. झांई 4. आंख के कोने से देखना, कनखी।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | ■ | 3 | ■ |
| | ■ | | ■ | | ■ |
| | ■ | | ■ | | ■ |
| ■ | 4 | | 5 | | ■ |
| 6 | ■ | ■ | | ■ | 7 |
| | ■ | 8 | | | |
| | ■ | ■ | ■ | ■ | |

### वर्ग पहेली - 327 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 हु | 2 मा | यूँ | ■ | ■ | 3 शि |
| ■ | यू | ■ | 4 जी | ■ | ली |
| ■ | 5 स | रा | व | गी | ■ |
| ■ | ■ | ■ | लो | ■ | ■ |
| ■ | 6 घ | 7 म | क | ना | ■ |
| ■ | ■ | सू | ■ | ■ | 8 थो |
| 9 ओ | गा | र | ना | ■ | ड़ा |

## सुडोकू-45

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 8 | | |
| | | 1 | 5 | | | | | 7 |
| | 3 | | | 8 | | 9 | | 4 |
| | | 5 | 2 | | | 7 | | 8 |
| | 8 | | | | | | 9 | |
| 2 | | 9 | | | 6 | 1 | | |
| 7 | | 3 | | 9 | | | 8 | |
| | | | | | 1 | 5 | | |
| | | 6 | | | | 3 | | |

### सुडोकू - 44 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 3 | 6 | 2 | 7 |
| 4 | 2 | 1 | 9 | 7 | 6 | 3 | 8 | 5 |
| 6 | 3 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 | 4 |
| 8 | 6 | 2 | 4 | 3 | 7 | 9 | 5 | 1 |
| 7 | 9 | 4 | 5 | 8 | 1 | 2 | 6 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 6 | 9 | 2 | 4 | 7 | 8 |
| 2 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 8 | 3 | 2 | 9 | 5 | 4 | 6 |
| 9 | 5 | 6 | 8 | 1 | 4 | 7 | 3 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 31 जनवरी, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ,पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-पंचमी 11.36 तक तत्पश्चात षष्ठी।

**मेष** – आज सोशल मीडिया का व्यावसायिक प्रयोग लाभप्रद सिद्ध होगा। मौसम में आ रहे बदलावों के कारण तेज बुखार और सिरदर्द की समस्या की आशंका है। सरकार की अच्छी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं।

**वृष** – आज दोपहर के बाद स्थिति सामान्य होगी। बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। इंजीनियरिंग के छात्रों की पढ़ाई में काफी बाधाएं आएंगी। नकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों के साथ मैत्री संबंध स्थापित करने से बचें। घर के खर्च बढ़ने के कारण आपके ऊपर दबाव रहेगा।

**मिथुन** – आज कमीशन के कारोबार से जुड़े लोग सावधान रहें। किसी से असहमत होने पर उसका अपमान न करें। अप्रत्यक्ष रूप से आपके दुश्मन खड़े हो सकते हैं। अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए दिन बहुत अच्छा है।

**कर्क** – आज कारोबारी यात्रा हो सकती है। बेरोजगार युवा नौकरी के लिए इंटरव्यू दे सकते हैं। पुराने निवेश से आपको अचानक लाभ प्राप्त होगा। दिन का प्रारंभिक हिस्सा आपके लिए बेहद शुभ रहने वाला है। विशेष विषयों के अध्ययन को लेकर रुचि जागृत होगी।

**सिंह** – आज फाइनेंस संबंधी कार्यों में अपेक्षानुसार परिणाम नहीं मिलेंगे। प्रेम संबंधों को लेकर अधीर न रहें। भविष्य की योजनाओं को लेकर उत्साहित रहेंगे। आपके द्वारा बोले गए वचनों से प्रियजनों का मन व्यथित न हो इसका ध्यान रखें।

**कन्या** – आज आपका व्यवहार लोगों के लिए प्रेरणा रहेगा। रुके हुए कार्यों में तीव्रता आएगी। जीवन के प्रति आपका दृष्टिकोण काफी सकारात्मक होगा। नया व्यापार शुरू करना चाह रहे हैं, तो उसके लिए अपना टीम मैनेजमेन्ट सुनिश्चित कर लें।

**तुला** – आज लोग आपके ऊपर बेवजह के आरोप लगा सकते हैं। नशे और व्यभिचार से दूरी बनाकर रखें। बाधाओं के साथ काम आगे बढ़ेंगे। किसी मित्र को उधार देना पड़ सकता है। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों को अधिकारी की डांट खानी पड़ सकती है।

**वृश्चिक** – आज इंटरनेट के माध्यम से कुछ सीखने-पढ़ने का प्रयास करेंगे। जल्दबाजी में काम पूरा करने से गलतियां हो सकती है। नई संपत्ति खरीदने के योग बन रहे हैं। शरीर में थोड़ी थकावट रहेगी, इसीलिए आराम पर्याप्त मात्रा में अवश्य लें।


**धनु** – आज सरकारी मामलों में सावधानी बरतें। करियर को लेकर चिंता के भाव उत्पन्न होंगे। धन-संपत्ति के मामलों में सफलता मिलेगी। एकांतवास में रहने से मन हल्का होगा। लोग आपकी प्रतिभा और क्षमताओं का सम्मान करेंगे।

**मकर** – आज पारिवारिक मामलों को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। गुप्त प्रेम संबंधों के खुलने का भय हो सकता है। तनाव लेने के बजाय विवेक और धैर्य से काम लेना उचित होगा। धर्म-कर्म को लेकर मन में विपरीत विचार उत्पन्न हो सकता है।

**कुंभ** – आज किसी से व्यर्थ में न उलझे। दूसरों के काम में टोका-टाकी करना उचित नहीं है। अपना चरित्र अच्छा रखें। विवाह सुख में कुछ न्यूनता रहेगी। आकस्मिक धन हानि होने के योग बन रहे हैं। व्यस्तता के बावजूद अपने काम पर ध्यान दें।

**मीन** – आज भोगवादी वस्तुओं पर धन खर्च करेंगे। विवाहेतर संबंधों को यथासंभव टालने का प्रयास करें। आपको पर्याप्त मात्रा में नींद लेनी चाहिए। जीवनसाथी आपसे पुरानी दबी हुई इच्छा को प्रकट करेगा। बिजनेस के नए अवसर मिल सकते हैं।

## आज का पंचांग





मुहूर्त-अभिजित-कोई नहीं। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-11.58-12.42 तक।
दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-हस्त 1 फरवरी 01.08 तक तत्पश्चात चित्रा।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
तकदीर का तमाशा – सुबह : 10 .00
रंग – रात : 07 .00

**SONY MAX**
सेटर्स – सुबह : 10 .46
केजीएफ : चेप्टर 2 – रात : 09 .02

**SONY PIX**
मॉन्स्टर हंटर – सुबह : 09 .54
स्पाइडर मैन 2 – रात : 08 .45

**ZEE CINEMA**
आवारापन – सुबह : 10 .30
रावणासुर – रात : 07 .30

**colors CINEPLEX**
दस – सुबह : 09 .53
मोतीचूर चकनाचूर – रात : 10 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म





सोनी मैक्स पर रात-09 .02 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक हैंडसम लड़का क्लास में आया तो सारी लड़कियां देखते ही दीवानी हो गई।
लेकिन आते ही लड़के ने एक ऐसी बात कही की सब लड़कियां बेहोश हो गई।
सोचो लड़के ने क्या कहा होगा सोचो सोचो ...
लड़के ने कहा थोड़ी जगह देना बहन जी झाड़ू लगाना है।

चुनावों के समय एक गांव में बिजली लगने की घोषणा हुई सभी लोग खुशी से नाचने लग गए।
इतने में एक कुत्ता भी नाचने लग गया।
लोगों ने पूछा तुम क्यों नाच रहे हो?
कुत्ता- खंबे भी खंबे भी तो लगेंगे ...

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 डीएमओ 825 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 1010 फ्लैग 1125 बोल्ड 1165 डीएमओ 840।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 1865, राज श्री 1400, फ़ॉर्चून कि. 1735, रविन्द्रा 1770, फॉर्चुन ली0 1595, जय जवान 1435, सचिन 1435, सूरज 1460, अवसर 1510, राग गोल्ड 1525, गृहणी 1390, क्लासिक (किलो) 1655, मोर 1580, चक्र टिन 1680, ब्लू 1510, आशीर्वाद मस्टर्ड 1685, स्वास्तिक 1835, **किराना (प्रति कु.)**–हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 35800, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 600-800, **चावल (प्रति कु.)**–डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4400, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10800, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 10500, मूंग धोवा काला क्राउन 10500, राजमा चित्रा 12500-14100, राजमा भूटान नया 9900, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6950-7700, मलका छांटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9650-10400, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 11800, उड़द साबुत दिल्ली 11600, उड़द धोवा इंदौर 13400, उड़द धोवा 11000-11700, दाल चना 6800, लाल हिंदुस्तान 6900, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 7900, चना अकोला 8000, डबरा 9000-13800, सच्चा हीरा 13700, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 12100, अरहर पटका मोटा 12600, अरहर कोरा मोटा 12900, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15300, **चीनी**-डालमियां 4050, पीलीभीत 4010, नवाबगंज 4000, बहेड़ी (नई) 4010 रुपये।

# डिजिटलीकरण से जवाबदेही में होगा सुधार


## अमित शाह ने सहकारी क्षेत्र में एआरडीबी, आरसीएस के कंप्यूटरीकरण की शुरू कीं परियोजनाएं

नई दिल्ली, एजेंसी



केंद्रीय सहकारी मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को 225 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों और सहकारी समितियों के पंजीयक के लिए कंप्यूटरीकरण कार्यक्रम शुरू किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि डिजिटलीकरण के प्रयासों से उनके कामकाज में दक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही में सुधार लाने में मदद मिलेगी। राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) के सहयोग से सहकारिता मंत्रालय द्वारा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों (एआरडीबी) और सहकारी समितियों के पंजीयक (आरसीएस) के लिए कंप्यूटरीकरण परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया है। शाह ने कहा कि परियोजनाएं संपूर्ण सहकारी तंत्र को एक डिजिटल मंच पर लाकर इसका आधुनिकीकरण करेंगी और इसकी दक्षता बढ़ाएंगी। उन्होंने कहा- इससे सहकारी क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही में सुधार करने में मदद मिलेगी। शाह ने कहा कि कंप्यूटरीकरण की कुल लागत 225 करोड़ रुपये होगी, जिसमें से 95 करोड़ रुपये मंत्रालय के कंप्यूटरीकरण पर खर्च किए जाएंगे।

### किसानों के विकास के बिना देश प्रगति नहीं कर सकता



**जबलपुर (मप्र)।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को मध्य प्रदेश के जबलपुर क्षेत्र में 2,367 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। गडकरी ने इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा जबतक देश के गांवों, गरीबों, मजदूरों और किसानों का विकास नहीं होगा तब तक देश प्रगति नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि उनके मंत्रालय ने न केवल सड़कें बनाई हैं, बल्कि पानी को इकट्ठा करने के लिए तालाब भी बनाए हैं जिससे जल संरक्षण भी होगा। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा- जबतक गांव, गरीब, मजदूर तथा किसान का विकास नहीं होगा तब तक देश प्रगति नहीं करेगा। भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 'स्मार्ट' शहर के साथ 'स्मार्ट' गांव विकसित करने की जरूरत है और इसमें सड़कों की अहम भूमिका है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एआरडीबी के कंप्यूटरीकरण से किसानों को मध्यम और दीर्घकालिक ऋण प्राप्त करने में मदद मिलेगी, कृषि क्षेत्र को आधुनिक बनाने के लिए दीर्घकालिक वित्तपोषण जरूरी था। अमित शाह ने कहा कि किसानों को दीर्घावधि ऋण सुचारू रूप से उपलब्ध कराने के लिए इन एआरडीबी को पैक्स से जोड़ने की योजना है। पहली पहल के तहत, 13 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में एआरडीबी की 1,851 इकाइयों को कम्प्यूटरीकृत किया जाएगा।

## जी-सोनी विलय: एनसीएलटी ने सोनी को जारी किया नोटिस

**मुंबई।** राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण (एनसीएलएटी) ने जी एंटरटेनमेंट के एक शेयरधारक की उस याचिका को मंगलवार को स्वीकार कर लिया, जिसमें उसने अपनी भारतीय इकाई का सोनी के साथ विलय करने का अनुरोध किया था। नियामक की मंजूरी के बावजूद इस विलय समझौते को पिछले सप्ताह समाप्त कर दिया गया था। एनसीएलटी की मुंबई पीठ ने जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज (जील) के शेयरधारक मैड मेन फिल्म वेंचर्स द्वारा दायर एक याचिका पर सोनी को नोटिस जारी किया। सोनी पिक्चर्स नेटवर्क इंडिया को तीन सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया गया है। कल्वर मैक्स एंटरटेनमेंट को पहले सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया (एसपीएनआई) के नाम से जाना जाता था।

## ईपीएस-95 में न्यूनतम पेंशन बढ़ाकर 7,500 रुपये मासिक करने की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

**पेंशनभोगियों ने भूख हड़ताल पर जाने की दी चेतावनी**

सेवानिवृत्ति कोष प्रबंधक ईपीएफओ की कर्मचारी पेंशन योजना-1995 (ईपीएस-95) के तहत न्यूनतम मासिक पेंशन को बढ़ाकर 7,500 रुपये करने की मांग को लेकर पेंशनभोगियों ने मंगलवार को भूख हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की ईपीएस-95 योजना के तहत पेंशनभोगियों को इस समय 1,000 रुपये की न्यूनतम मासिक पेंशन मिलती है। यह पेंशन सितंबर, 2014 में लागू नियमों के मुताबिक दी जा रही है। पेंशनभोगियों ने कहा कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं तो वे 31 जनवरी को भूख हड़ताल शुरू करेंगे। देशभर से 50,000 से अधिक पेंशनभोगियों के इस आंदोलन में शामिल होने की उम्मीद है। ईपीएफओ के आंकड़े से पता चलता है कि देशभर में 78 लाख पेंशनभोगी हैं।

पेंशनभोगियों की मांगों के लिए संघर्षरत समिति ने बयान में कहा- ईपीएस-95 की राष्ट्रीय आंदोलन समिति के नेतृत्व में पेंशनभोगी न्यूनतम पेंशन को 7,500 रुपये प्रति माह तक बढ़ाने एवं अन्य लाभों की मांग को लेकर राष्ट्रीय राजधानी के जंतर-मंतर पर 31 जनवरी से दूसरी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू करेंगे। समिति ने कहा कि केंद्रीय श्रम मंत्री भूपेन्द्र यादव के आश्वासन के बावजूद हमारी मांगें पूरी नहीं की गयी हैं। समिति के अध्यक्ष अशोक राउत ने कहा- यह हमारी अंतिम चेतावनी है। बार-बार आश्वासन देने के बावजूद हमारी मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 74,100 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,500 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 48,050-48,250 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,100 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,950 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 63,900 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,900 |
| चांदी पक्की | 730 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 64,000 |
| चांदी आभूषण | 73,750। |

## भारत की आर्थिक वृद्धि दर वर्ष 2024 2025 में 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान

वाशिंगटन, एजेंसी

**आईएमएफ ने ताजा रिपोर्ट जारी करके जताई उम्मीद**

अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने मंगलवार को कहा कि भारत की आर्थिक वृद्धि दर मजबूत बने रहने की उम्मीद है और यह वर्ष 2024 तथा 2025 में 6.5 प्रतिशत रहने की संभावना है। आईएमएफ ने विश्व आर्थिक परिदृश्य पर ताजा रिपोर्ट में वैश्विक वृद्धि दर 2024 में 3.1 प्रतिशत और 2025 में 3.2 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। रिपोर्ट के अनुसार, चीन की आर्थिक वृद्धि दर 2024 में 4.6 प्रतिशत और 2025 में 4.1 प्रतिशत रहने की संभावना है। अक्टूबर, 2023 के अनुमान के मुकाबले वृद्धि दर में 0.4 प्रतिशत की वृद्धि है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष ने कहा- भारत की आर्थिक वृद्धि दर मजबूत बनी हुई है और इसके 2024 और 2025 में 6.5 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। यह पिछले साल अक्टूबर में जताये गये अनुमान के मुकाबले 0.2 प्रतिशत अधिक है। आईएमएफ की रिपोर्ट बताती है कि भारत उभरती अर्थव्यवस्थाओं में तीव्र आर्थिक वृद्धि हासिल करने वाला देश बना हुआ है।

## सोना 200 रुपये मजबूत चांदी में भी 300 रुपये की हुई बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में उछाल के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने का भाव 200 रुपये की तेजी के साथ 63,300 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 63,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 300 रुपये की मजबूती के साथ 76,700 रुपये प्रति किलोग्राम हो गयी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी की कीमत 76,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

## सेंसेक्स 801 अंक फिसलकर 71,139 पर बंद

मुंबई, एजेंसी

**रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और बजाज फाइनेंस में हुई जमकर बिकवाली**



स्थानीय शेयर बाजार में एक दिन की जोरदार तेजी के बाद मंगलवार को फिर नरमी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 801 अंक लुढ़क गया। मुख्य रूप से रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और बजाज फाइनेंस में बिकवाली से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 801.67 अंक यानी 1.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,139.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 865.85 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 215.50 अंक यानी 0.99 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,522.10 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस 5.03 प्रतिशत नीचे आया। तिमाही परिणाम बाजार उम्मीद के अनुरूप नहीं होने से कंपनी के शेयर में गिरावट आई। इसके अलावा टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और एनटीपीसी प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में टाटा मोटर्स, भारतीय स्टेट बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, पावर ग्रिड, टेक महिंद्रा और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज शामिल हैं।

मेहता इक्विटीज लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तपसे ने कहा कि कारोबार समाप्त होने से पहले बिकवाली दबाव से बाजार नीचे आया। एशिया के अन्य बाजारों में कमजोर रुख का भी घरेलू बाजार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा। उन्होंने कहा-बजट आने में एक दिन बचा है, ऐसे में निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया है।

# राष्ट्रीय

# हमें नीतीश कुमार की कोई जरूरत नहीं: राहुल

## भारत जोड़ो-न्याय यात्रा: पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में रैली को कांग्रेस नेता ने किया संबोधित

पूर्णिया, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा के साथ हाथ मिलाने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तीखा हमला करते हुए मंगलवार को कहा कि बिहार में विपक्षी दलों का महागठबंधन जदयू अध्यक्ष के बिना राज्य में समाज के आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ेगा। उन्होंने कहा-(हमें) नीतीश जी की कोई जरूरत नहीं है... हमें उनकी बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। राहुल गांधी ने पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में एक रैली को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा-हम किसानों के हितों के लिए लड़ते रहेंगे। बिहार में किसान आर्थिक अन्याय के शिकार हैं। राहुल गांधी ने कहा-देश को ओबीसी,



कांग्रेस नेता राहुल गांधी मंगलवार को बिहार के पूर्णिया में भारत जोड़ो-न्याय यात्रा के दौरान लोगों से बातचीत करते हुए। • एजेंसी

दलित, आदिवासियों, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों आदि की आबादी की सटीक संख्या निर्धारित करने के लिए एक्सरे की आवश्यकता है। लोकसभा चुनाव से पहले बिहार में राहुल गांधी की यह पहली बड़ी रैली है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मंगलवार को पूर्णिया पहुंची। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पूर्णिया नहीं पहुंच सके। बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद ने कहा कि दृश्यता कम होने के कारण उनका (खड़गे का) विमान पूर्णिया हवाई अड्डे तक नहीं पहुंच सका। रैली को खरगे ने अपने एक वीडियो संदेश के जरिए संबोधित किया।

### विपक्षी गठबंधन खुद ही मर जाएगा : प्रल्हाद जोशी



**नई दिल्ली।** भाजपा ने मंगलवार को विपक्षी दलों के गठजोड़ इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) का, उसे "ब्रेन डेड" कहकर मजाक उड़ाया और कहा कि यह एक अप्राकृतिक गठबंधन है और जल्द ही अपनी मौत खुद ही मर जाएगा। केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि अन्य दलों के साथ झगड़ा करना कांग्रेस का स्वभाव है।

## बलात्कार पीड़िता को मिली 23 सप्ताह का गर्भ गिराने की अनुमति

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने अपने ऐतिहासिक फैसले में एक बलात्कार पीड़िता को 23 सप्ताह की गर्भावस्था को समाप्त करने की अनुमति दे दी और राज्य सरकार के स्वामित्व वाले अस्पताल को इस उद्देश्य के लिए एक मेडिकल बोर्ड गठित करने की सलाह भी दी है। अदालती सूत्रों ने मंगलवार को यहां यह जानकारी दी। 27 वर्षीय पीड़िता एक समस्या का सामना कर रही थी और 21 सप्ताह के बाद जब उसकी गर्भावस्था का पता चला तो वह एक दर्दनाक स्थिति में थी। देश के कानून के अनुसार 20 सप्ताह या उससे अधिक पुरानी गर्भावस्था को अदालत की अनुमति के बाद ही समाप्त किया जा सकता है। न्यायमूर्ति सब्यसाची भट्टाचार्य ने मामले की सुनवाई करते हुए दक्षिण कोलकाता के एमआर बांगुर अस्पताल को एक मेडिकल बोर्ड गठित करने का निर्देश दिया।

## जम्मू-कश्मीर में इंटरनेट प्रतिबंध पर समीक्षा आदेश अलमारी में रखने के लिए नहीं हैं

नई दिल्ली, एजेंसी

**उच्चतम न्यायालय ने की टिप्पणी**



उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में इंटरनेट सेवाओं की बहाली के लिए याचिकाओं पर विचार करने के समीक्षा आदेश अलमारी में रखने के लिए नहीं हैं। साथ ही न्यायालय ने प्रशासन से उन्हें प्रकाशित करने के लिए भी कहा।

न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ ने जम्मू-कश्मीर प्रशासन की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के.एम. नटराज को निर्देश लेने और सुनवाई की अगली तारीख पर अदालत को अवगत कराने के लिए दो सप्ताह का समय दिया। पीठ 'फाउंडेशन फॉर मीडिया प्रोफेशनल्स' द्वारा दायर एक आवेदन पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में इंटरनेट प्रतिबंधों पर केंद्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता वाली एक विशेष समिति द्वारा पारित समीक्षा आदेशों को प्रकाशित करने की मांग की गई थी। नटराज ने कहा कि याचिकाकर्ता समिति के विचार-विमर्श के प्रकाशन की मांग कर रहा है। इस पर पीठ ने कहा-समीक्षा आदेश किसलिए हैं? समीक्षा आदेश अलमारी में रखने के लिए नहीं हैं। कहा-समिति के विचार-विमर्श को प्रकाशित करना आवश्यक नहीं हो सकता है, लेकिन पारित समीक्षा आदेशों को प्रकाशित करना आवश्यक है।

## शुआट्स के कुलपति और अन्य को धर्मांतरण मामले में प्राप्त गिरफ्तारी से संरक्षण बढ़ा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कथित अवैध धर्मांतरण, दुष्कर्म और अनैतिक तस्करी के एक मामले में उत्तर प्रदेश के सैम हिगिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी और विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स) के कुलपति राजेंद्र बिहार लाल और संस्थान के कुछ अन्य अधिकारियों को प्राप्त गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण मंगलवार को बढ़ा दिया।

विश्वविद्यालय की एक पूर्व संविदा कर्मचारी ने उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में चार नवंबर, 2023 को उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार को कुलपति की याचिका पर एक सप्ताह के भीतर जवाब देने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा-अगली सुनवाई की तारीख तक अंतरिम आदेश जारी रहेगा।

## एक नजर

### राष्ट्रपति, मोदी ने महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर यहां राजघाट पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी गांधी के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रपिता के सम्मान में कुछ देर का मौन भी रखा गया मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा है कि मैं पूज्य बापू को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मैं उन सभी को भी श्रद्धांजलि देता हूं जो हमारे देश के लिए शहीद हुए हैं।

### मणिपुर में गोलीबारी में दो व्यक्तियों की मौत

**इंफाल।** मणिपुर में मंगलवार को एक शिविर पर अज्ञात बंदूकधारियों के हमले में दो ग्रामीण स्वयंसेवकों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना इंफाल पश्चिम और कांगपोकपी जिलों की सीमा पर लमशांग इलाके में कडांगबंद गांव के पास स्थित शिविर में हुई। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान 33 वर्षीय एन. माइकल और 23 वर्षीय एम. खाबा के रूप में हुई है।

## जब तक जीवित हूं, बंगाल में सीएए लागू नहीं होने दूंगी



**रायगंज (पश्चिम बंगाल)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने लोकसभा चुनाव से पहले सीएए का मुद्दा उठाने के लिए मंगलवार को भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि वह अपने जीवनकाल में राज्य में इसे लागू नहीं होने देंगी। उत्तर दिनाजपुर जिले के रायगंज में सार्वजनिक वितरण कार्यक्रम के दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने लाभ लेने के लिए, आगामी चुनावों से पहले नागरिकता (संशोधन) अधिनियम यानी सीएए का मुद्दा उठाया है। बनर्जी ने कहा, चुनाव नजदीक आते देख, भाजपा ने राजनीतिक लाभ लेने के लिए फिर से सीएए का मुद्दा उठाया है। लेकिन मैं जब तक जीवित हूं, पश्चिम बंगाल में इसे लागू नहीं होने दूंगी।

## प्रेम प्रसंग में शिक्षक ने 2 सहकर्मियों की गोली मारकर की हत्या

रांची, एजेंसी

**झारखंड के गोड्डा जिले के एक स्कूल में हुई वारदात**

झारखंड के गोड्डा जिले में एक सरकारी स्कूल के एक शिक्षक ने 'प्रेम प्रसंग' को लेकर अपने दो सहकर्मियों की कथित रूप से गोली मारकर हत्या कर दी और बाद में खुद को भी गोली मारकर बुरी तरह घायल कर लिया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना रांची से करीब 300 किलोमीटर दूर पोरइयाहाट के चतरा अपग्रेडेड स्कूल में पूर्वाह्न करीब 11 बजे घटी। गोड्डा के पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा ने बताया-दो शिक्षकों के शव स्कूल के एक कमरे में खून से लथपथ मिले जिनमें एक महिला थी। वहीं आरोपी शिक्षक भी गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिला है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि स्कूल के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने गोली चलने की आवाज सुनी तो वे वहां पहुंचे और कमरे को अंदर से बंद पाया। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचित किया। पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़ दिया लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी।

## संयुक्त परिवार का चलन समाप्त होने से वृद्धजनों की नहीं हो पा रही देखभाल

मुंबई, एजेंसी

**बंबई उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए की टिप्पणी**



बंबई उच्च न्यायालय ने मंगलवार को एक व्यक्ति को अपनी मां के घर को खाली करने का आदेश दिया जिस पर उसने और उसकी पत्नी ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा था। अपने फैसले में अदालत ने टिप्पणी की है कि संयुक्त परिवार प्रणाली के खत्म होने के कारण बुजुर्गों की उनके स्वजनों द्वारा देखभाल नहीं की जा रही है।

न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी और न्यायमूर्ति फिरदौस पूनीवाला की खंडपीठ ने कहा कि उम्र बढ़ना एक बड़ी सामाजिक चुनौती बन गई है और इसलिए वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल और सुरक्षा पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। पीठ ने कहा कि संयुक्त परिवार प्रणाली के खत्म होने के कारण, बड़ी संख्या में बुजुर्गों की देखभाल उनके परिवार द्वारा नहीं की जा रही है। इसके परिणामस्वरूप, कई बुजुर्ग व्यक्ति, विशेष रूप से विधवा महिलाएं अब अपने जीवन के अंतिम वर्ष अकेले बिताने को मजबूर हैं और भावनात्मक उपेक्षा का शिकार हो रहे हैं तथा भौतिक व वित्तीय सहायता की कमी से जूझ रहे हैं। यह आदेश उपमंडल अधिकारी और वरिष्ठ नागरिक रखरखाव न्यायाधिकरण के अध्यक्ष के सितंबर 2021 के आदेश के खिलाफ दिनेश चंदनशिवे द्वारा दायर याचिका पर पारित किया गया था, जिसमें उन्हें उपनगरीय मुलुंड में अपनी बुजुर्ग मां लक्ष्मी चंदनशिवे के आवास को खाली करने का निर्देश दिया गया था। महिला के अनुसार, 2015 में उसके पति की मृत्यु के बाद, उसका बेटा और बहू उससे मिलने आए और उसके बाद घर छोड़ने से इनकार कर दिया। उन्होंने कथित तौर पर उसे परेशान किया और उसे घर छोड़ने के लिए मजबूर किया। बाद में महिला अपने बड़े बेटे के साथ ठाणे में रहने लगी। उच्च न्यायालय ने याचिका खारिज कर दी और व्यक्ति और उसकी पत्नी को 15 दिनों के भीतर परिसर खाली करने का निर्देश दिया।

# बजट सत्र में हर मुद्दे पर चर्चा के लिए सरकार तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी

**सर्वदलीय बैठक में विपक्षी दलों को दिया गया आश्वासन**

सरकार ने मंगलवार को विभिन्न दलों के नेताओं से कहा कि वह 31 जनवरी से आरंभ हो रहे संसद के बजट सत्र में हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। बजट सत्र के मद्देनजर सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई थी जिसमें विभिन्न दलों के नेता शामिल हुए। बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि बैठक में बातचीत बहुत सौहार्दपूर्ण रही और सरकार इस छोटे सत्र के दौरान हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। लोकसभा चुनाव से पहले यह आखिरी सत्र है।

रक्षामंत्री और लोकसभा में सदन के उपनेता राजनाथ सिंह, संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी और संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बैठक में सरकार का प्रतिनिधित्व किया। संसद भवन परिसर में हुई इस बैठक में उपस्थित नेताओं में कांग्रेस के नेता कोडिकुनिल सुरेश, तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंद्योपाध्याय, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेता टी आर बालू, शिवसेना के राहुल शेवाले, समाजवादी पार्टी के नेता एस टी हसन, जदयू के नेता राम नाथ ठाकुर और तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के जयदेव गल्ला शामिल थे। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का बैठक में प्रतिनिधित्व करने वाले कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि उन्होंने असम में राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो-न्याय यात्रा पर हिंसक हमले और उस पर राज्य सरकार द्वारा लगाई गई पाबंदियों का मुद्दा उठाया। उच्च सदन में कांग्रेस के उप नेता तिवारी ने संवाददाताओं से कहा कि देश में अघोषित तानाशाही कायम है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद जैसे विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने के लिए सीबीआई और ईडी का दुरुपयोग कर रही है। इस बार 31 जनवरी से 9 फरवरी के बीच संसद सत्र होगा।

### सांसदों का निलंबन वापस लिया जाएगा

संसद के बजट सत्र में संसद में अनुकूल माहौल बनाने के लिए सरकार ने पिछले सत्र में निलंबित सांसदों का निलंबन वापस लेने का प्रस्ताव किया है और दोनों सदनों की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने में सहयोग की अपेक्षा की है। बुधवार से शुरु हो संसद के संक्षिप्त बजट सत्र से पहले मंगलवार को यहां हुई सर्वदलीय बैठक के बाद संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने सांसदों का निलम्बन वापस लेने के बारे में लोकसभा अध्यक्ष तथा राज्यसभा के सभापति से बात की है। उन्होंने कहा कि बैठक में कुल 30 दलों के 45 नेताओं ने हिस्सा लिया और सभी ने अनुकूल माहौल में अपनी बातें रखी। बैठक में सरकार ने सांसदों से आग्रह किया है कि यह 17वीं लोकसभा का आखिरी और बहुत छोटा सत्र हैं। सत्र में संसद का काम पूरा हो सके इसलिए सौहार्दपूर्ण माहौल में संसद चलाने और सदन में तख्तियां लेकर नहीं आएं।

## पीएफआई षड्यंत्र मामले में तीन लोगों के खिलाफ आरोप-पत्र दायर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने मुस्लिम युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और 2047 तक भारत में इस्लामी शासन स्थापित करने को उन्हें लड़ने के लिए हथियारों का प्रशिक्षण देने से संबंधित मामले में प्रतिबंधित पीएफआई के तीन कार्यकर्ताओं के खिलाफ आरोप-पत्र दायर किया है। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) की गैरकानूनी और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों पर रोकथाम की कार्रवाई करते हुए राजस्थान पीएफआई षड्यंत्र मामले में वाजिल अली, मुबारक अली और शमशेर खान के खिलाफ आरोप-पत्र दायर किया गया है।

# राहुल और जडेजा के चोटिल होने से बढ़ीं चयनकर्ताओं की मुश्किलें

## पहले टेस्ट मैच में मिली हार के बाद भारत की नजर श्रृंखला में वापसी करने पर

नई दिल्ली, एजेंसी

रविंद्र जडेजा और केएल राहुल के पहले टेस्ट मैच में चोटें लगने से चयनकर्ताओं के सामने दुविधा पैदा हो गई है कि उनकी जगह किन खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया जाए। दरअसल पहले मैच में मिली हार के बाद भारत की नजर दूसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड को हराकर श्रृंखला में वापसी पर है। जडेजा और राहुल ने हैदराबाद टेस्ट में पहली पारी में शानदार प्रदर्शन किया था लेकिन इंग्लैंड ने दूसरी पारी में शानदार प्रदर्शन करके मैच अपने पाले में कर लिया।



### 4 स्पिनरों के साथ उतर सकती है भारतीय टीम

भारतीय टीम इंग्लैंड की तरह ही 4 स्पिनरों और एक तेज गेंदबाज के साथ उतर सकती है। ऐसे में मोहम्मद सिराज पर कुलदीप को तरजीह मिलेगी ताकि सरफराज या वॉशिंगटन को मध्यक्रम में उतारा जा सके। जडेजा की ही तरह सौरभ बाएं हाथ के स्पिनर हैं और हाल ही में शतक भी लगा चुके हैं।

### रविंद्र जडेजा और राहुल का विकल्प तलाशना मुश्किल

जडेजा और राहुल दोनों ही मांसपेशियों में दर्द से जूझ रहे हैं। जडेजा की कमी पूरी कर पाना किसी के लिए भी मुश्किल है और राहुल वनडे और टेस्ट में भारतीय बल्लेबाजी की धुरी रहे हैं। विराट कोहली निजी कारणों से पहले दो टेस्ट से वैसे भी बाहर हैं। लिहाजा शुक्रवार से विशाखापत्तनम में शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में भारत के सामने कई चुनौतियां होंगी। चयनकर्ताओं ने सरफराज खान, सौरभ कुमार और वॉशिंगटन सुंदर को टीम में शामिल किया है। रजत पाटीदार हैदराबाद में भारत की 15 सदस्यीय टीम में थे। वह मध्यक्रम में राहुल की जगह ले सकते हैं, जबकि जडेजा की जगह कुलदीप यादव को उतारा जा सकता है।

### अनिल कुंबले ने कुलदीप यादव को दी तरजीह



स्पिनर अनिल कुंबले का मानना है कि अंतिम एकादश में कुलदीप को जगह मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर भारत को लगता है कि सिर्फ एक तेज गेंदबाज से काम चल जाएगा तो कुलदीप को टीम में रखना चाहिए। उसके पास विविधता है और विकेट टर्न ले सकता है। चार टेस्ट के अपने कॅरियर में अपनी प्रतिभा की बानगी दे चुके ऑफ स्पिनर वॉशिंगटन सुंदर भी चयन के दावेदार हैं। उन्होंने पांच पारियों में नाबाद 85 और नाबाद 95 रन बनाए हैं और दो विकेट भी लिए हैं।

### पूर्व चयनकर्ता ने दी 3 स्पिनरों के साथ उतरने की सलाह

पूर्व चयनकर्ता शरणदीप सिंह ने कहा कि हरफनमौला उपयोगी होता है लेकिन अंतिम एकादश में ज्यादा छेड़छाड़ नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि रजत पाटीदार को राहुल की जगह और जडेजा की जगह कुलदीप को उतारा जा सकता है। हमें इंग्लैंड की नकल करके चार स्पिनरों को उतारने की जरूरत नहीं है। अपनी धरती पर दो तेज गेंदबाज और तीन स्पिनर हमारी ताकत रहे हैं। हमें उसी पर अडिग रहना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि पारी की शुरुआत शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल को करनी चाहिए और रोहित शर्मा को तीसरे नंबर पर उतरना चाहिए।

# इंग्लैंड के खिलाड़ियों में भारत को मात देने की क्षमता : बेन स्टोक्स

विशाखापत्तनम, एजेंसी



इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि टीम में जिन खिलाड़ियों का चयन किया गया है वे भारत को उसकी धरती पर मात देने में सक्षम हैं। टॉम हार्टले ने अपने पहले टेस्ट में ही भारत की दूसरी पारी में 7 विकेट लेकर इंग्लैंड को 28 रन से यादगार जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

इंग्लैंड की टीम हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट में सिर्फ एक तेज गेंदबाज मार्क वुड के साथ मैदान में उतरी और उसकी यह रणनीति कामयाब रही।

स्टोक्स ने कहा कि कभी-कभी अनुभवहीनता को ज्यादा बढ़ा चढ़ाकर पेश किया जाता है। हालांकि इसमें संदेह नहीं कि अनुभवी खिलाड़ी इन परिस्थितियों में अधिक सहज महसूस करता है। इस दौरे के लिए हमने जिन स्पिनरों को चुना है, वे भारत को हराने का सबसे अच्छा मौका देंगे। हम चाहते हैं कि वे परिणाम के बारे में ज्यादा चिंता किए बिना अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करें।

# अक्षदीप सिंह ने पैदल चाल में अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

चंडीगढ़, एजेंसी

पेरिस ओलंपिक के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुके पंजाब के अक्षदीप सिंह ने राष्ट्रीय ओपन पैदल चाल स्पर्धा में मंगलवार को पुरुषों के 20 किलोमीटर वर्ग में अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा। रांची में राष्ट्रीय ओपन पैदल चाल स्पर्धा जीतकर ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले अक्षदीप ने एक घंटे 19 मिनट 38 सेकंड का समय निकालकर अपना ही एक घंटे 19 मिनट 55 सेकंड का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

उत्तराखंड के सूरज पंवार दूसरे स्थान पर रहे, उन्होंने पेरिस ओलंपिक का एक घंटे 20 मिनट 10 सेकंड का क्वालीफाइंग मार्क पार किया। उन्होंने एक घंटे 19 मिनट 43 सेकंड का समय निकाला। वह पेरिस ओलंपिक में पैदल चाल के लिए क्वालीफाई करने वाले चौथे भारतीय हैं।

प्रेमजीत सिंह बिष्ट और विकास सिंह भी क्वालीफाई कर चुके हैं। एक देश से तीन ही खिलाड़ी ट्रैक और फील्ड की व्यक्तिगत स्पर्धा में भाग ले सकते हैं और अब भारतीय एथलेटिक्स संघ को तय करना है कि इन चारों में से कौन पेरिस जाएगा। मंजू रानी ने 1:34:16 के समय के साथ महिलाओं की रेस वॉक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। रानी के बाद पोडियम पर पायल (1:34:45) और मुनिता प्रजापति (1:35:36) ने जगह बनाई।



**सूरज पंवार, प्रेमजीत सिंह बिष्ट ने पेरिस ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई**

# मुशीर का शतक, सुपर 6 मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड को 214 रन से रौंदा

## 296 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम 81 रन पर हुई ढेर

ब्लूमफोंटेन, एजेंसी

मुशीर खान के ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत भारत ने मंगलवार को अंडर-19 विश्वकप में सुपर-6 के पहले मुकाबले न्यूजीलैंड को 214 रनों से हरा दिया है। मुशीर खान ने 131 रन की शतकीय और आदर्श सिंह ने 52 रनों की अर्धशतकीय पारी खेलकर भारत ने न्यूजीलैंड के सामने 8 विकेट पर 295 रनों का स्कोर खड़ा किया।

296 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही। न्यूजीलैंड ने पहले ही ओवर में अपने सलामी बल्लेबाज टॉम जोन्स का विकेट शून्य पर गवां दिया। इसके बाद न्यूजीलैंड के विकेट लगातार गिरते चले गए। जेम्स नेल्सन 10 रन, कप्तान ऑस्कर जैक्सन 19 रन, जैक कमिंग16 रन, एलेक्स थॉम्पसन 16 रन बनाकर आउट हुए।

शेष बल्लेबाज दहाई के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। सौमी पांडे के 4 विकेट, मुशीर खान और राज लिंबानी के दो-दो विकेट, नमन तिवारी और अर्शीन कुलकर्णी के एक-एक विकेट की बदौलत भारत ने न्यूजीलैंड को 28.1 ओवर में 81 रन पर ढेर कर विश्व कप का पहला सुपर 6 मुकाबला जीत लिया।



**131** रन की पारी खेली मुशीर खान ने

**52** रन बनाए अदर्श सिंह ने 58 गेंदों में

### शुरुआती झटकों के बाद मुशीर ने संभाली पारी

टॉस जीतकर न्यूजीलैंड ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शुरुआत खराब रही और उसने सलामी बल्लेबाज अर्शिन कुलकर्णी का विकेट पांचवें ओवर की तीसरी गेंद पर खो दिया। इसके बाद आदर्श सिंह ने मुशीर खान के साथ दूसरे विकेट के लिए 77 रन जोड़े। आदर्श 58 गेंद में छह चौके की मदद से 52 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद कप्तान उदय सहारन ने मुशीर के साथ 87 रन की साझेदारी की। उदय 34 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद अरावेली अवनीश 17 रन, प्रियांशु मोलिया 10 रन, सचिन दास 15 रन बनाकर आउट हुए। इस बीच मुशीर खान ने शतक जड़ा। यह उनका इस टूर्नामेंट में दूसरा शतक है। मुशीर खान ने टूर्नामेंट में चार मैच की चार पारियों में 81.25 की औसत से 325 रन बना चुके हैं। इनमें दो शतक और एक अर्धशतक है। भारत ने निर्धारित 50 ओवरों में आठ विकेट पर 295 रन बनाए। न्यूजीलैंड की ओर से मेसन क्लार्क ने 4 विकेट लिए। रयान त्सोर्गस, इवाल्ड श्रेडर, जैक कमिंग और ओलिवर तेवतिया ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## खेल डायरी

### दीप्ति शर्मा टी-20 गेंदबाजों की रैंकिंग में दूसरे स्थान पर



**दुबई।** भारत की दीप्ति शर्मा एक पायदान चढ़कर आईसीसी महिला टी-20 गेंदबाजी रैंकिंग में मंगलवार को संयुक्त दूसरे स्थान पर पहुंच गई, जबकि भारत की रेणुका सिंह भी दसवें स्थान पर पहुंच गई हैं। दक्षिण अफ्रीका की स्पिनर नोंकुलुलेको एमलाबा 3 पायदान गिरकर दूसरे से पांचवें स्थान पर खिसक गई। दीप्ति के साथ पाकिस्तान की सादिया इकबाल दूसरे स्थान पर है, जबकि इंग्लैंड की सारा ग्लेन चौथे स्थान पर हैं। इंग्लैंड की स्पिनर सोफी एक्सेलेटन शीर्ष पर बनी हुई हैं। ऑलराउंडर की सूची में शीर्ष दस में कोई बदलाव नहीं है, इसमें दीप्ति चौथे स्थान पर बनी हुई हैं। बल्लेबाजों में भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना चौथे, जेमिमा रौड्रिग्स 13वें, शेफाली वर्मा 16वें और हरमनप्रीत कौर 17वें स्थान पर है। आस्ट्रेलिया की बेथ मूनी शीर्ष पर हैं, जबकि उनकी हमवतन ताहलिया मैकग्रा दूसरे स्थान पर हैं।

### हॉकी : भारत ने कीनिया को 9-4 से हराया

**मस्कट।** उत्तम सिंह की हैट्रिक की मदद से भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने मंगलवार को एफआईएच हॉकी 5 पुरुष विश्व कप के पांचवें से आठवें स्थान के वर्गीकरण मैच में कीनिया के खिलाफ 9-4 से शानदार जीत हासिल की। उत्तम ने तीन गोल किए, जबकि मंजीत, पवन राजभर, मनदीप मोर, गुरजोत सिंह ने एक-एक और मोहम्मद राहील ने दो गोल दागे। कीनिया के लिए मोसेस अडेंबा ने 3 और कप्तान इवान लुडियाली ने एक गोल किया। भारत ने शुरुआत से ही मैच पर पकड़ बनाए रखी। टीम ने शुरुआती मिनटों में कीनिया के गोलकीपर को कई बार चुनौती दी। भारत टूर्नामेंट में अब बुधवार को पांचवें और छठे स्थान का मैच खेलेगा। इससे पहले राहील की हैट्रिक के बावजूद भारत को क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड ने 7-4 से हरा दिया।

### मयंक की विमान में बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में भर्ती

**अगरतला।** कर्नाटक के कप्तान मयंक अग्रवाल की दिल्ली के लिए उड़ान भरने को तैयार विमान में तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया। मयंक अब खतरे से बाहर हैं। कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ के एक अधिकारी ने बताया कि मयंक फिलहाल अगरतला के एक अस्पताल में निगरानी में है। डॉक्टरों से अपडेट मिलने के बाद वापस बेंगलुरु ले जाएंगे। मयंक सूरत में रेलवे के खिलाफ अगला रणजी ट्रॉफी मैच नहीं खेलेंगे। त्रिपुरा क्रिकेट संघ के एक अधिकारी ने कहा कि टीम विमान में थी। मयंक ने शायद किसी तरल पदार्थ को पानी समझ कर पी लिया, जिसके बाद उन्हें बेचैनी महसूस होने लगी। उन्होंने विमान में कई बार उल्टी भी कर दी। इसके बाद वह विमान से उतर गए।



### त्रीशा-गायत्री दूसरे दौर में, अश्विनी-तनीषा से होगी भिड़ंत

**थाईलैंड मास्टर्स**

**बैंकॉक।** त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय जोड़ी ने मंगलवार को थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में कड़े मुकाबले में लोक लुइ और विंग युंग एनजी की हांगकांग की जोड़ी को हराकर महिला युगल के दूसरे दौर में जगह बनाई। छठी वरीय भारतीय जोड़ी ने पहले दौर के मुकाबले में एक घंटे और 14 मिनट में 16-21, 21-10 21-18 से जीत दर्ज की। त्रीशा और गायत्री अगले दौर में तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की हमवतन गैर वरीय जोड़ी से भिड़ेंगी। तनीषा और अश्विनी ने लिंग फैंग हू और शियाओ मिन लिन की चीनी ताइपे की जोड़ी को 21-13, 21-17 से हराया। पुरुष एकल में भारत के समीर वर्मा और एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रामण्यम दो क्वालीफाइंग मैच जीतकर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने में सफल रहे। समीर ने अमेरिका के होवार्ड शू को पुरुष एकल क्वालीफिकेशन के पहले दौर में 21-9, 21-16 से हराने के बाद चीनी ताइपे के कुआन लिन कुओ को 16-21, 21-16, 21-15 से हराकर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। मुथुस्वामी ने इंडोनेशिया के टॉमी सुगियार्तो को 9-21, 21-17, 21-12 से हराने के बाद थाईलैंड के कोराकृत लाओत्राकुल को 20-22, 21-10, 21-14 से हराकर मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया। समीर पहले दौर में हांगकांग के एनजी का लोंग एंगस जबकि मुथुस्वामी मलेशिया के जुन हाओ लियोंग से भिड़ेंगे।

# दिव्या देशमुख ने दर्शकों पर लगाया लिंगभेद का आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

**शतरंज खिलाड़ी दिव्या ने नीदरलैंड दौरे का साझा किया अनुभव**

भारतीय शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख ने आरोप लगाया है कि हाल ही में नीदरलैंड के विज्क आन जी में टाटा स्टील मास्टर्स के दौरान दर्शकों की ओर से लिंगभेद का सामना करना पड़ा।

नागपुर की 18 वर्ष की अंतर्राष्ट्रीय मास्टर ने सोशल मीडिया पर लंबी पोस्ट में अपने इस खराब अनुभव का ब्योरा दिया है। उन्होंने लिखा कि मैं काफी समय से इस पर बोलना चाहती थी लेकिन टूर्नामेंट खत्म होने का इंतजार कर रही थी। मैंने देखा है कि शतरंज में दर्शक महिला खिलाड़ियों को बहुत हलके में लेते हैं। हाल ही में खुद यह अनुभव किया। कुछ मैचों में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया जिस पर गर्व है। उन्हें लोगों ने बताया कि दर्शकों का ध्यान उनके खेल पर था ही नहीं बल्कि बाकी गैर जरूरी चीजों जैसे कपड़े, बाल, लहजे पर था।



देशमुख चैलेंजर श्रेणी में 4.5 स्कोर करके 12वें स्थान पर रहीं। उन्होंने कहा कि पुरुष खिलाड़ियों को उनके खेल के लिए जाना जाता है जबकि महिलाओं के मामले में उलटा है।

उन्होंने कहा कि वह इससे काफी दुखी थी। यह काफी दुखद है कि जब महिला शतरंज खेलती है तो वह कितना भी अच्छा खेले, लोग खेल पर ध्यान नहीं देते। महिला खिलाड़ियों को रोजाना इसका सामना करना पड़ता है। इतने साल तक यह सब झेला है। महिलाओं को भी समान सम्मान मिलना चाहिए।

# एआईएफएफ के महासचिव बर्खास्त

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय कप्तान बाईचुंग भूटिया ने अव्यवस्था के लिए अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे को जिम्मेदार ठहराते हुए मंगलवार को उनके इस्तीफे की मांग की, जबकि शाजी प्रभाकरन को महासचिव के रूप में दूसरी बार बर्खास्त किया गया।

एआईएफएफ की कार्यकारी समिति ने मंगलवार को प्रभाकरन को महासचिव पद से हटा दिया, जबकि इससे दो महीने से अधिक समय पहले सात नवंबर को विश्वास के उल्लंघन के लिए आपात समिति ने ऐसा ही किया था।

# मुंबई ओपन चैंपियनशिप 5 फरवरी से

मुंबई, एजेंसी



मुंबई ओपन टेनिस चैंपियनशिप में 31 देशों के खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे, इसका आयोजन 6 साल बाद मुंबई में 5 से 11 फरवरी तक होगा।

मुंबई ओपन के तीसरे सत्र में एकल वर्ग में शीर्ष 100 रैंकिंग में शामिल तीन खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जबकि युगल वर्ग में छह खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे। यह टूर्नामेंट डब्ल्यूटीए 1,25,000 डॉलर सीरीज का हिस्सा है। विश्व रैंकिंग में 82वें स्थान पर काबिज अमेरिका की कायला डे टूर्नामेंट के एकल में भाग लेने वाली 32 खिलाड़ियों में शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी हैं। वह 2016 में अमेरिकी ओपन में लड़कियों की एकल वर्ग की चैंपियन रही है। जापान की नाओ हिबिनो और फ्रेंच ओपन की पूर्व सेमीफाइनलिस्ट तमारा जिदानसेक एकल में शीर्ष 100 में शामिल दो अन्य खिलाड़ी है।

अंकिता रैना एकल मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय हैं। युगल में भारत की शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी प्रार्थना थोम्बरे और नीदरलैंड की उनकी जोड़ीदार एरियन हार्टोनो को मुख्य ड्रॉ में सीधा प्रवेश मिला है।

# बॉलीवुड हलचल

## स्वतंत्रता दिवस पर रिलीज होगी पुष्पा २





दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 इस साल 15 अगस्त को रिलीज होगी। अल्लू अर्जुन स्टारर पुष्पा द राइज की जबरदस्त सफलता के बाद अब मेकर्स इसका सीक्वल पुष्पा 2 लेकर आ रहे हैं। मेकर्स ने पुष्पा 2 का नया पोस्टर लॉन्च किया है। पुष्पा 2 : द रूल का पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा कि पुष्पा राज का शासन शुरू होने में बस 200 दिन बाकी। 15 अगस्त को दुनियाभर में होगी रिलीज। पुष्पा : द राइज को सुकुमार ने लिखा और निर्देशित किया था। फिल्म के निर्देशक सुकुमार और अभिनेता अल्लू अर्जुन मई के अंत तक पुष्पा 2 की शूटिंग खत्म करने की कोशिश में हैं। कहा जा रहा है कि अभी फिल्म की लगभग 100 दिनों की शूटिंग बाकी है, जिसे खत्म करने के लिए टीम अगले 5 महीनों तक लगातार शूटिंग करेगी।

### वीडियो में बोल्ड अंदाज में दिखने पर सोशल मीडिया पर ट्रोल हुईं साक्षी चोपड़ा


रामानंद सागर की पड़पोती साक्षी चोपड़ा की बोल्ड फोटोज और वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल होती हैं। साक्षी चोपड़ा इन दिनों अपने एक गाने को लेकर चर्चा में हैं। साक्षी चोपड़ा के गाने के नाम घोस्ट्स है। जिसको लेकर एक्ट्रेस खूब ट्रोल हो रही हैं। इस वायरल हो रहे गाने में साक्षी चोपड़ा बेहद बोल्ड अंदाज में दिखाई दीं। साक्षी चोपड़ा को उनके बोल्ड अंदाज को लेकर खूब ट्रोल हो रही है। साक्षी चोपड़ा के इस वीडियो पर कमेंट करते हुए यूजर्स उनकी तुलना उर्फी जावेद से करते हुए नजर आए तो वहीं फैंस को साक्षी चोपड़ा का ये बोल्ड अंदाज काफी पसंद आ रहा है। फैंस साक्षी चोपड़ा के इस डांस वीडियो की जमकर तारिफ करते हुए नजर आए।

## मुसाफिरा से बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं स्मृति सिन्हा

भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री स्मृति सिन्हा की पहली मराठी और हिंदी भाषा में रिलीज होने वाली फिल्म 2 फरवरी को सिनेमाघरों में होगी। स्मृति सिन्हा इस फिल्म के जरिये मराठी और हिंदी में डेब्यू कर रही हैं। वह इस फिल्म को लेकर वह बेहद उत्साहित हैं। इस फिल्म में उनके साथ पुष्कर जोग, पूजा सावंत, दिशा परदेशी और पुष्कराज चिरपुटकर मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म को लेकर स्मृति सिन्हा ने कहा कि यह उनके लिए शानदार मौका है अपनी प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर तक ले जाने का। पूरा भरोसा है कि उनका काम मराठी ऑडियंस को भी बेहद पसंद आएगा। साथ ही हिंदी भाषी लोगों को भी फिल्म मुसाफिरा अपनी ओर आकर्षित करेगी। स्मृति सिन्हा ने कहा कि उन्हें अपनी मेहनत और काबिलियत पर भरोसा है। उन्होंने हमेशा कोशिश की कि अपने हिस्से का किरदार पूरी संजीदगी से निभाएं, वह चाहे रियल लाइफ में हो या रील लाइफ में।



## तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया का टाइटल ट्रैक रिलीज



अभिनेता शाहिद कपूर और कृति सैनन की आने वाली फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया का टाइटल ट्रैक रिलीज हो गया है। शाहिद कपूर और कृति सैनन की जोड़ी जल्द ही रोमांटिक फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में नजर आएगी। इस फिल्म का निर्देशन अमित जोशी और अराधना शाह ने किया है। टाइटल ट्रैक में शाहिद और कृति के बीच बेहतरीन रोमांटिक केमिस्ट्री नजर आ रही है। यह गाना राघव और तनिष्क बागची द्वारा संगीतबद्ध किया गया है। इस गाने को दोनों ने असीस कौर के साथ मिलकर गाया है। इसके बोल बागची ने लिखे हैं। शेख जानी बाशा ने गाने की कोरियोग्राफी की है। दिनेश विजान निर्मित तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया 9 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी।

### सनी लियोनी ने नोएडा में खोला रेस्टोरेंट



बॉलीवुड अभिनेत्री सनी लियोनी ने फूड इंडस्ट्री के बिजनेस में कदम रखा है। सनी ने अपना खुद का रेस्टोरेंट शुरू किया है, जिसकी ओपनिंग राजधानी दिल्ली से सटे नोएडा शहर में की गई है। इसको लेकर सनी लियोनी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कुछ वीडियो और फोटोज भी शेयर की हैं। सनी लियोनी के रेस्टोरेंट का नाम चिका लोका है। सनी लियोनी ने बताया कि वह एक्टिंग और फिल्मों के साथ बिजनेस में कदम बढ़ा रही हैं। रेस्टोरेंट के अलावा वे और भी कई सारे आइडियाज में काम करना चाहती हैं।

### ऋतिक रोशन को कॉमेडी फिल्म करने का बेसब्री से इंतजार



ऋतिक रोशन इन दिनों अपनी फिल्म फाइटर को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इसी बीच ऋतिक रोशन ने कहा कि वह पिछले कुछ समय से कॉमेडी फिल्म करने का इंतजार कर रहे हैं। ऋतिक रोशन ने कहा कि वह एक कॉमेडी फिल्म करने के लिए उतावले हैं। लेकिन कोई स्क्रिप्ट नहीं मिली है। वह अमेरिकी कॉमेडी फिल्म हैंगओवर जैसी कहानी की तलाश में हैं। इस तरह से ऋतिक रोशन ने अक्षय कुमार और अजय देवगन को टक्कर देने के लिए सोच लिया है। दरअसल, अक्षय कुमार और अजय देवगन कॉमेडी फिल्में करते नजर आते हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) से प्रकाशित, पिन कोड-243005। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0581-2523333,0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# अपनी ही आकाशगंगा को खा रहा यह ब्लैक होल

नैनीताल कार्यालय



अपनी ही आकाशगंगा को खा रहा यह ब्लैक होल।

**अमृत विचारः** वैज्ञानिकों ने एक ऐसा आश्चर्यजनक ब्लैक होल खोज निकाला है, जो अपनी ही आकाशगंगा को खा रहा है। इस तरह की यह पहली खोज है, जो ब्रह्मांड के एक अजूबे रहस्य को उजागर करती है। वैज्ञानिकों का मानना है कि बिग बैंग के 400 मिलियन बाद यह ब्लैक होल अस्तित्व में आया था।

खोजकर्ता वैज्ञानिकों का मानना है कि ये ब्रह्मांड का सबसे पुराना ज्ञात ब्लैक होल है। हबल स्पेस टेलीस्कोप ने इसे खोजा है। इस आकाशगंगा का नाम जीएन- जेड11 है। यह एक महाविशाल प्राचीन ब्लैक होल है, जो इस आकाशगंगा के केंद्र में स्थित है। इस खोज में खगोलविदों की अंतरराष्ट्रीय टीम शामिल थी। वैज्ञानिकों का कहना है आधुनिक सिद्धांतों के अनुसार इस ब्लैक होल की उम्र 13 अरब वर्ष से अधिक हो सकती है। यह ब्लैक होल अपनी मेजबान आकाशगंगा को खा रहा है। प्रारंभिक ब्रह्मांड में ब्लैक होल की गतिविधि की नई जानकारी मिलती है। यह एक प्रकार से बेहद भूखे ब्लैक होल हैं। ब्रह्मांड इस तरह के ब्लैक होल और भी हो सकते हैं। यूके में कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के नेतृत्व में यह खोज की गई। याग ब्लैक होल आकार में हमारे सूर्य से लाखों गुना बड़ा है। खोजकर्ता वैज्ञानिकों का कहना है कि ब्रह्माण्ड में इतने बड़े ब्लैक होल की वजह प्रारंभिक आकाशगंगाओं के अत्यधिक गैस-समृद्ध होना हो सकता है।

### ब्रह्मांड की खोज का नया युग है यह दौर

नैनीतालः वैज्ञानिकों का कहना है कि ब्रह्मांड की खोज की दिशा में यह एक नए युग की शुरुआत है। वेब और हबल जैसी दूरबीनों के आ जाने से ब्रह्मांड की नित नई ऐसी जानकारी मिल रही है, जो हमारी कल्पनाओं से भी परे हैं और भविष्य में इस तरह की न जाने कितने रहस्य उजागर होंगे, जिनके बारे में हम कभी सोच भी नहीं सकते।

## 10 भारतीय मछुआरों को दो वर्ष की सजा

**कोलंबो।** श्रीलंका की एक अदालत ने देश के जलक्षेत्र में मछली पकड़ने के लिए, 10 भारतीय मछुआरों को दो वर्ष की निलंबित सजा सुनाई।

उत्तरी जाफना प्रायद्वीप के पॉइंट पेड्रो के मजिस्ट्रेट ने सोमवार को सजा सुनाते हुए नौका के मालिक को 24 अक्टूबर को अगली सुनवाई के दौरान अदालत में पेश होने का आदेश भी दिया। अवैध रूप से मछली पकड़ने के मामले में नौका जब्त की जा चुकी है। दो साल की जेल की सजा को पांच साल के लिए निलंबित करने का मतलब है कि मछुआरे वास्तव में जेल नहीं जाएंगे बल्कि उनकी सजा पांच साल के लिए निलंबित कर दी गई है। 23 दिसंबर को गिरफ्तार किए गए ये मछुआरे तीन बार अदालत में पेश हो चुके हैं।

# भारत ने इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष के लिए द्विराष्ट्र समाधान का किया समर्थन : जयशंकर

मुंबई, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि भारत दशकों पुराने इजराइल-फलस्तीन संघर्ष को समाप्त करने के लिए द्विराष्ट्र समाधान का समर्थन करता है। उन्होंने कहा कि अक्टूबर की शुरुआत में यहूदी देश के अंदर हमास के हमलों के बाद गाजा पट्टी में युद्ध भड़क उठा है जिसकी समाप्ति का कोई संकेत नहीं दिखता।

भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), मुंबई के छात्रों के साथ बातचीत में एक सवाल का जवाब देते हुए, जयशंकर ने कहा कि यह निश्चित रूप से भारत का और बहुत बड़ी संख्या में देशों का विचार है कि द्विराष्ट्र समाधान ही कारगर हो सकता है जहां इजराइल [illegible] राष्ट्र होना चाहिए। तो आज हमारे लिए सभी पहलू हैं। हम एक पहलू नहीं ले सकते और यह नहीं कह सकते कि यही एकमात्र पहलू है।

### क्षमता और प्रतिष्ठा के लिए जरूरी है हम मदद करें



लाल सागर में मर्चेंट नेवी के पोतों पर हमले और क्षेत्र में भारतीय नौसेना के पोतों की तैनाती के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत की क्षमता, अपने हित और प्रतिष्ठा के लिए आज जरूरी है कि वह कठिन परिस्थितियों में वास्तव में मदद करें। जयशंकर ने कहा कि भारतीय नौसेना ने इस क्षेत्र में अपने 10 पोत तैनात किए हैं। अधिकारियों ने बताया भारतीय युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा ने सोमालिया के पूर्वी तट पर ईरानी झंडा लगे मछली पकड़ने के जहाज पर समुद्री डाकुओं के हमले के बाद उस पर सवार चालक दल के 19 पाकिस्तानी सदस्यों को बचाया। आईएनएस सुमित्रा को अदन की खाड़ी और सोमालिया के पूर्व में समुद्री दस्यु रोधी और समुद्री सुरक्षा अभियानों के लिए तैनात किया गया है।

## एक नजर

### म्यांमार में अवैध रूप से गोला-बारूद रखने के आरोप में सात गिरफ्तार

**यांगून।** म्यांमार पुलिस ने पूर्वी प्रांत शान में अवैध रूप से हथियार और गोला-बारूद रखने के आरोप में सात संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। सरकारी म्यांमार समाचार एजेंसी ने मंगलवार को रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस को खुफिया जानकारी मिली थी कि अवैध रूप से हथियारबंद संदिग्ध लोगों का एक समूह ताचिलेइक शहर में मोबाइल दुकान पर आ रहा है। सूचना के मिलने के बाद पुलिस ने 26 जनवरी को दुकान से संदिग्ध हथियाबंद लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में दो थाईलैंड और अन्य पांच म्यांमार के नागरिक शामिल हैं। पुलिस ने उनके पास से चार पिस्तौल, सात मैगजीन तथा 62 गोलियां सहित गोला-बारुद जब्त किया है। संदिग्धों में से एक को थाईलैंड और म्यांमार अधिकारियों ने नशीली दवाओं के मामलों में वांछित भगोड़ा बताया गया था। संदिग्धों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

### नाइजीरियाई सेना के हवाई हमले में मारे गए 30 संदिग्ध अपहरणकर्ता

**अबुजा।** नाइजीरिया के पश्चिमोत्तर प्रांत कदुना में सेना की ओर से सप्ताहांत में किए गए हवाई हमले में कम से कम 30 संदिग्ध अपहरणकर्ता मारे गए हैं। नाइजीरियाई वायु सेना के प्रवक्ता एडवर्ड गैबक्वेट ने कहा कि खुफिया रिपोर्ट के बाद एक अभियान चलाया गया था। एक सैन्य लड़ाकू जेट ने कदुना के बिरनिन ग्वारी इलाके में 15 मोटरसाइकिलों के काफिले में सवार संदिग्धों की गतिविधियों को देखा गया था। उन्होंने कहा कि आपराधिक समूह उसी क्षेत्र में सैनिकों पर घात लगाकर किए गए हमले के लिए जिम्मेदार था। उन्होंने बिरनिन ग्वारी में निर्दोष नागरिकों पर कई हमले किए और अपहरण की वारदात का भी अंजाम दिया था। उन्होंने कहा कि संदिग्ध अपहरणकर्ताओं का पीछा किया गया और उन पर सटीक हमला कर उनका खात्मा किया गया।

### पाकिस्तान ने माच जेल पर हमले को किया विफल, पांच आतंकवादी ढेर

**कराची।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत की माच जेल पर आतंकियों ने रॉकेट और अत्याधुनिक हथियारों से हमला कर दिया, लेकिन सुरक्षा बलों ने कम से कम तीन समन्वित हमलों को विफल कर दिया और एक प्रतिबंधित समूह के कम से कम पांच आतंकवादी मार गिराया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सोमवार रात कम से कम 15 रॉकेट केंद्रीय माच जेल को निशाना बनाते हुए दागे गए। इस जेल में कई खतरनाक आतंकवादियों और ऐसे कैदियों को रखा गया है। बलूचिस्तान के कार्यवाहक सूचना मंत्री जान अचकजई ने कहा पाकिस्तानी सेना और फ्रंटियर कांस्टेबुलरी बलूचिस्तान ने इन हमलों को विफल करने के लिए बेहद तेजी से कार्रवाई की।

### बलूचिस्तान में इमरान की पार्टी रैली में विस्फोट, चार की मौत

**इस्लामाबाद।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी की एक रैली में बलूचिस्तान में मंगलवार को हुए विस्फोट में चार लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। यह विस्फोट सिबी शहर में जिन्ना रोड पर उस समय हुआ जब पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के नेशनल असेंबली उम्मीदवार की एक चुनावी रैली वहां से गुजर रही थी। सिबी में जिला मुख्यालय अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बाबर ने चार लोगों के मारे जाने और पांच अन्य लोगों के घायल होने की पुष्टि की। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस हमले की जगह पर पहुंची और अपराधियों की तलाश शुरू की। पीटीआई पार्टी ने कहा कि विस्फोट के जरिये पार्टी समर्थित उम्मीदवार सद्दाम तरीन की एक चुनावी रैली पर हमला किया गया, जो निर्वाचन क्षेत्र से आगामी चुनाव लड़ रहे हैं। पार्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, हम इस हृदयविदारक घटना की कड़ी निंदा करते हैं और मांग करते हैं कि पीटीआई कार्यकर्ताओं के बजाय आतंकवादियों के खात्मे पर ध्यान दिया जाना चाहिए।

# खान यूनिस में अब तक इजरायली सेना ने दो हजार फिलिस्तीनी लड़ाकों को मार गिराया

## दावाः गाजा पट्टी पर तीन माह में लगभग 9,000 हमास के लड़ाकों का हो जा चुका है सफाया

यरुशलम, एजेंसी

**30** से 40 हजार के बीच है हमास सैनिकों की संख्या

**26,600** से अधिक लोग मारे गए हैं गाजा पट्टी में अब तक

इजरायली सेना ने दक्षिणी गाजा पट्टी के खान यूनिस शहर में एक अभियान के दौरान 2,000 से अधिक फिलिस्तीनी लड़ाकों को मार गिराया। इजरायली रक्षा बल (आईडीएफ) के प्रवक्ता आर.डी. एम.एल. डैनियल हगारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

प्रवक्ता हगारी ने कहा कि हाल के सप्ताहों में आईडीएफ के जवान हमास बटालियनों के सैन्य ढांचे को नष्ट करने का काम कर रहे हैं। हमने पहले ही पूर्वी खान यूनिस में हमास के दो बटालियनों को नष्ट कर दिया है और अब हम पश्चिम की ओर बढ़कर इस काम को अंजाम दे रहे हैं। अभियान में कई कमांडरों को मार गिराया है और कई भाग गए हैं, कुछ ने आत्मसमर्पण कर दिया है, या गिरफ्तार किए गए हैं और बचे हुए आतंकवादी असंगठित आतंकवादी कृत्यों को अंजाम दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पूरे खान यूनिस में हमने 2,000 से अधिक आतंकवादियों को मार गिराया है। इजरायली सेना का दावा है कि गाजा पट्टी पर इजरायली आक्रमण के बाद से तीन महीनों में लगभग 9,000 हमास के लड़ाकों का सफाया किया जा चुका है। विभिन्न कयासों के अनुसार हमास सैनिकों की कुल संख्या 30,000 से 40,000 के बीच है। गौरतलब है कि सात अक्टूबर, 2023 को गाजा पट्टी को नियंत्रित करने वाले फिलिस्तीनी चरमपंथी संगठन ने इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और इजरायल की सीमा में घुसकर 1,200 से अधिक लोग मारे डाला था और लगभग 240 अन्य का अपहरण कर लिया था। वहीं, इजरायल ने जवाबी हमले शुरू किए, गाजा की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया, और हमास लड़ाकों को खत्म करने और बंधकों को सुरक्षित बचाकर लाने के घोषित लक्ष्य के साथ फिलिस्तीनी इलाके में जमीनी स्तर पर हमला शुरू किया। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि गाजा पट्टी में अब तक 26,600 से अधिक लोग मारे गए हैं।



### गाजा से हटने और आतंकवादियों की रिहाई से नेतन्याहू ने किया इनकार

**यरुशलम।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को कहा कि गाजा से कोई सैन्य वापसी या जेल में बंद हजारों आतंकवादियों की रिहाई नहीं होगी। फिलहाल चल रही अप्रत्यक्ष संघर्ष विराम वार्ता में हमास की तरफ से रखी गई यह दो मांग प्रमुख हैं। कब्जे वाले पश्चिमी तट में एक कार्यक्रम के दौरान, उन्होंने एक बार फिर संकल्प जताया कि हमास पर पूर्ण विजय के बिना युद्ध समाप्त नहीं होगा। उन्होंने कहा कि हम अपने सभी लक्ष्यों को हासिल किए बिना युद्ध खत्म नहीं करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम गाजा पट्टी से इजरायली सेना को नहीं हटाएंगे और हजारों आतंकवादियों को रिहा नहीं करेंगे।

### इजराइली सेना का अस्पताल में हमला, तीन आतंकवादी ढेर

**जेनिन।** असैन्य महिलाओं और चिकित्सा कर्मियों के भेष में इजरायली बलों ने मंगलवार को वेस्ट बैंक में एक अस्पताल पर हमला किया, जिसमें एक नाटकीय हमले में तीन फिलिस्तीनी आतंकवादियों की मौत हो गई। इससे पता चलता है कि गाजा में युद्ध से क्षेत्र में कितनी घातक हिंसा फैल गई है। फिलिस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इजराइली बलों ने जेनिन कस्बे में स्थित इब्न सिना अस्पताल के वार्डों में गोलीबारी शुरू कर दी। मंत्रालय ने हमले की निंदा की और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का आह्वान किया कि अस्पतालों में इस तरह के अभियानों पर रोक लगाने के लिए इजराइल की सेना पर दबाव बनाया जाए। अस्पताल के प्रवक्ता ने कहा कि दोनों तरफ से गोलीबारी नहीं हुई जिससे संकेत मिलता है कि यह निशाना साधकर लोगों को मारने का मामला है। सेना ने कहा कि आतंकवादी छिपने के लिए अस्पताल का इस्तेमाल कर रहे थे। हालांकि उसने इस बाबत सबूत पेश नहीं किए। उसने आरोप लगाया कि हमले में जिन लोगों पर निशाना साधा गया उनमें से एक ने सात अक्टूबर को दक्षिण इजराइल पर हमास के हमले के बाद एक सुनियोजित हमले के लिए अन्य लोगों को हथियार और गोला-बारूद पहुंचाए थे।

# इमरान और कुरैशी को सिफर मामले में 10 साल की सजा



पूर्व प्रधान मंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के उप नेता शाह महमूद कुरैशी की बेटी गौहर बानो कुरैशी (बाएं) और पत्नी महरीन कुरैशी ने अदियाला जेल के बाहर अदालत के फैसले के बाद मीडिया से बात की। ● एजेंसी

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान की राजनीति में मंगलवार को उस समय तूफानी घटनाक्रम सामने आया जब सरकारी गोपनीयता कानून मामलों की विशेष अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को सिफर मामले में मंगलवार को 10 साल की सजा सुनाई। सुनवाई की शुरुआत में खान और कुरैशी को पाकिस्तान दंड संहिता की धारा 342 के तहत एक प्रश्नावली दी गई।

खान की ओर से बयान दर्ज करने के बाद अदालत ने उनसे सिफर के ठिकाने के बारे में पूछा, जिस पर उन्होंने जवाब दिया कि मैंने अपने बयान में यही कहा है जो मुझे नहीं पता। सिफर मेरे कार्यालय में था। सुनवाई के बाद न्यायाधीश ने दोनों नेताओं को 10 साल जेल की सजा सुनाई। फैसला सुनाने के बाद न्यायाधीश अदालत कक्ष से बाहर चले गए। कुरैशी ने यह कहते हुए विरोध जताया कि उनका बयान दर्ज नहीं किया गया। विशेष अदालत का



शाह महमूद कुरैशी और इमरान खान

यह फैसला पाकिस्तान में आगामी आठ फरवरी को होने वाले संसदीय चुनाव से नौ दिन पहले आया है। इस चुनाव में पाकिस्तान तहरी-ए-इंसाफ पार्टी सरकार की सख्ती के बीच और बिना किसी चुनावी चिह्न के भी चुनाव लड़ रही है। बदले घटनाक्रम में अब खान और कुरैशी दोनों नेता अगले पांच साल के लिए कोई चुनाव नहीं लड़ सकते। इस बीच एक नेता ने एक्स पर लिखा कि पाकिस्तान इमरान और कुरैशी के साथ खड़ा है। दोनों ने देश को बचाने का काम किया है और हकीकी आजादी के लिए खड़े हुए हैं। सिफर मामले में कानून का पूरी तरह से मजाक बनाया गया और उसकी अवहेलना की गई है। दोनों को न्याय दिलाने की हम प्राथमिक जिम्मेदारी नहीं भूलेंगे।

# भारतीय मूल के युगल को ऑस्ट्रेलिया में कोकीन भेजने के आरोप में ठहराया दोषी

लंदन, एजेंसी



▶▶ भारत ने की आरोपियों के प्रत्यर्पण की मांग, टूलबॉक्स की आड़ में छिपाकर विमान से भेजी थी कोकीन

ब्रिटेन में भारतीय मूल के युगल को ऑस्ट्रेलिया में आधे टन से अधिक कोकीन भेजने का दोषी ठहराया गया है। जांच के बाद पता चला कि वे एक कंपनी से जुड़े थे। उन्होंने कंपनी के नाम पर धातु के टूलबॉक्स की आड़ में छिपाकर कोकीन विमान से ऑस्ट्रेलिया भेजी थी। भारत ने आरोपियों के प्रत्यर्पण की मांग की है।

जांच एजेंसी ने सोमवार को एक बयान में कहा कि मई 2021 में सिडनी पहुंचने पर ऑस्ट्रेलियाई सीमा बल ने 5.7 करोड़ पाउंड की कोकीन पकड़ी और राष्ट्रीय अपराध एजेंसी (एनसीए) के जांचकर्ताओं ने इसे भेजने वाले की पहचान ईलिंग के हनवेल की 59 वर्षीय आरती धीर और 35 वर्षीय कवलजीत सिंह रायजादा के रूप में की। धीर और रायजादा ने ऑस्ट्रेलिया में कोकीन भेजने और धन शोधन के आरोपों से इनकार किया है। सोमवार को साउथवार्क क्राउन कोर्ट में सुनवाई के बाद न्यायाधीशों की जूरी ने उन्हें निर्यात के 12 मामलों और धन शोधन के 18 मामलों में दोषी ठहराया। ऑस्ट्रेलिया में बेचे जाने पर इन नशीले पदार्थों की कीमत 5.7 करोड़ पाउंड तक होती, जहां कीमतें ब्रिटेन की तुलना में काफी अधिक हैं। ब्रिटेन में थोक में एक किलोग्राम कोकीन की कीमत लगभग 26,000 पाउंड प्रति किलोग्राम है।




ह्यूस्टन में एक हवाई बैनर पर लिखा है, ब्रह्मांड जय श्रीराम का नारा लगा रहा है। अयोध्या श्रीराम मंदिर अभिषेक समारोह के एक सप्ताह बाद एक विमान के माध्यम से ह्यूस्टन के आसमान पर दिखा यह दृश्य। ● एजेंसी

# ह्यूस्टनः लहराया 'जय श्री राम' का बैनर

**ह्यूस्टन।** अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के एक सप्ताह के बाद भी भारतीय अमेरिकियों के बीच उत्साह का माहौल है और अमेरिका के ह्यूस्टन शहर में हवाई जहाज से एक बैनर लहराया गया जिस पर लिखा था यूनिवर्स चैंट्स जय श्रीराम यानी ब्रह्मांड में गूंज रहा जय श्री राम का मंत्र।

ह्यूस्टन में पिछले दिनों कंपकंपाती सर्दी और बारिश के बाद परंपरागत भारतीय परिधान पहने भारतवंशी लोग गुजरात समाज और अन्य स्थानों पर जमा हुए। वे भगवा झंडे हाथ में लिए हुए जय श्री राम के नारे लगा रहे थे। जिस विमान पर यह बैनर लहराया गया, उसके पायलट का भी जय श्री राम के नारे लगाकर अभिनंदन किया गया। आयोजकों ने पूरे ह्यूस्टन में अपनी तरह के पहले हवाई बैनर के बारे में प्रचार किया। भारतीय मूल के लोग आसमान में निहारते रहे। इसके लिए प्रचार करने वाले फ्लायर पर लिखा था आसमान पर नजर रखें और जब आप अपने इलाके में विमान को देखें तो जय श्रीराम के नारे लगाएं। इस शो के आयोजक उमंग मेहता ने कहा कि 500 साल के संघर्ष के बाद श्री राम मंदिर के उद्घाटन का उत्सव मनाने के लिए इस कार्यक्रम की कल्पना की गई।

# पड्र्यू विश्वविद्यालय में लापता भारतीय छात्र की मौत की पुष्टि

**वाशिंगटन।** अमेरिका के इंडियाना राज्य में स्थित प्रतिष्ठित पड्र्यू विश्वविद्यालय के लापता भारतीय छात्र की मौत हो गई है। विश्वविद्यालय ने इसकी पुष्टि की। भारतीय छात्र नील आचार्य रविवार को लापता हो गया था। पड्र्यू के परिसर में मौरिस जे. जुक्रो प्रयोगशाला के पास नील का शव मिलने के बाद टिप्पेकेनो काउंटी कोरोनर कार्यालय के अधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई।

▶▶ **28 जनवरी से लापता था नील आचार्य आखिरी बार उबर चालक ने देखा था**

विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर विज्ञान विभाग के अंतरिम प्रमुख क्रिस क्लिफ्टन ने सोमवार को विभाग को भेजे एक ईमेल में कहा कि बहुत दुख के साथ मैं आपको सूचित कर रहा हूं कि हमारे एक छात्र नील आचार्य का निधन हो गया है। नील की मौत की पुष्टि से पहले उसकी मां गौरी आचार्य ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा था कि हमारा बेटा नील आचार्य 28 जनवरी से लापता है। वह अमेरिका में पड्र्यू विश्वविद्यालय में पढ़ता है। आखिरी बार उसे उबर चालक ने देखा था।

# राष्ट्रपति मुइज्जू मांगे भारतीय पीएम से माफीः जम्हूरी पार्टी

माले, एजेंसी



मालदीव में जम्हूरी पार्टी के नेता जसीम इब्राहिम ने राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू से भारत और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से औपचारिक रूप से माफी मांगने और द्विपक्षीय संबंधों को सुधारने के लिए राजनयिक सुलह करने का अनुरोध किया है। इब्राहिम की यह मांग चीन समर्थक माने जाने वाले मुइज्जू की उन टिप्पणियों के संदर्भ में की गई है जिसमें इस महीने की शुरुआत में उन्होंने किसी देश का नाम लिए बगैर भारत को धमकाने वाला देश बताया था।

राष्ट्रपति मुइज्जू ने मालदीव के तीन मंत्रियों द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ सोशल मीडिया पर अपमानजनक टिप्पणियों को लेकर भारत के साथ राजनयिक विवाद के बीच 13 जनवरी को चीन की पांच दिवसीय हाई-प्रोफाइल यात्रा के बाद स्वदेश लौटने पर कहा था कि हम छोटे (देश) हो सकते हैं लेकिन इससे उन्हें हमें धमकाने का लाइसेंस नहीं मिल जाता। जम्हूरी पार्टी ने यह मांग तब की है जब एक दिन पहले ही विपक्षी मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) ने सोमवार को कहा कि उसकी मुइज्जू पर महाभियोग चलाने के लिए एक प्रस्ताव रखने की तैयारी है। मीडिया से बातचीत में राष्ट्रपति मुइज्जू से हाल में एक साक्षात्कार के दौरान की गई विवादित टिप्पणियों के लिए भारत और प्रधानमंत्री मोदी से औपचारिक रूप से माफी मांगने को कहा।

# 'भारत और सिंगापुर उभरती तकनीक पर कर रहे हैं काम'

**सिंगापुर।** सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त शिल्पक अंबुले ने कहा कि भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन (आईएसएमआर) द्वारा चिह्नित किए गए नए क्षेत्रों में काम जारी है जिनमें खाद्य सुरक्षा, हरित विकास एवं उभरती तकनीक शामिल है।

अंबुले ने 75वें गणतंत्र दिवस समारोह संबंधी एक कार्यक्रम में कहा कि आईएसएमआर ने सहयोग के विशिष्ट स्तंभों की पहचान की है और खाद्य सुरक्षा, डिजिटल परिवर्तन, हरित विकास और उभरती प्रौद्योगिकियों के इन नए क्षेत्रों में काम जारी है। आईएसएमआर नेताओं के नेतृत्व वाला मंच है जो तेजी से बदल रहे भू-राजनीतिक घटनाक्रम और आपूर्ति में मौजूदा व्यवधानों को देखते हुए पारस्परिक रूप से लाभप्रद सहयोग के अवसरों का पता लगाता है।

**फैसला** कॉस्मेटिक उत्पादों में रसायनों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध, ऐसा करने वाला पहला देश बना न्यूजीलैंड

# त्वचा पर दुष्प्रभाव डाल सकते हैं ऐसे उत्पाद

वेलिंगटन, एजेंसी

न्यूजीलैंड ने कॉस्मेटिक उत्पादों में रसायनों के इस्तेमाल पर हमेशा के लिए प्रतिबंध लगा दिया है और ऐसा करने वाला यह पहला देश बन गया है। पर्यावरण संरक्षण प्राधिकरण (ईपीए) के अनुसार सौंदर्य प्रसाधनों में इन रसायनों पर प्रतिबंध लगाना चल रही प्रतिक्रिया का हिस्सा है जिसमें न्यूजीलैंड के पर्यावरण में सभी पीएफएएस-अग्निशामक फोम को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करना और पीएफएएस के पृष्ठभूमि स्तरों का परीक्षण करना शामिल है।

ईपीए के पुनर्मूल्यांकन प्रबंधक शॉन प्रेसो ने कहा कि पीएफएएस का उपयोग कभी-कभी नेल पॉलिश, शेविंग क्रीम, फाउंडेशन, लिपस्टिक और मस्कारा जैसे उत्पादों में किया जाता है। इन्हें त्वचा को चिकना करने या अधिक टिकाऊ, फैलने योग्य और पानी प्रतिरोधी बनाने के लिए उपयोग किया जाता है।

प्रेसो ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय शोध से पता चलता है कि पीएफएएस केवल कुछ ही उत्पादों में पाए जाते हैं लेकिन न्यूजीलैंड पीएफएएस से संभावित जोखिमों के लिए एहतियाती दृष्टिकोण अपनाता है। पीएफएएस पर निर्णय कॉस्मेटिक उत्पाद समूह मानक में किए गए कई अद्यतनों में से एक है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कॉस्मेटिक उत्पाद सुरक्षित हैं और नियम अंतर्राष्ट्रीय विकास के साथ बेहतर ढंग से संरेखित हैं। उन्होंने कहा कि पीएफएएस पर प्रतिबंध लगने और अन्य बदलावों के प्रभावी होने से पहले हम बदलाव का प्रबंधन करने के लिए उद्योग के साथ जुड़ना जारी रखेंगे। ऑकलैंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के स्कूल ऑफ साइंस के प्रोफेसर एलन ब्लैकमैन ने कहा कि जैसा कि पिछले साल ईपीए ने संकेत दिया था, सौंदर्य प्रसाधनों में पीएफएएस पर प्रतिबंध इस तरह लागू किया जाएगा कि पीएफएएस युक्त सौंदर्य प्रसाधनों का आयात और निर्माण 2026 के अंत में बंद हो जाएगा तथा इनकी आपूर्ति 2027 के अंत में बंद हो जाएगी।



### मानव स्वास्थ्य जोखिमों को कम करने के लिए अहम निर्णय

ब्लैकमैन ने कहा कि यह पहला कदम उठाने के बाद यह देखना दिलचस्प होगा कि नॉन-स्टिक कुकवेयर और वाटरप्रूफ कपड़ों जैसे अन्य पीएफएएस स्रोतों के साथ क्या होता है। पर्यावरण विज्ञान और अनुसंधान संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक जोखिम मूल्यांकनकर्ता अभिषेक गौतम ने कहा कि सौंदर्य प्रसाधनों में 'हमेशा के लिए रसायनों' के जानबूझकर उपयोग पर प्रतिबंध उनकी संभावित दीर्घकालिक विषाक्तता के कारण मानव स्वास्थ्य जोखिमों को कम करने के लिए महत्वपूर्ण निर्णयों में से एक है। गौतम ने कहा कि ये रसायन हालांकि प्रकृति में सर्वव्यापी हैं और इसलिए किसी भी गैर-अनुपालन की जांच के लिए सौंदर्य प्रसाधनों में इनकी नियमित रूप से निगरानी की जानी चाहिए।

# तकनीकी मुद्दे पर ब्रिक्स की बैठक में हिस्सा नहीं लेगा सऊदी अरब

**मॉस्को।** रूस के उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव ने मंगलवार को कहा कि सऊदी अरब एक तकनीकी मुद्दे के कारण मॉस्को में ब्रिक्स देशों के शेरपाओं और सूस-शेरपाओं की बैठक में हिस्सा नहीं ले रहा है।

रयाबकोव ने कहा कि सऊदी अरब के हमारे समकक्ष एक जनवरी को समूह में शामिल होने के बाद पहले ही ब्रिक्स से जुड़े कार्यक्रमों में भाग ले चुके हैं। सऊदी अरब के शेरपा बैठक में शामिल नहीं होने के अलग-अलग कारण हो सकते हैं, लेकिन यह एक तकनीकी मुद्दा है। उन्होंने कहा कि सऊदी अरब की राजधानी रियाद में चल रही सभी आंतरिक चर्चाओं को पूरा करने के बाद देश के समूह की सभी बैठकों में भाग लेने की संभावना है।